CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

4.4
CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिमाचल का लोक संगीत

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

[illegible]

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिमाचल का लोक संगीत

लेखक
केशव आनन्द

संगीत नाटक अकादेमी
रवीन्द्र भवन, फ़िरोज़शाह रोड, नई दिल्ली-110001

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

© : लेखक

मूल्य : Rs. 70/-

प्रथम संस्करण : 1982

प्रकाशक : संगीत नाटक अकादेमी, रवीन्द्र भवन, फ़िरोज़शाह रोड, नई दिल्ली-110001

मुद्रक : वार्ष्णेय प्रिंटिंग प्रेस, दिल्ली-110032

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

समर्पण

परमादरणीय गुरु महाराज
स्वर्गीय माताजी-पिताजी

पूजनीय बंधु-बांधव तथा प्रियजनों
व
अनाम लोक-संगीत रचयिताओं को

साद्र समर्पित

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आमुख

प्रस्तुत प्रयास, हिमाचल के अथाह लोक-संगीत सागर में से चंद बूंदें हैं, जो लोक-संगीत के सच्चे, स्वाभाविक मूल रूप के संरक्षण व प्रयास में व्यक्तिगत तथा संस्थागत प्रयत्नों को शायद कुछ प्रेरणा दे सकें।

इस प्रयास के लिए, मुझे अनेक सहृदय वंधुओं का सहयोग मिला है, जिनका मैं हृदय से आभारी हूं। विशेषतया, स्व० नानी अयोध्यादेवी, बहिन श्रीमती लक्ष्मीदेवी, श्रीमती कमलादेवी, चित्रलेखा, मातातुल्य श्रीमती साहिबदेवी, बहिनतुल्य श्रीमती चम्पादेवी, श्रीमती सुभद्रादेवी, मित्रों व सहयोगियों विशेषतया श्री हीराज़ोर नेगी, श्री टशी लग्यल, स्व० रामदास राही, डॉ० चुन्नीलाल, श्री शौकियाराम, श्री हरिराम चौधरी व श्री भगतराम, गद्दी श्री उदमी, श्री बद्री व श्री मखौली का इसके लिए मुझ पर बहुत आभार है। धर्मपत्नी श्रीमती देवेन्द्रा शर्मा व परिवार के अन्य सदस्यों से मिली प्रेरणा व मदद भी इस प्रयास में बहुत सहायक रही है।

केशव आनन्द

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अनुक्रमणिका

	पृष्ठ
लोक-संगीत	१-४
उद्भव	१
अभिप्राय	२
हिमाचल का लोक-संगीत	४-५
(अ) लोक गीत प्रकरण	५-६
(i) क्षेत्रीय गीत—नाम, विषय, स्वरूप आदि विवेचन	५-७
(ii) शैलियां	७-६
(iii) प्रकार	६-६८
समय-विशेष के लोकगीत	६-२५
अवसर विशेष के लोकगीत	२५-७६
खेती विषयक लोकगीत	७६-७७
लोरी	७७-७८
देवी-देव स्तुति गीत	७८-८४
शौर्य गाथा गीत	८४-८५
राष्ट्रनायक गीत	८५-८६
देश रक्षा विषयक गीत	८६-८७
देश प्यार के गीत	८७-८६
विविध विषयक गीत	८६-६६
गिद्धा गीत	६६-६८
गंगी	६८
(iv) संगीत पक्ष	६८-१६८
स्वर-लय-संरचना	६८-६६
राग, स्वर-संरचना विवेचन तथा स्वरलिपि	६६-१०२

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वर-लिपि-खण्ड १०३-१६८

(क) किन्नरी गीत १०३-१०५
(बीश गीत, फुल्याच, पोर देवता, सांगीथङ, रेमा)

(ख) स्पीतियन गीत १०५-१०७
(देवस्तुति, गृहस्थ जीवन की स्तुति, देश प्यार का गीत, शिक्षा गीत)

(ग) पंगवाली गीत १०८
(नायिका गीत, विवाह गीत, नेहरू गीत)

(घ) लाहुली गीत १०९-११०
(गुरूघंटाल का गीत, दलाई लामा का गीत, शादी का राग, रात्रि का राग)

(ङ) कुल्लूई गीत १११-११३
दशहरा गीत, घुशालचंद ठाकरा, ब्यूहाई, बाबा त्रिलोकीनाथ, वक्षावा)

(च) महासुई गीत ११४-११८
(अंचली, महात्मा गांधी, हाड़े दुर्गे, विदाई गीत, जानकीमंगल, चुपुती, झामकुलो, चरणू का वार, बिंची, शिव स्वागत, शिव विदाई)

(छ) सिरमौरी गीत ११८-१२३
हिमाचल सौन्दर्य वर्णन, काब्लो होरे कौंदिए, गिद्धा, बिशु की नाटी, रेणुका की भेंट, हरुल—२, भर्तृहरि, झूरी)

(ज) बिलासपुर, लोअर महासू के गीत १२४-१५५
(महीने का गीत, चैत्र गीत, छिंज, लोरी, गूजरी, चमासा, पहिया—२, संध्या, धुप्पू, बरलाज, रली गीत, लोहड़ी, गुग्गा, ब्यूहाई, वधाई, नैणा देवी की भेंट, गंगी, गिद्धे, मांहगी रा पेवका, विवाह गीत)

(झ) मंड्याली गीत १५५-१५९
(भुइणी देवी की भेंट, चीना मीना चानणी, किस—२ मुलखाते, छिंज, नाचबढ़ो, भजन, धुप्पूदेहल, ब्यहाई)

(ञ) उना-हमीरपुर-कांगड़ा के गीत १६०-१६३
(भ्यागड़ा, छमाहड़ा, सुहाग, ब्यूहाई, सिठणी, बाबा बालकनाथ, गिद्धा, गराएं देआ लम्बरा)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(ट) चम्ब्याली गीत १६३-१६८
(वसोआ, कुंजड़ी, सिठणी, शिव स्तुति, घोड़ी, सुंदरू लोहारिए, सीकरिए धारे)

(ठ) गद्दी गीत १६५-१६७-१६८
(शिव, राम, शिव, कृष्ण)

लय-ताल विवेचन १६६-१७२

(ब) लोक नृत्य १७२-१९९
सामान्य परिचय १७२-१७३
क्षेत्रीय सर्वेक्षण १७३-१९९

(स) लोक वाद्य व ताल १९९-२०७
लोक वाद्य १९९-२००
वर्ग विशेषीय ताल २०१-२०७

(द) भविष्य २०७-२०८

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोक संगीत

उद्भव

आदि मानव ने अपने आस-पास जब नदियों की कल-कल, हवा से झूमती पत्तियों की सरसराहट, पक्षियों का कलरव, जीव-जंतुओं की ध्वनियां, प्रचण्ड वेग से बहती वायु की सांए-सांए, मेघ की गर्जना, समुद्र-कल्लोल सुना होगा, तो उसका मन-मस्तिष्क अवश्य प्रतिध्वनित हुआ होगा, उसने इन ध्वनियों के सार्थक अभिप्राय अवश्य ढूंढे होंगे, और जीवन के अनेक पक्षों में संचार-संवाद की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये इनका उपयोग करने का प्रयत्न किया होगा, समार्थं, सम-प्रकृत ध्वनियाँ स्वयं उत्पन्न करने का अवश्य प्रयास किया होगा।

अपने अस्तित्व के लिये, प्रकृति के साथ संघर्ष-रत यहाँ-वहाँ छितरे संचार-संवाद की समस्या के समुचित समाधान के लिए मुख-हस्त जन्य ध्वनियों को दुर्बल पाया होगा तो कार्य-सिद्धि के लिए, उसने सबल विकल्प ढूंढने के प्रयास किए होंगे और फलतः घन-वाद्य सुषिर वाद्य का आरम्भिक रूप सामने आया होगा, जिसका प्रयोजन मात्र केवल विभिन्न आशय की सूचनाएँ देना रहा होगा।

प्रकृति की अनंत व अद्भुत शक्तियों से अचंभित आदि मानव जब सृष्टि के गूढ़ रहस्यों को न समझ पाया होगा, तो रचयिता के विचार ने उसे गहन आश्चर्य में डाला होगा, रचयिता के प्रति भय-मिश्रित आश्चर्य-जनित आस्था से उसका मस्तक नत हुआ होगा, और सर्व-शक्तिमान के नाम पर दैवी-शक्तियाँ, देवी-देवता अस्तित्व में आये होंगे। सर्व-शक्तिमान के रूप में माने गए ये देवी-देवता पूर्ण रूपेण सक्षम तो होने ही हुए, अस्तु प्रत्येक कार्य में इनका हस्तक्षेप अनिवार्य माना गया, और चाहे किसी कार्य में सफलता हेतु, चाहे सफलता के उप-लक्ष में समारोह हेतु, चाहे सुख-संपदा के लिए, चाहे दैवी-प्रकोपों से रक्षा के लिये, हर स्थिति में इनकी सम्मति, इनकी आज्ञा, इनकी स्तुति, इनका पूजन, परमावश्यक समझा गया। ये कार्य सामूहिक रूप में संपन्न होने वाले थे, अस्तु सूचनार्थ प्रयोज्य घन-सुषिर वाद्य देवस्थल पर ही रख दिए गए होंगे। कालांतर में ये वाद्य देव-वाद्य कहलाए, इनमें सुधार हुआ, वृद्धि हुई।

कार्य-सिद्धि की अवस्था में हर्षोल्लास तो स्वाभाविक ही है। हर्षोल्लास में मन झूमने लगे, अंग-प्रत्यंग थिरकने लगें, तो कुछ भी आश्चर्य नहीं। देव-स्थल पर, सफलता के उपलक्ष में आयोजित समारोह के लिए एकत्रित जन-समूह की प्रसन्नता का पारावार न होता होगा। मन में हिलोरें लेती प्रसन्नता की अभिव्यक्ति में कभी आदि मानव के अंग-प्रत्यंग भी लहराए होंगे, हाथ झूमें होंगे, पाँव थिरके होंगे। देव वाद्यों ने इस उमंग में आदि मानव का साथ दिया होगा, और इस प्रकार नृत्य की अवतारना हुई होगी। कालान्तर में यह नृत्य निखरा, इसमें विविधता आई, विलक्षणता आई।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हर्ष-विषाद के क्षणों में मन: स्थिति को अंग-प्रत्यंग के अतिरिक्त वाणी ने भी व्यक्त करना चाहा होगा। परिणाम स्वरूप रसोचित ध्वनियाँ जन्मी होंगी। आदि मानव ने हर्ष-विषाद को व्यक्त करने के लिये एकाकी अथवा सामूहिक रूप में इन ध्वनियों को अधिक सार्थक बनाया होगा। कालान्तर में, जब शाब्दिक भाषा का प्रादुर्भाव हुआ होगा, तब ध्वनियाँ यथोचित शब्द-संयोग सहित उच्चरित हुई होंगी, और फिर शाब्दिक भाषा में सुव्यवस्था समृद्धि व परिपक्वता के साथ यथोचित शब्दाकार में पिरोई हुई संगीतोपयोगी ध्वनियाँ रसानुसार प्रभावोत्पादक हुई होंगी। फिर शब्द चित्र बने होंगे, उनमें ध्वनियों के रंग भरे गए होंगे, और इस प्रकार जन्मा होगा गीत-संगीत।

देव-स्थल के वाद्य, प्रसन्नता की अभिव्यक्ति में शारीरिक झूम व सस्वर देवी-देव स्तुति कालान्तर में देवस्थल से बाहर भी आनी आरम्भ हुई होंगी, बाहरी परिस्थितियों की माँग के अनुसार प्रयोग में परिवर्तन आए होंगे, कुछ नवीन रूप उभरे होंगे और इस प्रकार गीत-वाद्य-नृत्य में विविधता-सरसता आई होगी। हिमाचल के सन्दर्भ में देव-स्थल से बाहर आया संगीत, अधिकतर समारोहों में देवी-देवताओं को भी संग लाता रहा होगा, जिसके अनेक प्रमाण आज भी उपलब्ध हैं।

गीत-वाद्य-नृत्य के रूप समय की करवट के साथ विकसित होते गए। इनमें निखार आया, विविधता आई, विलक्षणता आई। इनमें विकास का यह क्रम अब भी जारी है, और यह भविष्य में भी जारी रहेगा। वाद्य व नृत्य की अपेक्षा, गीत पक्ष के विकास का क्रम अधिक गतिवान है।

अभिप्राय

लोक मानस की किसी भी अनुभूति की अभिव्यक्ति के लिये स्वर-ताल व नृत्य का आश्रय ही, लोक संगीत का जन्मदाता है। स्वर, ताल अथवा नृत्य में से किसी एक के अथवा दो के या सबके आश्रय से अभिव्यक्त लोक मानस की कोई भी अनुभूति लोक संगीत है, इसमें तनिक भी संशय नहीं।

परिभाषा के नाम पर काल, स्थिति, स्थानविशेष व कार्यरत व्यक्तिविशेष के अनुसार लोक संगीत को अनेक प्रकार से परिभाषित किया गया है। सन् १९५४ में, लोक संगीत की अंतर्राष्ट्रीय परिषद् ने, लोक संगीत की यह परिभाषा स्वीकार की :—

"लोक संगीत, साँगीतिक परम्परा का वह परिणाम है, जो वाणी के माध्यम से अस्तित्व में आया है। साँगीतिक परम्परा को लोक संगीत की दिशा में विकसित करने के लिए, ये तथ्य उत्तरदायी ठहराए जा सकते हैं :—

(अ) वैयक्तिक अंतर-भेद अथवा रूपान्तरण, जिसका उद्गम एक व्यक्ति अथवा समूह की रचनात्मक अंत: प्रेरणा है।

(ब) वर्तमान को भूत से जोड़ने वाला जन-समुदाय।

(स) साँगीतिक परम्परा में जन-समुदाय विशेष की पसंद के अनुसार किया गया चुनाव, जो संगीत के भावी रूप को निश्चित करता है।

लोक संगीत, उस संगीत को कहा जा सकता है, प्राकृत अवस्था से जिसका उद्भव, उस जन-समुदाय विशेष द्वारा हुआ है, जो लोकप्रिय व कलापूर्ण संगीत से अप्रभावित रहा हो। लोक संगीत उस संगीत को भी कहा जा सकता है, जो आरम्भ में तो एक व्यक्तिविशेष की

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

निजी रचना थी, लेकिन कालान्तर में वह एक जन-समुदाय-विशेष के जीवन में, अलिखित, अमर परमारा बन कर समा गई। रचा गया लोकप्रिय वह संगीत, जो मूल रूप में ही जन-समुदाय द्वारा ग्रहण कर लिया जाता है, और जो अपरिर्वतित रहता है, उसे लोक संगीत नहीं कहा जाएगा, क्योंकि जन समुदाय द्वारा, संगीत को प्राप्त होने वाला कतिपय परिर्वतित पुनर्जात रूप ही इसे लोक रंग प्रदान करता है।''

लोक संगीत की इस परिभाषा का आधार अधिकांश रूप में, ''सैसिल शार्प''का, सन् १९०७ का इस विषय-संबंधी निर्धारण है। इस परिभाषा के अनुसार लोकगीत अपनी प्राकृतिक अवस्था में वह पद्य व संगीत है, जिसका उद्गम व प्रसार वाणी के माध्यम से हुआ है, न कि लेखन व मुद्रण के माध्यम से। जन समुदाय में लोक-गीतों का स्थान संतोषजनक व चिरस्मरणीय बना रहे, इसके लिए यह आवश्यक है कि लोक-गीतों का आधार कतिपय दृढ़ नियम तो हों, लेकिन उनमें निरंतर वैयक्तिक भेद-अंतर आता रहे, रूपान्तरण होता रहे। लोक-संगीत की इस परिभाषा में लोक गीतों की रचना के लिए अनिवार्य उपभाषा, वैयक्तिक व सामूहिक के परस्पर संयोग और परम्परा व नवीनता में परस्पर संश्लेषण का चिरस्थायी संघर्ष अंतर्निहित है।

लोक संगीत के संबंध में १९वीं शताब्दी में प्रश्न उठाया गया था। प्रश्न था ''क्या लोक संगीत का उद्गम सामुदायिक है ? क्या लोक-संगीत की रचना, वैयक्तिक न होकर जन-समुदाय अथवा जन-समूह द्वारा की गई है ?''

लोक संगीत का उद्भव वास्तव में क्या है, इसका यह स्पष्टीकरण दिया गया :—

''भावावेश में अथवा नीरस कार्य से ध्यान हटाने के प्रयास में मानव गीत रचने को उद्यत होता है। इस गीत की रचना के लिए वह किसी प्राचीन धुन का आश्रय भी ले सकता है या फिर इस हेतु वह कोई नवीन धुन भी बना सकता है। इस धुन में फिर गीतकार तात्कालिक मनः स्थिति के अनुसार यथोचित शब्द पिरोता है और इस प्रकार लोक-गीत जन्म लेता है। जब इस लोक-गीत को दो व्यक्ति गाते हैं, तो धुन में कुछ परिवर्तन, कुछ अंतर प्रतीत होता है। जब यह लोक-गीत तीसरे व्यक्ति के पास पहुंचता है और वह इसे गाता है, तो धुन में पर्याप्त अन्तर भी आ सकता है, या फिर धुन का मूल रूप भी सुनने को मिल सकता है। इस प्रकार आगे से आगे, एक लोक-गीत की प्रसार क्रिया में, इसकी धुन में आने वाला अंतर विकासोन्मुख हो, इसे मांज भी सकता है, धुन को मधुर, लोकप्रिय भी बना सकता है, और इसके विपरीत ह्रास की दिशा में धुन का अंतर अथवा धुन की एकरसता लोक-गीत को लुप्त भी कर सकती है।''

'बेला बारतोक' को संगीत रचना के संदर्भ में कृषकों की योग्यता पर संदेह था। उन्होंने लिखा—''कृषक-वर्ग निजी रूम में सर्वथा नई धुनें बनाने में सक्षम है, यह संदेहास्पद है। इस सम्बन्ध में कोई तथ्यपूर्ण विवरण नहीं है। रहा प्रश्न कृषक वर्ग की साँगीतिक प्रवृति का, सो उससे भी किसी प्रकार पक्ष की पुष्टि नहीं होती।''

बारतोक के एक समदेशी कहते हैं—''लोक संगीत रूपान्तरण की एक अत्युत्तम कला है। रूपान्तरण का बोध, लोकगीत के जीवन, लोकगीत के विकास के सामर्थ्य-बल का विश्वास दिलाता है और इसकी अभिव्यक्ति तब तक विद्यमान रहती है, जब तक लोकगीतों में लचक रहती है, रूपान्तरण के गुण रहते हैं।''

लोक-संगीत के संबन्ध में कुछेक जर्मन पंडितों, विशेष रूप में 'हाँस नौमन' के अनुसार ''कला

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के प्रत्येक रूप की तरह गीत भी मूलत: शिक्षित वर्ग में विकसित होता है। शिक्षित वर्ग से, समाज के विभिन्न वर्गों में से होता हुआ यह गीत फिर निम्न वर्ग तक पहुँचता है, जहाँ उसकी क्षीणावस्था लोक-गीत के रूप में प्रचलित रहती है। समाज के शिक्षित वर्ग से निम्न वर्ग तक पहुँचते, गीत की यह क्षीणावस्था, लोकगीत, वास्तव में, सुन्दर साँगीतिक व काव्यमय इस मूल संस्कृति का अस्पष्ट अथवा कभी-कभी अपभ्रँशित रूप है। लोक-संगीत, इस प्रकार शिक्षित वर्ग से अशिक्षित निम्न वर्ग को प्राप्त होने वाली एक सांस्कृतिक धरोहर है।"

'पी० कोयरी' व अन्य फ्रांसिसी लोकसाहित्यकारों के मतानुसार, एक गीत कालान्तर में लोक-गीत भले ही बन जाए, लेकिन मूलत: वह लोक-गीत नहीं होता।

हिमाचल का लोक संगीत

हिमाचल का लोक-संगीत उतना ही प्राचीन है, जितना यहाँ का लोक जीवन। हिमाचल के आदि मानव ने भी ध्वनि का प्रयोग किसी न किसी रूप में तभी से किया होगा, जब से उसका अस्तित्व हुआ। ध्वनि, ध्वनि यन्त्रों व हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति में अंग-प्रत्यंग की थिरकन का अपरिष्कृत रूप, संगीत की शास्त्रोक्त परिभाषा को कदाचित चरितार्थ न कर पाया हो, परन्तु इतना निश्चित है कि संगीत के विकसित रूप की नींव वही है। यह सही है कि लोक-संगीत का प्रारम्भिक जो भी रूप बना, जीवन की अनिवार्य आवश्यकता ही उसकी जननी थी, न कि सुख-साधन की आकाँक्षा। तभी अविष्कारक अथवा रचयिता की अपेक्षा आविष्कार अथवा रचना का महत्त्व सर्वोपरि रहा, और अस्तित्व के संघर्ष की तीव्रता में आविष्कार व रचना अथवा इनका रूपान्तरण जीवित रहा, इनका प्रणेता नहीं। किसी समस्या के समाधान हेतु साधन रूप में क्या रचा गया, क्या अविष्कृत हुआ, यही महत्त्वपूर्ण था। जिज्ञासा यहीं तक सीमित थी। किसने रचा, कब रचा यह सर्वथा गौण था। यह जानने के लिए न तो अवकाश ही था, न ही इसकी आवश्यकता समझी गई। रचयिता अथवा आविष्कारक को भी इसकी चिन्ता नहीं थी। शायद ही उसके विचार में भी यह बात आई हो कि रचना के साथ उसका भी नाम रहे। परिणाम स्वरूप, वाद्ययन्त्र, नृत्य-रूप और गीत-संगीत, रक्षा, सफलता, स्तुति अथवा हर्षोल्लास की आवश्यकता ने जिसे भी जन्म दिया, वह अथवा उसका रूपान्तरण तो जीवित रहा, उसका विकास हुआ, परन्तु जन्मदाता सर्वथा विस्मृत रहा। सरल शब्दों में लोक-संगीत निरंतर रचा जाता रहा, विकसित होता रहा, प्रचलित होता रहा लेकिन लोक-संगीतकार सदैव विस्मृति के गाल में जाता रहा। अस्तु, लोक-संगीत रचना ने नाम पाया, लोक-संगीतकार अनाम रहा। अस्तित्व के लिए कटु-संघर्ष के आदि युग में ही ऐसा हुआ, यह बात नहीं है। यह, जितना तब सत्य था, उतना ही अब भी है। आज के उन्नत विकसित युग में, जबकि संघर्ष अस्तित्व के लिए नहीं, वरन् जीवन स्तर को ऊँचा करने, सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिए है और लोक-संगीत का मुख्य प्रयोजन मनोरंजन है, तब भी इसका प्रणेता, लोक-संगीतकार अनाम ही है। कदाचित् लोक-संगीत रचना इतनी मधुर, इतनी आकर्षक, इतनी सम्मोहक होती है कि इसके समक्ष, इसके रचयिता का अस्तित्व ही निर्मूल हो जाता है। अपनी रचना की मोहिनी में लीन, लोक-संगीतकार भी कदाचित यही चाहता है कि वह नहीं, वरन् उसकी रचना लोकप्रिय बनें। अथवा किसी भी कारण वश, रचना के लिए प्रेरित लोक-संगीतकार की रुचि उस कारण की अपनी प्रतिक्रिया को शब्द, स्वर-लय का स्वरूप प्रदान कर देने तक ही सीमित है। जो भी हो, लोक-संगीतकार की विस्मृति उसकी रचना की लोकप्रियता के पक्ष में ही जाती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोक-गायक, लोक-वादक व लोक-नर्तक की स्थिति लोक-संगीतकार से कतिपय भिन्न है। यद्यपि इन लोक-कलाकारों की रुचि भी बहुधा कला प्रदर्शन तक ही सीमित रहती हैं, नाम की इन्हें भी अधिक चिंता नहीं, कला को भली-भाँति निभाने की लग्न होती है, उसमें एक अद्‌भुत आत्मतोष की प्राप्ति का स्वार्थ रहता है, नाम की उतनी लालसा नहीं। तथापि, लोक-गायक, लोक-वादक व लोक-नर्तक का कार्य क्योंकि प्रदर्शन से सम्बद्ध है और इस नाते दर्शक व श्रोता से उसका प्रत्यक्ष संपर्क है, इसलिए वह अनाम नहीं रह पाता। मंच, रेडियो, टेलीविज़न व विज्ञापन के अन्य साधनों की चमक-दमक आज के युग में इन लोक-कलाकारों में नाम की लालसा भी उत्पन्न कर दे, तो आश्चर्य नहीं।

गीत वाद्य तथा नृत्य त्रयं संगीतमुच्चते

शास्त्रोक्त संगीत शब्द में गीत, वाद्य व नृत्य, इन तीनों पक्षों का समावेश है। गायन, वादन व नृत्य, इन तीन कलाओं के सम्मिलित रूप से संगीत की परिभाषा पूर्ण होती है। हिमाचल के लोक-संगीत में भी, संगीत के ये तीनों पक्ष विशिष्ट रूप से दृष्टिगोचर होते हैं। तीनों ही पर्याप्त समृद्ध हैं, तीनों में अलौकिक आकर्षण है, सम्मोहन है, विविधता है, सौंदर्य है, व्यापकता है, रोचकता है, रंजकता है। हिमाचल के लोक-संगीत की अत्यधिक लोकप्रियता इन तीन कला पक्षों के माधुर्य, वैचित्र्य व आकर्षण ही का परिणाम है।

लोक-गीत प्रकरण

हिमाचल के लोक-गीत रंजक होने के अतिरिक्त विविध हैं, व्यापक हैं। लोक-जीवन का कोई भी क्षेत्र इनसे अछूता नहीं रह पाया है। विषयानुरूप गीत के शब्द अलंकार सरल व लोक-रंगी होते हुए भी इतने समुचित, इतने सारगर्भित हैं कि रचयिता की सूझ का लोहा मानना पड़ता है। समय की गति से भी रचयिता पिछड़ा नहीं है और उसने अपने आस-पास की कोई भी घटना, कोई भी परिवर्तन अनदेखा नहीं किया है।

क्षेत्रीय गीत-नाम, विषय, स्वरूप आदि विवेचन

हिमाचलीय गीतों की संरचना सरल, स्वाभाविक, सार्थक व सार गर्भित है। गीत विषय प्रायः देवी-देवता, मंदिर, गण मान्य व्यक्ति, श्रृंगारिक नायक-नायिकाएँ, पर्व, मेले, स्थान, ॠतुएँ, घटनाएँ, पौराणिक तथा अन्य कथानक आदि हैं। गीतों में विषय-वर्णन, वर्णन में उपयुक्त शब्द, विभक्तियाँ, उपमाएँ अत्यन्त रोचक व अद्वितीय हैं।

प्रदेश के सीमावर्ती किन्नौर व लाहुल-स्पीति क्षेत्रीय गीतों में स्थान, नाम व कथानक आदि अनिवार्य भेदों के साथ, गीतों का विषय-स्वरूप, कथानक वर्णन, गीत रचना शैली एक-सी है। गीत संरचना व कथानक वर्णन का अपना एक विशेष ढंग है। किन्नौर में गीत को 'गीथङ' तथा स्पीति में 'लू' कहा जाता है। स्पीति व साथ लगते किन्नौर क्षेत्र के कुछ गीत तो साँझे भी हैं। गीत अधिकतर नृत्य गीत हैं।

लाहुल व पाँगी की गीत संरचना शैली, गीत स्वरूप व विषय एक से हैं। गीत संरचना शैली अपने ढंग की है। पाँगी में गीत को 'घीत्' व लाहुल में पुराने गीतों को 'घुरे' तथा नए गीतों को 'गीत' ही कहा जाता है। दोनों क्षेत्रों के कुछ गीत साँझे भी हैं।

कुल्लू के गीत, स्थूल विषयवस्तु की दृष्टि से तो चाहे प्रदेश के अन्य क्षेत्रीय गीतों से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साम्य रखते हैं, परन्तु गीत का स्वरूप, गीत-संरचना शैली, कुल्लूई गीतों की भी अपनी विशेष है। इस शैली का प्रभाव, साथ लगते महासू, मण्डी तथा काँगड़ा क्षेत्रीय गीतों में स्पष्ट दृष्टि-गोचर होता है। गीत अधिकतर नृत्य गीत हैं। गीत को 'राग' कहा जाता है। गीत के आरम्भ में लय-मुक्त गाए जाने वाले शृंगारिक कुछ बोल 'बाम्हणू' 'भौरु' आदि कहलाते हैं। कुल्लू नगर में गाए जाने वाले कुछ विशेष अवसरीय गीत, काँगड़ा के गीतों जैसे ही हैं बल्कि बहुत से गीत साँझे है। साथ लगते अन्य क्षेत्रों के भी कुछ गीत साँझे हैं।

ऊपरी महासू व सिरमौर के ऊँचे क्षेत्रों के गीतों में पर्याप्त साम्य है। अधिकतर गीत नृत्य गीत हैं, इसीलिए गीत को 'नाटी' की संज्ञा प्राप्त है। विषय के अतिरिक्त, न केवल गीत का स्वरूप, गीत संरचना शैली एक सी है, बल्कि पर्याप्त गीत ही साँझे हैं। ऊपरी महासू का प्रसिद्ध लय-मुक्त गीत प्रकार 'लामन' सिरमौर में तथा सिरमौर का प्रसिद्ध गीत प्रकार 'झूरी', महासू में भी गाया जाता है। ऊपरी महासू के कुछ गीतों की संरचना, कुल्लूई शैली से प्रभावित है। बल्कि ऐसा भी माना जाता है, कि 'नाटियों के क्षेत्र में कुल्लू, ऊपरी महासू का पथ-प्रदर्शक है, किसी सीमा तक यह धारणा सही भी है। इन क्षेत्रों में गीत-संरचना की एक विशेषता यह भी है कि कदाचित् ही कोई ऐसा प्रसंग, ऐसी घटना रहती हो, जिसे गीत रूप नहीं मिलता।

सोलन का जो क्षेत्र सिरमौर के ऊपरी क्षेत्र से लगता है, वहाँ का गीत-संगीत उस क्षेत्र के गीत-संगीत से मिलता जुलता है। कुछ गीत दोनों क्षेत्रों के साँझे हैं। अधिकतर गीत, नृत्य-गीत हैं और नाटी कहलाते हैं। सोलन के निचले क्षेत्र में निचला महासू व नालागढ़ क्षेत्र आते हैं। इन क्षेत्रों का गीत-संगीत, प्रदेश के निचले भाग के गीत-संगीत से मिलता है। निचले महासू क्षेत्र का जो भाग ऊपरी महासू से लगता है, वहाँ के गीत-संगीत पर उस क्षेत्र का प्रभाव स्वाभाविक है। वहाँ गीत को 'नाटी' कहा जाता है। परन्तु जो क्षेत्र बिलासपुर से लगते हैं, उनका गीत-संगीत प्रदेश के निचले क्षेत्रों के गीत-संगीत जैसा ही है। बल्कि अनेक नृत्य-गीत 'गिद्दे' तथा प्रसिद्ध लय-मुक्त 'मोहणा' 'बाम्हणा रा छोरु' आदि पर्याप्त गीत बिलासपुर, निचले महासू के साँझे गीत हैं।

सिरमौर का निचला क्षेत्र, निचला महासू, नालागढ़, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, कुछेक ऊँचे स्थानों को छोड़कर शेष मण्डी व काँगड़ा क्षेत्र, तथा कुल्लू, चम्बा नगर क्षेत्रों में, विवाह आदि अवसर-विशेष का गीत-संगीत, शाब्दिक व धुन के थोड़े बहुत अन्तर के साथ एक जैसा ही है। बहुत से गीत साँझे हैं। जो थोड़ा-बहुत अन्तर है भी, उसका कारण वैयक्तिक तत्व है, जो अनिवार्य ही है। यह साम्य वैवाहिक, पुत्र-जन्म बधाई तथा अन्य महिला अधि-रोहित अवसर विशेष के गीत-संगीत में विशेषतया दृष्टिगोचर होता है। इसका एक कारण तो महिलाओं का निश्छल भाव, अनौपचारिकता, तथा सरल स्वभाव से आदान-प्रदान की भावना हो सकती है। दूसरा, इन क्षेत्रों में यातायात की व्यापक, सरल, सुलभ सुविधाओं के फलः स्वरूप मेल-जोल का बाहुल्य हो सकता है।

मंडी का जो भाग कुल्लू से लगता है, वहाँ का गीत-संगीत कुल्लू के गीत-संगीत से, तथा जो भाग ऊपरी महासू से लगता है; उसका गीत-संगीत ऊपरी महासू के गीत-सँगीत से प्रभावित है। इन भागों में गीत अधिकतर नृत्य-गीत ही हैं और 'नाटी' कहलाते हैं। गीत स्वरूप व संरचना शैली में पर्याप्त साम्य है तथा कुछेक गीत साँझे भी हैं।

काँगड़ा के जो ऊँचे क्षेत्र कुल्लू से लगते हैं उनका गीत-संगीत वहाँ के गीत-संगीत से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रभावित है। गीत-संरचना शैली आदि में पर्याप्त साम्य है। गीत साँझे भी हैं। साथ लगते भागों के गीत-संगीत में साम्य अनिवार्य है।

निचला महासू, नालागढ़, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना, काँगड़ा क्षेत्रों के विवाह पुत्र-जन्म आदि सामाजिक-पारिवारिक महत्ता के अतिरिक्त अन्य बहुधा अवसरों पर का गीत-संगीत एक जैसा है। नृत्य-गीत' गिद्दे' प्रातः-गीत 'भ्यागड़े', ऋतुगीत, झूले-पहिया 'रली' तथा 'लोहड़ी' आदि के गीत प्रायः एक जैसे ही हैं।

विवाह आदि सामाजिक महत्ता के अवसर पर का गीत-संगीत चाहे प्रदेश के अन्य निचले क्षेत्रों से मिलता जुलता हो, परन्तु अन्यथा, चम्बा का गीत-संगीत अपने ही ढंग का है। गीत का स्वरूप व संरचना शैली अवश्य कहीं-कहीं कुल्लू व काँगड़ा गीत-स्वरूप व गीत-संरचना शैली से मिलती-जुलती है। ऐसा होना स्वाभाविक ही है। चम्बा के, पाँगी-भरमौर आदि ऊँचे भागों का गीत-संगीत, चम्बा नगर तथा आस-पास के गीत-संगीत से थोड़ा भिन्न भी है और सरल भी। उन भागों का गीत-संगीत अधिकतर साथ लगते ऊँचे क्षेत्रों के गीत-संगीत जैसा है। चम्बा में 'धुरई' नामक एक विशेष गीत प्रकार गाया जाता है।

ये गीत त्योहारों, मेलों, अथवा अन्य विशेष अवसरों से संबद्ध होते हैं, जैसे सुई, मिंजर, के मेले आदि। इसके अतिरिक्त गीत का प्रणय प्रश्नोत्तरी प्रकार भी 'धुरई' कहलाता है।

चम्बा की गूजर जन-जाति का गीत संगीत अपनी तरह का है। इनके गीतों की संरचना शैली, स्वरूप व विषय वस्तु शेष चम्बा के गीतों से पर्याप्त भिन्न होती है।

चम्बा-काँगड़ा की गद्दी जन-जाति का, अपना ही गीत संगीत है। चम्बा-काँगड़ा के कुछ प्रचलित लोकप्रिय गीत भी गद्दियों द्वारा अपना लिए जाते हैं, परन्तु पौराणिक व अन्य कथानक गीत, घटना गीत आदि, स्वरूप तथा संरचना शैली की दृष्टि से इन भागों के गीतों से पर्याप्त-भिन्न होते हैं।

शैलियाँ

नायक-नायिका के रूप में मन की बात कहने के लिए, घटना का वर्णन करने के लिए, कथा-प्रसंग की व्याख्या के लिए, एक शैली में लोक-गीत रचयिता ने द्विपदी की पहली पंक्ति में वर्णित विषय वस्तु का दूसरी पंक्ति की विषय वस्तु से प्रायः कोई सम्बन्ध नहीं रखा। अथ :—

फुल्ल फुल्ली गया डाले तूनिए,
देख्या छोरी रोया करदी, असें आई जाणा ठारे-उनिएँ।
(गँगी-प्रेमी का प्रेयसी को ढाढ़स)

हो सोयणा, पीपली रा बूटो,
जाँगली आणो दुर्गा सिंधों, कुर्मो रे बूटो।
(सोयणा की नाटी-नायिका वर्णन)

घाटा गाशे सुरजा निकलो कौला रा फूलो,
ऐट मेरीया टिकरा, गाणे नवें सकूलो।
(लायकराम मास्टर की नाटी-घटना वर्णन)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

एक अन्य शैली में गीत की विषय वस्तु को लोक गीत रचयिता ने क्रम से, छन्दोवद्ध किया है। अथ :—

कठी तेरे घर बो गदिया,
कठी जो चल्लू रा ओ।
भटी-टिकरी घर बो गदणी
खरचा जो चल्लू रा ओ।
(सुन्नी-भूंखू-कथागीत)

निर्मंडा रीए ब्राह्मणिए, पया बरखा रा छाला भलिए,
ढाठू सग्या एसा बामणीरा, पया बरखा रा छाला भलिए।
(निर्मंडा ही ब्राह्मणी-नायिका वर्णन)

देई के नगारा ओ राजा हेड़े जो चलेया,
लोक तमासे जो आए, जिया ओ,
मेरया ओ हरिसिंधा राजेया।
(राजा हरिसिंह का गीत-प्रसंग वर्णन)

लोक-गीत रचयिता ने प्रायः इन्हीं शैलियों का आश्रय लिया है। छन्द तुकान्त भी हैं, अतुकान्त भी। शास्त्र की दृष्टि से पूरे गीत में एक छन्द नियम का पालन भले ही न हो पाया हो, लेकिन गीत की विषय वस्तु दक्षता से निभाई गई है और स्वर-लय की दृष्टि से पूरा गीत एक ही मानदण्ड पर खरा उतरता है।

गायन की दो शैलियाँ हैं, निवद्ध व अनिबद्ध। लोक-गीत के गायन की भी यही दो शैलियाँ हैं। अनिबद्ध गायन में लोक-गीतों के दो रूप आएँगे जिन्हें लोक-गायक कार्य करते समय, अथवा कार्य के बाद अवकाश के क्षणों में, अकेले, अथवा दो या दो से अधिक, साथ मिलकर, अथवा दो दलों में बट कर, प्रश्नोत्तर के रूप में गाते हैं। इनमें, विषय वस्तु, लम्बे स्वरों में, अनिबद्ध निभाई जाती है।

सिरमौर में 'झूरी' महासू में 'लामन' बिलासपुर-लोयर महासू में 'गंगी' 'लोका' 'बाहमणा रा छोरु' किन्नौर में 'उख्याँग' लाहुल-स्पीति में 'मंगल सूत्र' कुल्लू महासू में लय-बद्ध गीत के पहले गाया जाने वाला 'भौरु' या बामणू' चम्बा में गूजर गीत, व कुछ विवाह गीत अनिबद्ध शैली के ही गीत हैं। अथ :—

लाँवीए भौजीए पधरी मेरी सगेतै,
दाणा पाणियो रीजका माअरै कीलै आइतै इतै।
(लामन)

टाटे गे ठोगड़ी, ठोंगड़ी गे टाटी, उखलो दी शटी सातू जे बाटी,
जेतणी गौती म्होंनो री झूरिए, तेतणी भूखया हामे काटी।
तेतणी भूखया रे॥
(झूरी)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दँग बो लाई टाशी योंई रो गूँग ल देव सो,
मोई शे ला ला योंई शे गूँ ल देव सो।

(मंगलसूत्र)

ज़ोली फुल्याच हो,
बोण्डे नागासो,
ज़ोली फुल्याच ॥

(उख्याँग)

शेष लोक-गीत निवद्ध शैली में आएँगे। कतिपय ऐसे भी लोक-गीत हैं, जिनके कुछेक प्रकार निवद्ध व अनिबद्ध दोनों शैलियों में निभाए जाते हैं। 'गंगी' 'झूरी' 'उख्याँग' आदि अनिबद्ध लोक-गीतों के कुछ प्रकार निवद्ध शैली के भी हैं।

खेतों, चरागाहों में व यात्रा में वाद्य अप्राप्य होने के कारण बहुधा लोक-गीत अनिबद्ध शैली में निभाए जाते हैं, परन्तु वास्तव में ये लोक-गीत निवद्ध होते हैं। विवाह व अन्य अवसरों पर महिलाओं द्वारा गाए जाने वाले बहुधा लोक-गीत भी यद्यपि अनिबद्ध निभाए जाते हैं, परन्तु वास्तव में ये गीत भी निबद्ध होते हैं।

लोक जीवन के परम्परागत व हर्षोल्लास के अन्य अवसरों पर आयोजित समारोहों में जहाँ लोक-वाद्य उपलब्ध होते हैं, अथवा लोकवाद्यों की संगति अनिवार्य होती है, वहाँ गायन विधिवत निवद्ध होता है। वाद्य के अप्राप्य होने की स्थिति में अथवा अन्यथा भी लय के लिए व हर्षोल्लास की अभिव्यक्ति के लिए तालियों का आश्रय प्रायः लिया जाता है।

लोक जीवन के विवाह व हर्षोल्लास के अनेक समारोहों में अनेक स्थानों पर हारमोनियम-तबले आदि आधुनिक वाद्यों ने प्रवेश पा लिया है।

लोक-संगीत के मंच व रेडियाई कार्य-क्रमों में, लोक-गीतों व लोक-नृत्यों की संगति में अन्य कई परिष्कृत वाद्य भी प्रयुक्त होते हैं। लोक-संगीत के मंच व रेडियाई प्रदर्शनों का रूप भी, वाँछित-अवाँछित ढंग से, मंच की आवश्यकताओं के अनुसार व संयोजक अथवा प्रस्तुत कर्ता की वैयक्तिक पसन्द के अनुसार बहुधा, मूलरूप से भिन्न रहता है।

प्रकार

संगीत, लोक-जीवन का अभिन्न अंग है, अस्तु लोक-जीवन के अनेक पहलू लोक-गीतों की विषय वस्तु हैं। इसके अतिरिक्त धार्मिक उत्सवों, हर्षोस्लास के समारोहों, तथा समय व अवसर विशेष से सम्बद्ध लोक-गीत हैं।

समय-विशेष के लोकगीत

भारतीय संस्कृति में वर्ष का आरम्भ चैत्र मास से माना जाता है। वर्ष शुभ रहे, अच्छा बीते सुख-समृद्धि मिले कदाचित् इसी अभिप्राय से हिमाचल के अनेक स्थानों पर चत्र मास में विशेष गीत गाए जाते हैं, जिनकी विषय वस्तु प्रायः भगवत नाम महिमा, पूजा-अर्चना रहती है। चैत्र मास में वसंत पूरे यौवन पर होता है, इसलिए इन गीतों में ऋतु-वर्णन भी होता है। बिलासपुर-लोयर महासू में इन गीतों को 'महीने के गीत' चम्बा-काँगड़ा में 'ढोलरु' ऊपरी महासू में 'चत्रोल' कहा जाता है। यह गीत, वर्ग-विशेष (तूरियों) द्वारा गाए

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जाते हैं। गीत गाने के उपलक्ष में गायक-मंडली को आटा, चावल, घी, नमक, मिर्च व नकदी के रूप में पारिश्रमिक (नसरावाँ) दिया जाता है। बिलासपुर-लोयर महासू की ओर गाया जाने वाला एक गीत :—

चैत्र मासी गीत

हरे रामन जी, हरे राम का नाम,
रामे पाई रामकली और देओतों ने कंधार।
घड़ा जो पाया पाँजे पाँडवें,
गढ़ लंका प्रीतन काल।
सुख अम्बे सुख डालिये जो,
सुखे तुम्हारी सिया ॥
इक सुख नहीं रामा मिरगले जो,
जिनरे घाई सिया।
सठ घड़ा सौ बिनुए,
सिया चली पनिहार।
बिच काला, बिच कबरा,
आई मिरगण बाण।
चली जाँदी रामा तेरी धामकी,
और लछमन को पाँचों बाण।
जे लयावे रामा मिरगले,
सिया न खावे खाण,
सीता को होगा कँचुआ,
और लछमण टोपी-पाग।
हामे आए चैता रा नाँओ बे सुणाँदे।
(गीत में, रामचरित मानस प्रसंग है। प्रसंग विवरण अपने ढंग का है।)

मिरगला = मृग। कबरा = चितकबरा। पाग = पगड़ी। कँचुआ = केंचुकी। देओतें = देवते।

मण्डी क्षेत्र में, चैत्र मास के दौरान एक विशेष गायन प्रकार प्रचलित है, जिसे 'छिंज' कहते हैं। इन गीतों की विषय वस्तु बहुधा, ब्याहता महिलाओं की अंतर्वेदना, विरह, ससुराल की कठोरताएँ, स्नेहल पीहर का स्मरण आदि हैं। 'छिंज' का एक अंश :—

अम्बुए दे हेठ मेरी 'अम्आ' खड़ोती,
झड़ी-झड़ी पौंदा सुइने पातर,
चैतर सुहावणा।
जाओ-जाओ अम्मा घरे आपणे,
'बापू' गमानी नू भेज्याँ।

(अम्माँ के स्थान 'ताई', 'चाची' आदि, तथा 'बापू' के स्थान 'ताया' 'चाचा' आदि सम्बन्ध वाचक संज्ञाए जोड़ कर गीत बढ़ाया जाता है।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अम्बुए दे हेठ=आम के नीचे। खड़ोती=खड़ी है। पोंदा—गिरता है। सुइने पातर = स्वर्णिम बौर। गुमानी=अभिमानी। नू=को।

महीने के गीत गाने वाला वर्ग-विशेष भी निचले महासु क्षेत्र (वर्तमान जिला-सोलन) में ऐसे गीत गाता है, जिनकी विषयवस्तु प्रायः ऋतु वर्णन रहता है। अथ :—

हाँ रे, रित बी ना मौली जो देवा वे सुहावणी,
रे ना, भइया ए आई बी रितु मेरे बाली न बसँता,
हरे ना। ए समुद्रा केरी जिगा जे हुँदा सबाल,
फूलो रे ना, भइया ए कँवल नरपति,
राजे लिया हाँ उतारा हरे ना।
हाँ रे पिपल बी ना मौल्या जो देवा बे सेहरे,
बणे वे हाँ, भइया ए पिपल ब्रम्हा विष्णुए लिया हाँ उतारा,
हरे ना। वड़ोटा वी ना मौल्या जो देवा वे सुहावणा।
रे हाँ, भइया बड़ोटा वी जाती रा,
महादेवे लिया हाँ उतारा, हरे ना।
हाँ रे केलो बी ना मौली जो देवा वे सुहावणी
रे ना, भइया ऐ केलो बी पाँजे तिने पाँडवे लिया हाँ उतारा हरे ना।
हाँ रे चिया केरे गोभू जे हुँदे वे सुहावणे,
रे ना, भइया ए चील वी जाती री सठें कौरवें लिया हाँ उतारा, हरे ना।
हाँ रे तुलसी बी ना मौली जो देवा बे सुहावणी
रे ना, भइया ए तुलसी वी जाती री बरागी ए लिया हाँ उतारा, हरे ना।

(गीत में वसन्त का चित्रण है वसन्त के चित्रण में खिलते विभिन्न फूलों तथा नवाँकुरित होते विभिन्न पेड़ पौधों को विभिन्न देवताओं, देव पुरुषों का प्रतीक दिखाया गया है।)

मौली=नवंकुरित होना। कँवल=कमल। उतारा=अवतार। बड़ोटा=वरगद। केलो=देवदार। चिया=चीड़। वरागी=वैरागी। गोभू=नवाँकुर।

चैत्र सांक्रान्ति की रात और उसके दूसरे दिन बिरशी (अँचली) लगती है, और ऊपरी महासू (वर्तमान जिला शिमला) के अनेक स्थानों पर भी चैत्र मास में गीत विशेष गाए जाते हैं। सम्बधित एक गीत :—

बिंची

राईऐ कोटे जौमी बेटड़ी हो—२॥
वेटियो आणो भाटा पौंडता हो—२॥
पौंडता ता होंदौ मेरो शेवरौ हो—२॥
गूँठी का खाई काले बिचुऐ हो—२॥
बेटियो आणो भाटा गारडी हो—२॥
गारडो ता होंदौ मेरो जोठियो हो—२॥
बिंची लै आए म्हारे पारगू हो—२॥
केऊ देशे आए बाबा पारगू हो—२॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उबीयै आऐ बी सराजटै हो—२ ॥
तेऊ देशै लाई-खाई के बाबुआ हो—२ ॥
जौआ रे खाई बी जारीगड़ै हो—२ ॥
ऊना रे लाई बेटा ढ़ीगलै हो—२ ॥
तेऊ देशे जाँदी ना बाबुआ हो—२ ॥
बिंची लै आए म्हारे पारगू हो—२ ॥
केऊ देशे आए बाबा पारगू हो—२ ॥
भौजीयै आए भी भजालूटै हो—२ ॥
तेऊ देशे लाई-खाई कै बाबुआ हो—२ ॥
भाता रै खाई बेटा थालटै हो—२ ॥
छोटै-छोटै पैहनी बेटा कपड़ै हो—२ ॥
तेऊ देशे मेरे जाणा बे जाई हो—२ ॥

(गीत में बिंची नामक कन्या के विवाह-सम्बन्ध की चर्चा है। 'बिंची' के लिए सम्बन्ध आते हैं, तो वह पूछती है, कि जहाँ से सम्बन्ध आए हैं, वहाँ क्या खाते हैं, क्या पहनते हैं। 'सिराज' (स्थान नाम) से आया सम्बन्ध 'बिंची' इसीलिए अस्वीकार कर देती है, क्योंकि उसे जौ के 'जारीगड़े' (पकवान विशेष) खाना तथा ऊन के ढीले-ढाले वस्त्र पहनना पसन्द नहीं। 'बिंची' को 'भज्जी' (स्थान नाम) का सम्बन्ध पसन्द आता है, क्योंकि वहाँ का खाना—भात (चावल) तथा पहनना —छोटे-छोटे चुस्त कपड़े, बिंची को पसन्द हैं।)

ग्रीष्म ऋतु में वर्षा के लिए सिरमौर में 'साधटू' गाए जाते हैं। ये गीत भक्तिरस के होते हैं। गीतांश :—

जागो रे जागो मेरी माई,
साधटू नाचदी आई ॥

काँगड़ा-बिलासपुर आदि निचले क्षेत्रों में वर्षा ऋतु को 'चमासा' नाम दिया गया है। इस दौरान, विशेष रूप से सावन में, इन क्षेत्रों में विशेष गीत गाए जाते हैं, जिन्हें 'चमासे दे गीत' कहा जाता है। इन गीतों की विषय वस्तु बहुधा व्याहता महिलाओं की विरह व्यथा रहती है। चमासे का एक गीत :—

चमासा गीत

बारहें बरसें कंत घर आया, आई रह्या ठंडे बाग,
मरुए दी छायाओ बारी, मेरी जान मरुए दी छाया ओबारी।
इक्की हत्थे लोटा दूए हत्थे झारी, जाई रही ठंड़े बाग,
मरुए दी छाया ओ बारी, मेरी जान मरुए दी छायाओ बारी।
पखुआ झुलाँदिया दा पलुआ जे गिरेया, नजरी पया गलहार,
गले माला किने दितड़ी मेरी जान, पंजलड़ी किने दितड़ी।
पलंग बहिठिए अम्मा नी मेरिए, नाजो दे गल बिच हार,
गले माला किने दितड़ी अम्मा जी पंजलड़ी किने दितड़ी ॥
हऊँ क्या जाणू बेटेया तू मेरेया, जाई अपनी भाभो नू पूच्छ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गले माला किने दितड़ी बेटेया कि पंजलड़ी किन्ने दितड़ी।
चरखे बहिठिए भाभो नी मोरिए, नाजो दे गल विच हार,
गले माला किने दितड़ी, भाभिए नी पंजलड़ी किन्ने दितड़ी।
हऊँ क्या जाणू द्योरा जी मेरेया, जाई अपनी भैणा नू पूच्छ,
गले माला किने दितड़ी द्योरा जी पंजलड़ी किने दितड़ी।
गुडिया खल्हांदिए बोबो नी मेरिए, नाजो दे गल बिच हार,
गले माला किने दितड़ी भैणे नी, पंजलड़ी किने दितड़ी।
हऊँ क्या जाणू भाई जी मेरेया, जाई अपनी नाजो नू पूछ,
गले माला किने दितड़ी, भैड़ा जी पंजलड़ी किने दितड़ी।
रोटियाँ पकाँदिए नाजो जी मेरिए, तेरे गले विच हार,
गले माला किने दितड़ी मेरी जान पंजलड़ी किने दितड़ी।
सच ओ गलाइए सुरगे नू जाइए, झूठयाँ दा बेड़ा वार ना पार,
गले माला द्योरे दितड़ी मेरी जान, पंजलड़ी द्योरे दितड़ी।
ल्यायाँ मेरी ढाल ल्यायाँ मेरी तलवार छोटा भाई बढी सटणा,
कि गले माला जिने दितड़ी मेरी जान, पंजलड़ी जिने दितड़ी।
छोटा भाई ना ही ओ बढणा, बढ़ी देणी घरा दी नार,
तुझ ब्याह ही होर करना, मेरी जान, तुझ ब्याह ही होर करना ॥

(धनोपार्जन के लिए परदेश गया पति जब बारह वर्ष बाद घर लौटता है, तो अपनी पत्नी के गले में एक सुन्दर हार को देखकर शंकित हो जाता है। हार किसने दिया, यह जानने के लिए वह पत्नी से पूछता है। पत्नी बात टालने के लिए कहती है, कि अपनी माँ से पूछो। वह माँ से पूछता है, भाभी से पूछता है, बहन से पूछता है, लेकिन सब एक-दूसरी से ही पूछने को कहती हैं। बहिन कहती है, हार तुम्हारी पत्नी को किसने दिया, यह अपनी पत्नी से ही पूछ। हार के बारे में पति के हठ को देखते हुए पत्नी सच्ची बात कह देती है कि हार उसे देवर ने भेंटा है। यह जान कर शंकित पति अपने छोटे भाई को जान से मार देने को तैयार हो जाता है, परन्तु पत्नी उसे रोक कर कहती है, कि यदि कोई ऐसा संदेह है, तो छोटे भाई को नहीं, मुझे जान से मार कर दूसरा ब्याह कर लो।)

छमाहड़ा

चढ़ेया महीना चैत वे अड़ेया,
मैं खिड़ रहियाँ चम्बे डालियाँ।
कुछ वार पईयाँ, कुछ पार पईयाँ,
सानू बोलियाँ लान बेहड़े वालियाँ।
चढ़ेया महीना बसाख वे अड़ेया,
बसाखी दे न्हौणें नू जानियाँ।
स्हाड़े हत्थ दे गडुआ मुँढे पर परना,
मैं जमना दे न्हौणे नूँ जानियाँ।
चढ़ेया महीना जेठ बे अड़ेया,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मैं जेठे ते घुंड कढैनियाँ ।
सानू हसणा-खेलणा बौहत पयारा,
मैं देहिया नूँ आँच न लानियाँ ।
चढ़ेया महीना हाड़ बे अड़ेया,
मैं मझियाँ ते दुध चोई ल्यौनियाँ ।
स्हाड़े चोमणे वालड़े दूर सहियो,
मैं ताँ आपे ही चोई लै आनियाँ ॥
चढ़ेया महीना सौण बे अड़ेया,
मैं कोरे कुज्जे दहियाँ जमानियाँ ।
स्हाड़े खानण वालड़े दूर सहियो,
मैं ताँ छिक्के नू हत्थ ना लानियाँ ।
चढ़ेया महीना भादों बे अड़ेया,
मैं पाधे नू पुच्छण जानियाँ ।
खोल-खोल पाधया पोथिया नु,
स्हाड़े रांझे ने कद घर आवणा ॥

(गीत में परदेस गए अपने पति की प्रतीक्षा में विरहन के घड़ी-पल गिनने का चित्रण हैं।)

सानू=हमें। बोलियाँ=कटाक्ष। लान=करती हैं। घुंड=घूँघट। मझियाँ= भैंसें। जानियाँ, लानियाँ=जाती हूँ, लगाती हूँ। पाधा=पंडित। राँझा=पति। कद=कब।

सावन में झूलों की बहार भी रहती है। प्रदेश के निचले क्षेत्रों में अनेक झूला गीत भी गाए जाते हैं। एक गीत का अंश :—

पींहग लड़ी

काहे दी मेरी पींहग लड़ी, काहे केहड़े, ए डाले,
सहियो काहे केहड़े ए डाले ।
रेसम दी मेरी पींहग लड़ी चनण केहड़े ए डाले,
सहियो चनण केहड़े, ए डाले ।
....

किस मुलखा ते आए परोहणे : गीत

किस-किस मुलखा ते आए परोहणे,
ढोल ताँ लगेया अम्बर बी वजणे ।
रिम झिम लगियाँ बरखाँ-झड़ियाँ,
खेत भरे पाणिए, करसाण लग्या हसणे ।
उच्चे-उच्चे पीपल पीहंगा पइयाँ,
द्राँणियाँ-जठाणिया लगी पहिंगाँ पर झुटणें ।
ठन्ड़े-ठन्ड़े पाणी कन्ने डाल-डाल नौंहदे,
खड्डा लगी रुण-झुण, रुण-झुण नचणे ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

छुट्टी गया दिलड़ू चढ़ेया समाणे,
उडी गया हवा कन्ने मुलख वगाने।

(ग्रीष्म से तप्त मन-प्राण सरस पावस ऋतु के आगमन से नाच उठे हैं। खेत पानी से भर गए हैं, कृषक की बाँछें खिल गई हैं। पीपल पर झूले पड़ गए हैं, देवरानी-जेठानी मस्ती में झूल रही हैं। पानी की ठन्डी फुहारों में नहाते पेड़-पौधे भी झूम रहे हैं।)

वर्षा ऋतु में गाए जाने वाले गीतों में चम्बा का विशेष गीत प्रकार है "मल्हार"। 'मल्हार' की विषय वस्तु ऋतु अनुकूल रहती है। एक मल्हार गीतांश :—

ऐसी तो बिखमबाजी, जिया को उदासी लागी,
मेरे मन में ऐसी आई, लीजियो वनवास।
हरे को मैं काट डालूं,
सूखे को मैं जलाए डालूं,
उपजे ना बाँस, फिर बाजे ना वँसरिया।
ऐसो तो विखम बाजी, जिया को उदासी लागी,
मेरे मन में ऐसी आई, लीजियो वनवास।
....

'मल्हार' के अतिरिक्त चम्बा में 'पहाड़', 'झिझोटी' आदि भी अनेक विशेष गीत प्रकार गाए जाते हैं। एक झिझोटी :—

ढकियाँ चढ़ँदे सून्दरू, छम-छम रोई ओ।
अजी हो मेरिए सुन्दरू लुहारिए॥
होर ताँ धीयाँ वापुए नेड़े-तेड़े दितियाँ।
सुन्दरु ताँ दितो बापुए नदिया दे पार ए॥
अजी हो मेरिए सुन्दरु लुहारिए।
होरना जो दिते वापुऐ सूहे-पीले कपड़े॥
सुन्दरु जो दिते बापुए खदरा दे सादे।
अजी हो मेरिए सुन्दरु लुहारिए॥
होरना जो दिती बापुए तिल्लेदार जुतियाँ॥
सुन्दरु जो दिती बापुए काली-काली जुतियाँ॥
अजी हो मेरिए सुन्दरु लुहारिए॥
होर ताँ धीयाँ बापुए गभरु जो दितियाँ।
सुन्दरु लुहारी बापुए बुढ्या जो दितियाँ॥
अजी हो सारी रात जंगले गुजारी ओ॥

(गीत में 'सुन्दरु लुहारी' विवाहिता महिला की हृदय-वेदना का चित्रण है, जिसे उसके बापू ने एक तो अनुपयुक्त जोड़ से ब्याह दिया है, दूसरे विवाह सम्बन्धी लेन-देन में भी और कन्याओं की अपेक्षा भेद-भाव रखा है।)

ढकियाँ चढ़ँदे=चढ़ाई का रास्ता चढ़ते। नेड़े-तेड़े=समीप। गभरु=जवान।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रदेश के ऊँचे क्षेत्रों में, जहाँ भारी बर्फ पड़ती है, और तीन-चार अथवा इससे भी अधिक महीनों के लिए जीवन के बाह्य क्रिया-कलाप प्रायः रुक जाते हैं, घर के अन्दर ही रहना होता है, वहाँ समय व्यतीत करने के लिए रामायण, महाभारत की कथाएँ, व देवस्तुति गाई जाती है। विभिन्न क्षेत्रों में इन गीत प्रकारों के भिन्न नाम हैं। महासू में इन्हें 'अँचली' कहा जाता है। अँचली में प्रायः पहले ब्रह्मखाड़ा (भक्तिरस का गीत) गाया जाता है, फिर बहादुरी की गाथा 'भारथ' (वार) गाई जाती है।

एक 'अँचली' गीत का अंश

सिया राणी पाणी ले चाली ली राम जी,
सिया राणी पाणी ले चाली ली ॥
सिया राणी पाणी लै चाली ली राम जी, सिया राणी पाणी लै चाली ली।
पीठी पाई किली घड़ोली लै राणियै, पीठी पाई किली घड़ोली।
हातै पाओ पीतली लोटा लै राणियै, हातै पाओ पीतली लोटा।
सिया राणी चालदी हुई ली राम जी, सिया राणी चालदी हुई।
वैणै मौने सुँचदी लागी लै राम जी, वैणे मौने सुँचदी लागी।
जै ता होमु लै कोपटी राम जी, जै होमै रामा लै कोपटी।
मुई लोड़ी घौरा लै आई ला राम जी, मुई घौरा लै आई।
सिया राणी चालदी हुई ला राम जी, सिया राणी चालदी हुई।
जाये पौड़ी आधली वाटै लै राम जी, जाये पौड़ी आधली वाटै।
वैणै मौने सुँचदी लागी ली राम जी, वैणै मौने सुँचदी लागी।
जे ता डेऊ आगले वाटे ला राम जी, जै ता डेऊ आगले वाटे।
रीखै लोड़ी खाई वरागै लै राम जी, रीखै लोड़ी खाई बरागै।
जै ता डेऊ पाछली वाटै राम जी, जै ता डेऊ पाछली वाटै।
मुऐं लोड़ी खाई मशाणै ला राम जी, मुऐं लोड़ी खाई मशाणै।
माँजवी वाटै चालदी हुई राम जी, माँजवीं वाटै चालदी हुई।
जाए पौड़ी बाँई पण्हैरे ला राम जी, जाए पौड़ी बाँई पण्हैरे।
बाँई पणैरे नेहणा कौरा धोणा लै राणिए, बाँई पणैरे नेहणा-धोणा।
पार वौणे मीरगू चौरा ला राम जी, पार वौणे मीरगू चौरा।
एत नहीं ए कौसीयो डौरा ला राम जी, एत नहींए कौसीयो डौरा।
पाणी पींदे बाँई लै पौड़ा ला राम जी, पाणी पींदे बाँई लै पौड़ा।
सुने शींगा रुपैये पाँओं ला राम जी, सुने शींगारु रुपैये पाँयो।
ऐणो मीरागू कौदी ना शाओ ला राम जी, ऐणो मीरगू कौदी ना शाओ ॥

(गीतांश में, रामचरित मानस के 'सीता हरण' प्रकरण का प्रारम्भिक विवरण है सीता जी नहाने के लिए जलस्रोत की ओर बढ़ती है। राह में कई प्रकार के विचार उनके मन में आते हैं। जल-स्रोत पर पहुँचकर वह नहाती हैं, और तभी उन्हें सोने का मृग दिखाई देता है।)

किली = किल्टा। मौने = मन में। सुँचदी = सोचती। कौपटी = कपटी। रीखै = रीछने। बरागै = व्याघ्र ने। डेऊ = जाऊँ। मशाणा = मसान ने। माँजवी = बीचकी। पण्हैरे,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पणेंरे=जलश्रोत। नैहणा-धोणा=नहाना-धोना। मीरगू=मृग। सुने=सोने के। रुपैये= चाँदी के। शाओ=देखा।

शीतकाल में, 'भारथ' 'हरूल' (हार) 'भर्तृहरि' 'पँडवाणा' आदि नामों से अनेक पौराणिक, व अन्य शौर्य गाथाएँ सिरमौर में गाई जाती हैं। 'भर्तृहरि' (भारथ) का एक अँश :—

भर्तृहरि (भारथ)

आमे छोड़ियों पापिया कोसी देशो खे चाला ला,
राणी थाम्बों रो पींगालो बोले भगुए रा पाला ला।
आमे छोड़ियों पापिया, कौसी देशो खे चाला ला,
तूँ माँगे भिछिया आँ बोले, डाऊँबी पाला ला।
आमे छोडियो पापिया, कौसी देशो खे चाला ला,
तुमें छोडियो पापणी घौरी, पूरबो खे चाला ला।
तेरी गलौ बोले पापिया, आओणा साथो ला,
तू माँगे भिछिया आँ बोले, डाऊँबी हाथो ला।
केथी देखी बोलै राणिए साधो, री साधणी साथो ला,
औणा नई साथो बोलै ढाके, तापो डींगरो तापो ला।
नाइटो रा बालू बिना जोड़े चाला ना ज़ादा पड़ो पोयरो दे छालू।
तुम्बीड़े दे शाकी रे कौबे, थे तोड़ी के पाए ला,
सदा थे वारीए एनै कौऊ राणे रे खाए।
घौटे रे लोए पाटो रे, मुँदड़े घड़ाए ला,
मुँदडे बोलो घड़ाए-धोरे गीया, पुरीबो री जाए।
पुरीबोशेउ चले बोलै, पुरीबाया राए ला,
सोआ मोणे शंखिया थोआ, तोलेणा लाए।
पुरीबो शादो रेया बोले, दुखीणों री जाए ला,
दुखीणों शेउ-चले बोलै, दखीणिया राए।
दुखीणों शेउ चले बोलै, दखींणिया राए ला,
सौआ मौणे शंखिया एकी, ला डुंगों खे खाए।
....

वीच-बीच में :—
एथिए रौह गुरु मेरा, एथिए रोह ला,
साधो री ना चौंअरी दा गुरु एथिए रौह ला।

और

रामेई राम पुकारा पुरी ने, रामेई राम पुकारा ला,
रामेई राम पुकारा पुरी ने, रामेई राम पुकारा ला,

("भतृहरि" गाथा के प्रस्तुत अंश में राजा भर्तृहरि के संन्यास लेने के बाद साधुवेष में राजमहल में आकर राणी पिंगला से भिक्षा माँगते समय का प्रश्नोत्तर, चक्की के पाटों की मुंदियाँ कानों में डालना, तथा सवा मन शंखिया खाना वर्णित है।)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आमे=हमें। कौसी=किस। थाम्बो रो=पकड़ती है। आँ डाऊँबीपाला=मैं पल्ला पसारुँगी। घौटे रे=घराट के। पुरीबो री=पूरब की ओर। दुखीणो=दक्षिण को। मौणे=मन। एकी ला डँगो खे=एक ही बार में। चौंअरी=साधुओं के वैठने का स्थान।

चम्बा-काँगड़ा की 'गद्दी' जन जाति भी बहुधा 'ऐंचली' नाम से भक्ति गीत गाती है। इन गीतों का विषय प्रायः 'शिव', 'राम व कृष्ण' कथानक होते हैं। एक कथानक-गायन में एक से अधिक (प्रायः तीन) स्वर संरचनाओं का प्रयोग होता है। कथानकों के अंश :—

ऐंचंली (गद्दी गीत)

शिव :

(i) सिबा मेरे महादेवा, महादेवा वो
सिकरा माँ ताड़ी लगाई। सिबा मेरे महादेवा।
सिवा मेरे महादेवा, महादेवा वो,
मुँडखाँ खलारी नाचै, सिवा मेरे महादेवा।
हो राणी गौरजाँ, गौरजाँ वो,
मरना पेटे दो पीड़ा, राणी गौरजाँ।
सिबा मेरे महादेवा, महादेवा,
मुँडकाँ तै क्या लेऊदा, सिबा मेरे महादेवा।
सिवा मेरे महादेवा, महादेवा वो,
मुडकाँ मा ठाकर लेऊदा, सिबा मेरे महादेवा।

(ii) कच्ची वो क्वारी बापू दे घरा,
अद वो ब्याइयाँ मत छोड़दा।
तुसाँ भला खाँदियाँ झिझणी ताँ साला ना,
असाँ भला खाणे-धूणियाँ दीयाँ भँदूकरियाँ।
झिझण ला साला बोपू दे घरा,
असाँ भला खाणी-धूणियाँ भँदूकरियाँ।
तुसाँ भला सौणा ल्हेफा बली न्यहाला पर,
वसाँ भला सौणा मिरगा दे छाले।
ओ ल्हेफा न्यहालियाँ बापू दे घैरे,
स्हाड़ा भला मान मिरगा दे छाले।

(iii) नच्चै धूड़िया तूँ मुडकाँ दे भारे ओ,
नच्चै धूड़िया तुँ मुँडकाँ खलारी ॥

(गीतांश में, ब्याहने आए शिव व पार्वती का वार्तालाप तथा शिव के नृत्य करने का वर्णन है।)

[पार्वती जी कहती हैं। कुँवारी तो बापू के घर में ठीक थी, पर अब अध-ब्याही ही, न यहाँ छोड़ जाना।

शिवजी कहते हैं—तुम झिझण-साला (उत्तम चावल) खाने वाली हो, उत्तम लिहाफ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'सेज पर सोने वाली हो, और हम धूणिया-मँदूकरियाँ (धएँ की भभकार) पर जीते हैं, मृग-छाल पर सोते हैं, इसलिए हमारे साथ रहना कठिन होगा।

पार्वती जी कहती है—खाने के लिए उत्तम चावल, सोने के लिए बढ़िया सेज, रजा-इयाँ—ये सब बापू के घर के पदार्थ थे। आपके साथ धूणी-भँदूकरी तथा मृगछाला ही मेरे लिए सकल पदार्थ हैं।

भगवान् शिव दुर्गम पर्वत पर समाधि लगाए बैठे हैं। वे जटाएँ बखेर कर नाच रहे हैं।

राम

राजा चली गया हेड़े जो,
सिया कल्ली रही गी घरै।
खबराँ होई दस रावणा जो,
सिया कल्ली रही गी घरै।
मुच्छाँ मुन्नी तीयाँ, दाहड़ी रख्वाली ती,
सिया हरनै रे ताइएँ।
हत्था तुम्बा लया, झोली लई फेरी,
सिया टोलना चली पया।
कि सुण भिच्छा देयां जुजमानणी,
आया कुला दा परोहता।
इत्थी नहीं घरा राजा राम,
भिच्छिया कुस देणी।
आपे होंदा राजा राम घरै,
करदा घोड़े दा दान।
धनी-धनिया रामा दियाँ कारै,
सै तैं भनी दितियाँ।
तिना भनणी खसमा दीया कारा,
ओ ता नार बी बकारी।
लै बी परोहता भिच्छा लै,
सिंया भिच्छा लई के आई।
भिच्छा लगी देणा, गुठिया ते खिंजी,
ठप झोलिया च पाई।
ईयाँ भला बुझदी तू बुझरु हा मैं,
दस रावण बुला।
दस रावण हा आइदा तिज्जो नेंदा।
दस राबण बुला।
दस राबण बुला वो गढ़-लंका,
गढ़-लंका दा राजा ॥
बारा बरसाँ राजा बैटी ध्युओ तेरी;

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फेरी बणगी तेरी नार ।
तेरे बण-खंड़ी मेहला पुआए,
दस राबण ओ राजे ।
पाछीरन्दी दिती वो दवाला,
सिया नसणे दे ताइएँ ।
पाछीरन्दे राखे ओ धुआँकू,
सिया देखणे दे ताइएँ ।।
वो बणा ते ना घरा जो,
आया राजा राम ।
बणे गवाया हरण सकार,
घरै रामा पायी हकड़ी,
होणी घरै हारै ।
हो कठी लुकुरी सिया,
कठी छुपुरी नारै ।
कुण बो लई गया मेरी,
सियाभाँति नारै ।।
हो जाँदिया सिया जो,
सुध ना सम्हाल ।।
तेरे जंगाँ खेरे जामे,
लेई गया सिया नारै ।

(गीतांश में सीता-हरण प्रसंग व राम द्वारा सीताजी की खोज का वर्णन है ।)

हेड़े जो=शिकार के लिए । कल्ली=अकेली । मुच्छाँ मुन्नी लीयाँ=मूछें कटवा दी । दाहड़ी-रखवाली ती=दाढ़ी बढ़ा ली । भिच्छा=भिक्षा । धनी-धनिया=धन्य-धन्य । भनी दितियाँ=तोड़ दी, लाँघ ली । खसमा दीयाँ काराँ=पति की रेखा, कार । बुझरु=साधु । बकारी=बेकार । मेहला पुआए=महल बनवाए । पाछींरन्दी=पीछे से । धुआंकू=झरोखे । ग्वाया=खोया । हकड़ी=हाँक । कठी=कहाँ । लुकुरी=छिपी हुई ।

कृष्ण

नदी रे कनारे, नदी जमना कनारे,
कोण राजा हटड़ी पुआई हो ।
नदी रे कनारे नदी जमना कनारे,
गुजरिया नौहण सँजोया हो ।
नोही ता धोई मेरी हुई पछेड़,
धगरुआ पेहनण लगी हो ।
पाहणी फटकाँदी बाहीं झटकाँदी,
चाल छठी रा बो अलबेली ।
सिरा लइयाँ डलिया, पैराँ पइयाँ पाहणियाँ,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जोड़ बो जड़ोई कन्ने चल्लियाँ ।
नदी रे कनारे कोई कान्हा सणींदा,
कान्हा तेरे दरसण पाणे हो ।
नदी रे कनारे कोई मुरली बजाँदा,
बजणे सु वाला कुण बोला हो ।
बजणे वाला कोई कान्हा सुणींदा,
कान्हा तेरे दरसण पाणे हो ।
टकै ता टकै सेर दुध-दही लैणा,
होर डोवाई लैणा पाणी हो ।
अन्ना री जगात नाँई धन्ना री जगात,
दुधा सेरी जगात न होंदी हो ।
गढ़ा मथरा रीया गोजरियो ना,
तोंदा वो ना रूप सलोना हाँ ।
खटी ताँ मिठड़ी दही बिक्या नी जाँदी,
मिठड़ी दई बी जमेरनी हाँ ।

(गीतांश में पनघट से आती-जाती व दूध-दही ले जाती गोपियों से कान्ह की छेड़छाड़ का वर्णन है ।)

[गुजरी, नदी पर स्नान करने जाती हैं । वहाँ उसे मधुर मुरली सुनाई पड़ती हैं । मुरली कान्ह बजा रहे हैं । मधुर मुरली पर मोहित गूजरी कान्हा के दर्शन करना चाहती है ।

दूध-दही ले जा रही गूजरियों को कान्ह जगाती मिल जाते हैं, जो जगात माँगते हैं, छेड़-छाड़ करते हैं ।]

चम्बा में ही प्राय: सर्दियों में गाया जाने वाला एक गीत प्रकार है— 'मुसादा' । 'मुसादे' की विषयवस्तु रामायण, कृष्ण-लीला आदि पौराणिक गाथाएँ होती हैं । 'मुसादे' गाने वाला कलाकार विशेष होता है, जिसके पास एक वाद्यविशेष रहता है, जिसे भी 'मुसादा' कह दिया जाता है । यह एक तार-वाद्य होता है । गायक कलाकार, वाद्य की तारों को, अपने गायन स्वर में अनुकूल मिलाकर वाद्य को गले में टेढ़ा लटका लेता है दाएँ हाथ से वाद्य के तार छेड़कर, तथा बाएँ हाथ से खँजरी नुमाताल-वाद्य पर थाप दे-दे कर गायक 'मुसादा' गाता है । 'मुसादे' का आयोजन जहाँ होता है वहाँ एक खुले स्थान पर, अनाज की एक ढेरी सी लगा दी जाती है । जिस पर एक जला दीया और धूप रख दी जाती है । मुसादे का आयोजन किसी व्यक्ति विशेष की मनौती पूरी हो जाने पर, उसके घर में हो रहा हो, तो घर के खुले कमरे में, अनाज की ढेरी लगा दी जाएगी, और उस पर एक दीपक और धूप जलाकर रख दी जाएगी । 'मुसादे' घर-घर जाकर भी गाए जाते हैं । इन्हें दो व्यक्ति गाते हैं । एक जहाँ छोड़ता है, दूसरा गायक अगला चरण वहीं से पकड़ता है, 'हुंगारा' देने वाला व्यक्ति बीच-बीच में श्रोताओं को हँसाने के अभिप्राय से गायक पर कुछ मनोरंजक टिप्पणियाँ भी करता है ।

श्रोतागण चारों ओर बैठ कर मुसादे का आनन्द लेते हैं । एक 'मुसादे' का अंश :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मुसादा गीत

सरब सैराह् कोई गुजरी जरमी,
गोकुल नगरी कान्हा ।
जिस बो हथोड़ू गुजरी,
तिस बो हथोड़ू कान्हा ।
घड़ी बो मटोय, पले बो मटोय,
जौ-जौ जोत सुआय ।
बारा तां बरसे दी गुजरी होई,
बारा तां बरसे दा कान्हा ।।
अठ-दस गुजरी जोड़ कितोरा,
दुध-दही बेचणा चलियाँ हो ।
काणी देई गुजरी से कै लगी बोलणा,
हाखी भरी सुरमा दैणा भैंणे,
कान्ह् बखो मारना नजारा ।।
गुजरी निकली अंदरा दी,
बिजली लसकी अम्बरा दी ।
छोड़ कान्हा मेरी बई मत मरोड़े,
घरे मेरा बालक याणा हो ।
बालक जो तेरे देला घिलाह्रा,
बालका जो निंदरे सुलाला हों ।
गढ़ नगरा दीयो गुजरियों हे जी ।।

("मुसादा" गीत में दूध-दही ले जाती गूजरियों के मन में कान्ह् मिलन की अभिलाषा तथा कान्ह् की गूजरियों से छेड़छाड़ की चर्चा है ।)

सरब सैराह=बस्ती में । हथोड़ू=हाथ, ओर । मटोय=बढ़े । जौ-जौ जोत सुआय=जिस प्रकार बीज धीरे-धीरे फसल बन खेत में लहराती है । घिलाह्‌रा=पालना; झुलारा । देला, सुलाला=दूँगा, सुलाऊँगा ।

किन्नौर व स्पीति में भी देवस्तुति के रूप में व अध्यात्मज्ञान संबंधी अनेक गीत गाए जाते हैं ।

लाहुल में देवताओं व महापुरुषों से संबंधित गीत गाए जाते हैं, जिन्हें 'घुरे' कहा जाता है । एक 'घुरे' का अंश :—

ईपू सेरी ग्रांवों ग्वाड़ू पवालू राखे जी ओ,
ग्वाड़ू पवालू मैंगे री धारे जी ओ ।।
....

(त्रिलोकी नाथ का गीत)

प्रातः उठकर घर का काम-काज करती हुई महिलाएँ जो गीत-विशेष गाती हैं, प्रदेश के निचले क्षेत्रों में उन्हें 'भ्यागड़ा' कहा जाता है । प्रायः ईश्वर का नाम, इन गीतों का विषय रहता है । एक "भ्यागड़ा" गीत—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भ्यागड़ा : कृष्ण लीला महिमा

मदन मोहन सुन्दर वन में मुरली बजाते है ।
कभी गंगा, कभी जमना, कभी सरजू में न्हाते हैं ॥
कभी लट्ठा, कभी खासा, कभी काली कमली ओढ़ते हैं ।
कभी लड्डू कभी पेड़े, कभी माखन उड़ाते हैं ॥
कभी गऊँए, कभी बछड़े सभी बन में चराते हैं ।
कभी गोकुल कभी मथुरा कभी विन्द्रा में जाते हैं ॥
कभी गोपी, कभी ग्वाले, सभी के साथ जाते हैं ।
कभी खेलें, कभी दौडें, कभी रासें रचाते हैं ॥

लट्ठा=खासा : सूती कपड़ा विशेष ।

'गुजरी' : प्रातः नहाने के समय का भजन

चंदे दीया चानणीया तार्‌याँ दीया लोई,
गुजरियाँ नौह्‌ण संजोया जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
गढ़ मथरा ते गुजरी उतरी,
अग्गे कान्ह जगाती जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
छोड़-छोड़ श्यामा वहियाँ मेरियाँ,
मुझ घर सौहरा सायाणा जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
सौहरे नू तेरे गढ़-मथरा बजीरी,
तुझ घर जाण ना देवाँ जी, मैहरिए हाँ जी कोई ।
छोड़-छोड़ श्यामा बहियाँ मेरियाँ,
मुझ घर सासु सयाणी जी, श्यामा हाँ जी कोई ॥
सासु नू तेरिया नू पीढ़े बहालां,
तुझ घर जाण न देवां जी, मैहरए हाँ जी कोई ।
छोड़-छोड़ श्यामा बहियाँ मेरियाँ,
मुझ घर बालक याणा जी, श्यामा हां जी कोई ॥
बालके नू तेरे नू दुधपल्यावाँ, गली गली फरयावाँ,
तुझ घर जाण ना देवाँ जी, मैहरिए हाँ जी कोई ।
छोड़-छोड़ श्यामा बहियाँ मेरियाँ,
मुझ घर कन्त रसीला जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
कंते दा मेरे दा ब्याह करावाँ,
इक सांवली दुज्जीं गोरी जी, मेहरिए हाँ जी कोई ।
कंते दा मेरे दा ब्याह करादां,
अप्पूँ क्यों फिरदा कवारा जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
तुझ जीयाँ गुजरियाँ हऊँ लड़ बी नी लांदा,
इस बिध रहया कवारा जी, श्यामा हाँ जी कोई ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जे तू श्यामा खरा रसीला,
रखदा दो-दो नारां जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
इक तां तेरियाँ तलियाँ झसदी,
दूजी तोड़दी तणीयां जी, श्यामा हाँ जी कोई ।
चंदे दीया चानणीया, तारयाँ दीया लोई,
दोनों झगड़े पइयाँ जी, श्यामा हाँ जी कोई ।।

(गीत में नहाने जाती गुजरी से कान्ह की छेड़-छेड़ का वर्णन है।)

लोई=प्रकाश में । चानणीया=चांदनी में । सासु-सौहरा=सास-ससुर । तुझ जीयाँ=तेरी तरह की । मेहरिए=गुजरिए । झसदी=सहलाती ।

भ्यागड़ा

जाग ब्रह्मा- जाग विष्णु, जागणे दी बेला होई जी ।
तुसें जागदे क्यों नी जी, मुखों बोलदे क्यों नी जी ।।
राधे खड़ी जी ।।
जाग ब्रह्मा जाग विष्णु, दातणे दी वेला होई जी ।
तुसें जागदे क्यों नी जी, मुखों बोलदे क्यों नी जी ।।
राधे खड़ी जी ।।
जाग ब्रह्मा जाग विष्णु, नौह्णे दी बेला होई जी, ।
तुसें जागदे क्यों नी जी, मुखों बोलदे क्यों नी जी ।।
राधे खड़ी जी ।।
जाग ब्रह्मा, जाग विष्णु, पूजा दी वेला होई जी ।
तुसें जागदे क्यों नी जी, मुखों बोलदे क्यों नी जी ।।
राधे खड़ी जी ।।

(गीत में राधिका के कृष्ण से जागने, दातुन करने, नहाने, पूजा-पाठ करने का आग्रह है।)

प्रदेश के ऊँचे क्षेत्रों में भी प्रातः ऐसे गीत प्रकार गाए जाते हैं। प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी प्रातः गाए जाने वाले विशेष गीत प्रकार हैं। किन्नौर में गाए जाने वाले ऐसे एक गीत का अंश :—

ओ सांग्यो खोयाँ हो,
ले ज़ी बाई च़् चुबाई,
च़्ली सांग्यो खोयाँ ।। (सांगीथंङ)

संध्या के समय, 'दीया-बाती' महिलाओं की दिनचर्या का अनिवार्य अंग है।

संध्या की इस 'दीया बाती' के समय अनेक आरती गीत गाए जाते हैं । प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में गाई जाने वाली एक आरती :—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'संध्या' : शिव स्तुति

हरि संध्या सिमरो मंदर को जाती।
काहे दा दीवा राम जी काहे की वाती,
काहे दा तेल जले दिन-राती, जले दिन-राती। हरि संध्या···
माटी का दीवा राम जी, नरमे की वाती,
सरसों का तेल जले दिन-राती, जले दिन-राती। हरि संध्या···
वांई-वांई ते मैं जल लेऔंदी,
सिवजी को गडुआ ढलांदी, संभू जी को गडुआ ढलांदी। हरि संध्या···
बागाँ-वागां ते मैं चनण कटांदी,
सिबजी को तिलक लगांदी, संभू जी को तिलक लगाँदी। हरि संध्या···
हाटी-हाटी ते मैं अछत मुगांदी,
सिवजी को अछत चढ़ांदी, संभू जी को अछत चढ़ांदी। हरि संध्या···
वागां-बागां ते मैं फुल्ल मुगादी,
सिबजी को फुल्ल चढ़ांदी, संभू जी को दुब्ब चढ़ांदी। हरि संध्या···
बागां-वागां ते मैं बिल पतर मुगांदी,
सिबजी को बिलपतर चढ़ांदी, शंभू जी को भंग चढ़ंदी। हरि संध्या···
हाटी-हाटी ते मैं धूप मुगांदी,
सिबजी को आरती चढ़ांदी, संभू जी को नवेद चढ़ांदी। हरि संध्या···

(लेऔंदी=लाती हूँ। गडुआ ढलांदी=जल देती हूँ। अछत=अक्षत। मुगांदी=मँगवाती हूँ। बिलपतर=बिल्वपत्र। नवेद=नैवेद्य।)

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी संध्या की पूजा-अर्चना के कई गीत प्रचलित हैं लाहुल में रात्रि के समय लोक वाद्यों पर बजाए जाने वाले 'राग'-विशेष (धुन-विशेष) को 'निद्राली कहते हैं।

अवसर-विशेष के गीत

परम्परागत प्रायः सभी धार्मिक एवं सामाजिक पर्व प्रदेश भर में कतिपय परिस्थिति जन्य अंतर के साथ मनाए जाते है। कुछेक उत्सव किन्ही स्थानों पर अपेक्षाकृत अधिक धूमधाम से मनाए जाते हैं। कुछेक पर्व ऐसे भी हैं, जो प्रदेश के कुछ ही भागों में प्रचलित हैं, जैसे लोहड़ी।

कतिपय पर्व ऐसे भी हैं, जिन्हें मनाने का समय अलग-अलग है, जैसे 'दिवाली'। कुछेक उत्सव, पूर्णतया स्थान विशेष से ही संबद्ध है, जैसे किन्नौर का 'फुल्याच'। इन उत्सवों से संबंधित अनेक गीत प्रकार प्रचलित हैं। अथ :—

'वैशाखी'

वैशाखी का उत्सव प्रदेश के बहुधा क्षेत्रों में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेलों का आयोजन होता है। बड़ी धूमधाम रहती है। कुछ स्थानों पर केवल वैशाखी के दिन, और कुछ स्थानों पर मास-पर्यन्त मेलों का आयोजन होता है। प्रदेश के निचले क्षेत्रों में वैशाखी को

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'बसोआ' और ऊँचे क्षेत्रों में 'विशु' 'बीश' कहा जाता है। इस अवसर से संबद्ध कुछ गीत प्रकारों के अंश :—

वैशाखीगीत

कुरले कुरले नदी गिरे हो, नदी गिरांदड़ेया मच्छा हो,
सारी ध्याड़ी मुइए अते-पते हो, दिल ना बोले घरी गच्छा हो।
आया बसोआ नी माए नेड़े-नेड़े,
भाऊआ तां तेरा नो कुड़िए निक्का याणा,
अते आपू ईणा तां अप्पू जाणा हो ।।
बिसुआ ताँ आया नी माए नेड़े-नेड़े,
मेरे बापू जो सादा भेजे हो।
बापू तां तेरा कुड़िए बिरध सयाणा,
आपू ईणा तां आप्पू जाणा हो ।।
पिंदड़ी तां पिंदड़ी माए अप्पू खाए हो,
अते पिंदड़ी दे पट्ठे मिजो भेजो हो ।।

(गीत में दूर-पार ब्याही कन्या वैशाखी के अवसर पर पीहर आने के लिए माँ से आग्रह कर रही है कि वह भैया को या बापू को बुलावा लेके, उसके ससुराल भेजे लेकिन माँ इसमें असमर्थता दिखाती है। इस पर कन्या अपने मन को सांत्वना देने के लिए माँ से उन पत्तों को ही भेज देने का आग्रह करती है, जिन पर इस अवसर का विशेष पकवान खाया जाता है।)

कुरले=भंवर। अते-पते हो=इधर-उधर घूमी हुई रही। घरी गच्छा हो=घर जाने के लिए। भाऊए जो=भाई को। सादा=बुला लाने को। निक्का याणा=बहुत छोटा। ईणा=आना। बिरध-सयाणा=वृद्ध। पिंदड़ी=पकवान विशेष। पट्ठे=पते। जिन पर पिंदड़ी खाई जाती है।

(चम्बा का गीत)

गोली गो हो, हो हाया बेले होना।
गोली गो हो ।।
साङा मा साङ, हो योद ले वेसारो।
साङा मा साङ ।।
ऊ वो मा ऊ, हो नारी कासङ ऊ ।।
ऊ वो मा ऊ ।।
ऊम ता ऊ ज्ञोश, हो हात थोच्या मी भाईच्।
ऊम ता ऊ ज्ञोश ।।
थोम ता थो ज्ञोश, हो काशो मोरेयो मीस।
थोम ता थो ज्ञोश ।।
थोम ता थो ज्ञोश, हो हात लान चीदया भी भाईच्।
थोम ता थो ज्ञोश ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लान चम लान चीश, हो परिगास नारसिंग माराच् ।
लान चम लान चीश ।।
ऊ वो मा ऊ, हो बोरासङ ऊ ।
ऊ वो मा ऊ ।।
ऊम ता ऊझोश, हो हात थोच्या मी माईच् ।
ऊम ता ऊझोश ।।
थोम ता थोझोश, हो काशी सोरेयो मीस ।
थोम ता थोझोश ।।
थोम ता थोझोश, हो हात लान चिदया मी माईच् ।
थोम ता थोझोश ।।

(किन्नौर में नरगिस के फूलों ('नारी कासङ ऊ' तथा 'बोरासङ ऊ') का फूलना, वैशाखी के आगमन का सूचक है। 'बीश' का किन्नौर में बड़ा महत्त्व है। यह पर्व 'बीश' इस क्षेत्र में वैशाख के पहले सप्ताह में मनाया जाता है। 'बीश' के दिन प्रकृति की पूजा की जाती है। कहीं-कहीं इस अवसर पर धरती-माँ की पूजा की जाती है, तथा इसी पूजा के साथ, खेतों में होनेवाले बोआई से लेकर फसल की कटाई तक के सभी आवश्यक कार्यों को रस्म के तौर पर निभाया जाता है। फिर 'बीश' के दूसरे दिन से ही सभी किसान फसलों की बीजाई आरम्भ कर देते हैं।) (किन्नौरी 'बीश' गीत)

लागे मेरे सजना,
म्हारे बोलो विशु रे मेले ।
घिरदी-फिरदी जातरा नाचो—२,
देवी रा रथटू सभी तो आगे।
आगे मेरया सजणा—२,
देवी रा रथटू सबी तो आगे ।
म्हारे बोलो विशु रे मेले,
लागे मेरे सजना, म्हारे बोलो···।

(गीत में, बैशाखी-मेले के अवसर पर, देवी की शोभा यात्रा की चर्चा है।)
जातरा=शोभा यात्रा। रथटू=रथ ।

(महासूई 'बीश' गीत)

दशहरा

प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर दशहरा पर्व मनाया जाता है। कार्तिक नवरात्रों में बहुधा स्थानों पर रामलीला खेली जाती है। दशहरा कुल्लू में सर्वाधिक धूमधाम से मनाया जाता है। कुल्लू का दशहरा मेला विजयदशमी से प्रारम्भ होकर सप्ताह भर तक रहता है। कुल्लू के दशहरे को अब अंतराष्ट्रीय स्तर की ख्याति मिल चुकी है। मेले में कुल्लू भर के देवता पहुँचते हैं। मेले में पहुँचने वाले इन देवताओं की संख्या पहले की अपेक्षा अब बहुत कम है। मेला, मनाली की हिडिम्बा देवी की आज्ञा से आरम्भ होता है। मेले में पहुँचने वाले

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रत्येक देवता के साथ देवता-वाद्य व लोक-गायक, नर्तक साथ आते हैं। ये लोक गायक-नर्तक दल आकर्षक नृत्य प्रस्तुत करते हैं और अनेक गीत प्रकार गाते है। इस अवसर से संबद्ध एक गीत का अंश :—

दशहरा गीत

कुलुए दशेहरे स्टेज लागा बौणदा,
चऊए चकूणिए चक।
चक भले माह्णुआ,
चऊए चकूणिए चक ॥
बीजा बोला दशमी लागी म्हारै कुलुए,
म्हारे जाचा बे जाणा।
जाणा भले माह्णुआँ,
म्हारै जाचा बे जाणा ॥
देशा-देशा रे आए म्हारे पाउणे,
भात लोड़ी जाटू रा खाणा।
खाणा भले माह्णुआ,
भात लोड़ी जाटू रा खाणा ॥

(कुल्लू में विजयदशमी समारोह मनाया जा रहा है। समारोह के लिए स्टेज बन रहा है। हम भी दशहरा-समारोह देखने जाएँगे। समारोह में दूर-पार के अनेक व्यक्ति पहुँचे हैं, अतिथि आए हैं, ऐसे अवसर पर 'जाटू' (स्थानीय चावल विशेष) का भात खाना है।)

दीवाली

दीपावली का समय व मनाने का ढंग अवश्य अलग-अलग है परन्तु यह पर्व प्रदेश में लगभग हर स्थान पर मनाया जाता है। इस अवसर से संबद्ध भी अनेक गीत प्रकार प्रचलित हैं। अथ :

धुप्पू

धुप्पू ता मेरा पंजरंगा भाई पंजरंगा,
सहियो धुप्पू लै।
भाभो तां जांदी कुम्हार हटड़े, कुम्हार हटड़े,
मैं बी गई गजरेड़े, सहियो......................
भाभो तां ल्यांदे कुजमलू, कुजमलू,
मैं बी ल्यांदा चंगा थाल, सहियो..........
भाभो दे आए पाँवनड़े, पांवनड़े,
मेरा बी आया सका भैड़, सहियो............
भाभो बी जांदी तेलियाँ दे, तेलियाँ दे,
मैं बी गई गजरेड़े, सहियो....................

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भाभो ल्यांदी तेल पली, तेल पली,
मैं बी अंदा ध्यूए पेड़ा, सहियो..............
भाभो बी रिन्ही तिल-खिचड़ी, तिल खिचड़ी,
मैं बी रिन्ह्या भता ढेला, सहियो..........
भाभो तां कुट्टी मुंगरिए, मुंगरिए,
मैं बी चक्या बड़ा डींग, सहियो.............
भाभो तां सुती ओबरिया, ओबरिया,
मैं बी सुती चंगे पौड़े, सहियो.............

(गीत में भावज के प्रति ननद की स्पर्धा का चित्रण है।)

कुजमलू=मिट्टी का कसोरा। चंगा=उतम। पांवनड़े=अतिथि। सका भैड़=सका भाई। रिन्ही=पकाई। चक्या=उठाया। कुट्टी=पीटी। डींग=लट्ठ। सुती=सोई। ओबरिया=अंदर के बन्द कमरे में। पौड़े=खुले दालान में।

निरबोनिङ ता बाटा राज़ाओ—२,
निरबोनिङ ता बाटा वाटनी नाचो—२,
निरबोनिङ ता काली बुकरी बाज़ो—२,
निरबोनिङ ता ज़ौली घोंसी बाज़ो—२,
....

(किन्नरी 'द्विआल' गीत)

इस अवसर-विशेष पर लोयर महासू क्षेत्र में, रामायण को विशेष गीत-संगीत रूप दिया गया है, जिसे, 'बरलाज' कहते हैं। 'बरलाज' में रामायण के विभिन्न प्रकरण तीन भागों में बाँट कर सुनाए जाते हैं। इनके नाम हैं—'रमैण' 'रथौल' व 'छोकड़ा'। रामायण के वनवास प्रकरण में सीताहरण के बरलाज व्याख्यान के अंश :—

बरलाज

रमैण

एबे भाया रामा लखणा, नठे जाओ जंगला ओ,
पंजवटीए डेरा बे जमाओं, दशुओ खे,
होए लंका खबरो,
सिया रहि रे जंगलो दे आए।
एबे भाया सुईनुआ, मेरेया भाइया ओ,
मेरे संगे जंगलो खे चाले, सिया देओते,
आए रौहे बणो दे ओ,
म्हारे ए नारी लंका के ले आणे।
एबे भाया आगे-पीछे, नठो सुइनु दशुओ,
पंजवटी रे निऊड़े रे जाओ, सुइनुए,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

की भाइयो अरजो,
पंजवटी रे निऊड़े रे जाओ।
एबे भाया सिया रा गो डेरा दशो, सुइनू हो,
तुमे दशुआ चौगस रौहे मेरे वणना,
सुइने रे मिरगो,
तौबे दशुआ सिया रे भगावे।
एबे भाया सुइने रा बणो सुइनू मिरगो,
सिया रे आंगणो दे घूमों, सिया देओते,
देखो भाइयो मिरगो,
तेस देखी रो मोहितो रे होए।
एबे भाया सुइने रा घाई देणा मिरगो,
मेरे नीणी रे जुधया नशाणी, रे हाथो दा,
लओ रामा धणशो,
चाले जाओ रे मिरगो रे धोरे।

(राम-लक्ष्मण, सीता सहित बन में चले जाते हैं। वहाँ पंचवटी में वे रहने लगते हैं। लंकेश को इस बात की सूचना मिल जाती है कि राम-लक्ष्मण के साथ सीता भी वन में आई है। रावण मारीच को वताता है कि सीता वन में आई है और हमने उसे लंका हर लाना है। रावण व मारीच पंचवटी के पास आ जाते हैं और राम-लक्ष्मण तथा सीता को देखते हैं। मारीच रावण को कहता है कि मैं सोने का मृग बनता हूँ, तुम होशियार रहना और सीता को भगा ले जाना। मारीच सोने का मृग बन कर पंचवटी के पास घूमने लगता है। सीता, सोने का मृग देख कर उस पर मोहित हो जाती है। यह मृग मारना है और यह निशानी मैंने अयोध्या ले जानी है, यह कह कर सीता, राम से धनुष उठाने व मृग को मार लाने का आग्रह करती है।)

दशुओ खे=रावण को। सुइनू=मारीच। निऊड़े=समीप। चौगस=होशियार। मिरगो=मृग। धाए देणा=मार देना। नीणी=ले जानी है। धोरे=पीछे।

रथौल

राम देखो जंगले चला जाओ,
भले जी।
आगे-आगे मिरग भागो,
भले जी।
पीछे जुध्या रे राम भागे,
भले जी।
ना देख डेरे दा जती बैठा होला,
भले जी।
ना देख सुइनु था अरज करो तो क्या बोलूं,
बोलो भला जी॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ना देख राम बणी जाओ,
भले जी।
जती खे हाको देओ,
भले जी।
दौड़ी रो वणे औवी जाणो,
भले जी।
ना देख राम मिरगे घेरी पाया,
भले जी।
ना देख सीता हाक शुणो,
भले जी।
जती खे बोलो,
भले जी।
जंगले चलें जाणो,
भले जी।
स्वामी मिरगे घेरी पाए,
भले जी।
सिया जती रे झेड़ा लागो,
भले जी।
दूजी हाक तइएं आए,
भले जी।
ना देख जती था अरज करो तां क्या बोलूं,
बोलो भला जी।
ना देख धणश थागी देओ,
भले जी।
डेरे गिरदी धणशो री कार देओ,
भले जी।
ना देख सीता के अरज करो तो क्या वोलूं,
वोलो भला जी ।।
ना देख कारो को बाहर नई जाओ,
भले जी।
कार कोई अंदर लंघी पाला,
भले जी।
जाली रो भस्मी रा ढेर हुई जाला,
भले जी।
हाथो दे धणश लाओ,
भले जी।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रामो रे धोरे चला जाओ,
भले जी।
ना देख लंका रा रावण था क्या काम कमाओ,
भले जी।
ना देख साधु रा भेष बणावी देओ,
भले जी।
लाम्बी शिरो दी जटा लाओ,
भले जी।
सीता रे डेरे आवी जाला,
भले जी।
माता करी रो भिक्षा माँगो,
भले जी।
भोली-भाली सीता होली,
भले जी।
भिक्षा लई रो बाहरे आओ,
भले जी।
ना देख रावण था बाहों को थामों, तुरत सुदी बठाली देओ।
भले जी।

(राम धनुष उठा, मृग के पीछे चले जाते हैं। आगे-आगे मृग व पीछे-पीछे राम भागते हैं। पंचवटी में सीता के साथ लक्ष्मण बैठा है। मारीच राम की आवाज़ में लक्ष्मण को पुकारता है कि हे लक्ष्मण, मुझे मृग ने घेर लिया है, इसलिए तू शीघ्र वन में आकर मेरी रक्षा कर। सीता को यह करुण पुकार सुनाई देती है। वह लक्ष्मण को, वन में जाकर राम की रक्षा करने का आदेश देती है। लक्ष्मण, सीता के बार-बार कहने पर वन में जाने के लिए विवश हो जाता है। धनुष उठा कर जाते हुए, वह धनुष से एक रेखा खींच देता है, और सीता से यह निवेदन करता है कि इस रेखा से बाहर न जाना। रेखा के अन्दर जो भी आएगा, वह भस्म हो जाएगा। यह निवेदन कर लक्ष्मण धनुष को संभाल, राम को ढूंढने चल देता है। उसके जाते ही रावण साधू का वेष बनाकर सिर पर लम्बी जटाएँ लगा कर सीता के आंगन में पहुँच जाता है और 'माता' पुकार कर भिक्षा माँगता है। भोली सीता भिक्षा लेकर लक्ष्मण रेख से बाहर आ जाती है और रावण उसे बाँह से पकड़ कर उठा लेता है।)

तइंए=फिर, और। थागी-देओ=उठा लेता है। गिरदी=चारों ओर।

छोकड़ा

बोले राणिए रोचना दे हाया—२।
खिशकी भाइयो रे जाओ—२।
रावणे रथो दी बठयाली—२।
बणो दा गरड़ो रे मिलो—२।
जुध बे गरड़े रे कीयाँ—२।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जुधो दा गरड़ो रे हारो—२।
रथ बे काशो दे लाया—२।
सिया रे लंका पझाई—२।
बागो दे सीतला रे राखे—२।
देओते हाटे रो आए—२।
डेरे दे सीतला रे ढूढ़ो—२।
डेरे बे सीतला ना मिटो—२।
राम जी आशुए रे रुणे—२।
जती रे बरजणे लागो—२।
रोए ना राम जी ना ए रोए—२।
जुणिए सीतला रे चोरी—२।
गालमे तेसरा रे बेजा—२।

(सीता रोती चिल्लाती है, छूटने का प्रयत्न करती है रावण उसे रथ में बिठाता है। वन में गरुण (जटायु) मिलता है। जटायु रावण से युद्ध करता है। युद्ध में जटायु हार जाता है। रावण रथ को आकाश में ले उड़ता है और सीता को लंका पहुँचाता है। लंका में सीता को बाग में रखता है।

राम लक्ष्मण वन से लौटते हैं, पंचवटी में सीता को ढूँढते हैं। वहाँ सीता नहीं मिलती है। राम विलाप करते हैं। लक्ष्मण ढाढ़स बंधाते हुए कहते हैं कि जिसने भी सीता को चुराया है, हम उसका बीज नाश कर देंगे।)

काशो दे=आकाश में। पझाई=पहुँचाई। ना मिह्टो=नहीं मिली। जुणिए=जिसने। गालमे=नाश कर देंगे। देओते=राम-लक्ष्मण।)

दीवाली के अवसर पर ऊपरी महासू क्षेत्र में भी 'काब' 'देयौली' आदि स्थानीयसंज्ञा से सीता हरण से रावण वध तक के राम-चरित मानस प्रसंग गाए जाते हैं। प्रसंग का अंश :—

ऊपरी महासू क्षेत्र

इन्द्रा कागणा चूटी—२।
डेवी लंका रे बाजारे—२।
सारी दामोदुवी लंका—२।
दशु दामोदुवा राई—२।
बासना कीदा का आई—२।

(स्वर्ग से इन्द्र का काक आया। वह लंका नगरी में गया। उसके कारण सारी लंका सुवासित हो गई। अपूर्व सुगन्धि से राजा रावण भी सुवासित हो गया। सब अचम्भित थे कि यह मोहक सुगन्धि कहाँ से आई।)

कागणा=काक। दामोदुवी=सुवासित हुई। दशु=रावण। राई=राजा। कीदा=कहाँ से।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिरमौर क्षेत्र में भी राम-चरित-मानस दीवाली और फिर सर्दियों में 'रासे' व 'हरुल' नाम से गाया जाता है। एक 'हरुल' अंश :—

एथा लागा बोलदा औरै का बौले,
जुधो लाया रे, रामो-रावणो रा।
कुणी जाला रामो, रे जुधो दा,
आपी जाला रे, रामो रा हणुआँ।
म्हीना आया षाढ़ो, सावणो रा।
पाणी लागो रे, नान्हों जुरबूरो।
लागी बरखा शौरू, पाथरो री,
ऊबों जाणा रे, धारा नंगरी खे।
....

(प्रस्तुत 'हरुल' अंश, रामचरित मानस में राम-रावण युद्ध प्रसंग से है।)

जुधो = युद्ध। हणुआँ = हनुमान। षाढ़ो = आषाढ़ का। नान्हो जुरबूरो = महीन फुहार, बूंदावाँदी। शौरू-पाथरो री = कंकड़-पत्थर की।

'वरलाज'-दयोठण रामनौमी आदि धार्मिक पर्वों पर भी गाया जाता है।

शिवरात्रि

शिगरात्रि उत्सव प्रदेश भर में मनाया जाता है। 'गद्दी' विशेष रूप से शिवभक्त होते हैं। अस्तु यह पर्व इनके लिए विशेष महत्त्व का है। इस पर्व पर 'गद्दी लोग वड़ी धूम-धाम करते हैं नाचते हैं व अनेक लोक गीत व 'ऐंचली' गाते हैं। ऊपरी महासू क्षेत्र में शिवरात्रि ३ दिन का उत्सव होता है। पहले दिन गणपति, दूसरे दिन पार्वती और तीसरे दिन (शिवरात्रि के दिन) शिवजी का पूजन होता है। इस अवसर पर इस क्षेत्र में विशेष गीत गाए जाते हैं। अथ :—

शिवरात्रि गीत

(i) सईं आओ पाज़े री डाली—२।
चोड़ो ना पाज़े री डाली—२।
लोगु तां बांडदे गाली—२।
सईं आओ ज़ौआ री वागै—२।
चोड़ो ना ज़ौआ री डाली—२।
लोगु तां बांडदे गाली—२।
सईं आओ बेला री पाची—२।
चोड़ो ना बेला री डाली—२।
लोगु तां बांडदे गाली—२।
सईं आओ आँगणे ताटी—२।
खाड़ू मोटै बाक़रे काटी—२।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(यह शिव-स्वागत गीत है। गीत में शिवजी को सावधानी के साथ आने के लिए कहा गया है, और उनके घर पहुँचने पर स्वागतार्थ 'खाडू-बकरे' काटने की चर्चा है।)

सईं=शिवजी। चोड़ो ना=तोड़ो ना। बांडदे=देते हैं।

(ii) सईं चालो आपणे घौरे—२।
ऋण पाओ लोगुऐ गौले—२।
ओडू का बाशुवी शेरी—२।
सईं लागी धौरा री तैंरी—२।
सूले डेवे आपणी काठी—२।
एरे सैंयां डेके ना लोटी—२।
सूले डेवी आपणे घौरे—२।
शीघे आवी आगुले शौरे—२।

(यह शिव-विदाई गीत है। गीत में शिवजी को सावधानी के साथ जाने के लिए कहा गया है।)

गौले=गले में। सूले=धीरे। ओडू=खेत का किनारा। तैंरी=तैयारी। डेके ना लोटी=ढाँक में ना लुढ़कना। शीघे=शीघ्र। शौरे=सर्दियों में।

शिवरात्रि पर्व की सर्वाधिक धूम-धाम मंडी क्षेत्र में होती है। मंडी में शिवरात्रि से आरम्भ होकर सप्ताह भर तक शिवरात्रि मेला लगता है। इस अवसर पर मंडी भर के देओ (देवता) मंडी पहुँचते हैं। देवी-देवताओं के साथ आठ व्यक्ति देवता वाद्यों के संग अनेक नृत्य व गीत प्रस्तुत करते हैं। गीतों की विषय-वस्तु विविध रहती है। शिव-महिमा गीत का अंश :—

हाथा लया लोटा, काछा लई धोती,
हो मेरे संभू, समुंदर न्हौण चली,
हो कैलासों के वासी, संकट सभी रे तू हरी लै।
....

लोहड़ी

प्रदेश के प्रायः निचले क्षेत्रों में माघ संक्रांति को मनाया जाने वाला, 'लोहड़ी' एक प्रसिद्ध त्योहार है। पर्व से लगभग ८ दिन पहले बालक-बालिकाएँ, 'लोहड़ी' मांगना आरम्भ कर देते हैं। बालक बालिकाओं के दो या दो से अधिक संख्यक दल घर-घर लोहड़ी गाते हैं। बदले में इन्हें नकदी या अन्य रूप में कुछ पारिश्रमिक मिलता है। बालक-बालिकाओं के ये दल अनेक गीत गाते हैं। अवसर से संबद्ध एक गीत का अंश :—

लोहड़ी :

लोहड़ी आई भाभी लोहड़ी आई।
क्या लेई आई भाभी क्या लेई आई।
भटूरे-भल्ले ल्याई भाभी भटूरे-भल्ले ल्याई॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लुंगी केह्ड़ा टोपा भाभी लुंगी केहड़ा टोपा ।
सौह्रड़ा घर खोटा, भाभी सौह्रड़ा घर खोटा ।।
ब्याह्इए घर मिट्ठा भाभी ब्याह्ईए घर मिट्ठा ।
उखलिए दो घाणे भाभी उखलिए दो घाणे ।
कूटेगी दराणी भाभी फड़ाकेगी जठाणी ।।
समटुए दो काजल भाभी, समटुए दो काजल ।
भाइया साडा हाजर भाभी भाइया साडा हाजर ।।

(गीत, लोह्ड़ी से पूर्व आठ दिन तक गाया जाता है । गीत में लोह्ड़ी के अवसर की धूमधाम, खान-पान, काम-काज व ससुराल के जीवन की झलक का चित्रण भाभी के माध्यम से किया गया है ।)

होली

होली का त्योहार प्रदेश में अधिकतर भागों में धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर होली के हुड़दंग में अनेक भजनों-कीर्तनों के अतिरिक्त संवद्ध विशेष रचनाएँ भी गाई जाती में। उदाहरणार्थ :—

होली : गीत

रंग दे, चुनरिया रंग दे ।
अज मोरे पिया से—२,
रंगाई मंगदे । रंग दे, चुनरिया
हमरी चुनरिया पिया की पगरिया,
दोनों बंसती रंग दे, हो मेरे रामा,
दोनों बंसती रंग दे ।
आज मोरे पिया से—२,
रंगाई मंगदे, रंग दे, चुनरिया
ओ मोरे पिया, रंगाई ना देवे—२ ।
दो मण गैह्णे धर दे, हो मेरे रामा,
दो मण गैह्णे धर दे ।
अज मोरे पिया से—२ ।
रंगाई मंगदे । रंग दे, चुनरिया

(चम्बा का एक होली गीत)

रली

प्रदेश के निचले क्षेत्रों में रली, चैत्र संक्रांति से वैशाखी तक खेला जाने वाला, शिव-पार्वती के विवाह का एक ऐसा मनोरंजक खेल है, जिसे विवाहित महिला आयोजित करती है, और कुंवारी कन्याएँ खेलती हैं । शिव पार्वती मिट्टी के बनाए जाते हैं, जिन्हें 'रलीशंकर कहते

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हैं। चैत्र मास पर्यन्त खेले जाने वाले इस खेल में, प्रतिदिन के क्रिया-कलाप के साथ, अनेक गीत गाए जाते हैं। अथ :—

रली के गीत

(नहाने जाते समय का गीत)
हे वाही थी अमली, जम्या था अप्पू बारी,
अमली मंगदी वधाई रे।
हे छेयां महीन्यां अप्पू फुल्या बारी,
अमली मंगदी बधाई रे।
हे उठ मेरेया नाइया, नणदा देया भाइया बारी,
नणदा तू सद बुलाओ रे।
हे आओ मेरया भाइया बही जा पटड़े बारी,
दुख सुख गलाओ रे।
हे उठ मेरे घारो पिड़ मेरी पालकी बारी,
मैं बी पेंईएँ जाणा रे।
हे आओ मेरी नणदे बैठ पटड़े बारी,
दुध चरणा धुलाओ रे।
हे आओ मेरी नण्दे, बैठ पलंगे बारी,
दुख-सुख गलाओ रे।
हे औंदिया नणदा रुण झुण लाई बारी,
जांदिया भरे तलाओ रे।

(गीत में विवाहित ननद को भाभी द्वारा बुलाए जाने तथा उसका पूरा सत्कार किए जाने की चर्चा है। पीहर जाने की प्रसन्नता तथा पीहर से जाने पर की व्यथा का भी संकेत है।)

गलाओ=कहो। घारो=कहारो। पिड़=तैयार करो। पेंईएं=पीहर। रुणझुण=चहल-पहल, चहचहाना। भरे तलाओ=बिलख-बिलख कर रोई।

'आल-पाल' खेलने जाते समय का गीत

धोड़ी तेरी बे बीरा सोह्‌णी,
बणदी काठियां दे नाल,
मैं बलिहारी ओ मेर्‌या सुरजणा।
बागों वीचों-बीच ल्याओ,
चोट नगार्‌याँ घर ढुँढणाँ ॥
सेह्‌रा तेरा बे बीरा सोह्‌णा,
बणदा कलगियाँ दे नाल,
मैं बलिहारी ओ मेर्‌या सुरजणा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बागों बीचों-बीच ल्याओ,
चोट नगार्यां घर ढुँढणा ।

(तेरी घोड़ी सुंदर काठी से और तेरा सेह्‌रा आकर्षक कलगी से सोह रहा है। इस अनूठी सजधज में भइया की मैं बलिहारी। इस सजे-धजे भइया को उद्यान के बीचों-बीच लाओ। मंगल-बाद्यों से घर का पता लग जाएगा।)

रात्रि के समय का गीत

पारलिए धारे ओ डरावणिए, कि ओ डरावणिए,
कि घख मुइए न्हिठड़ी होयाँ ।।
तखत बहिठेया ओ सौह्‌रया जी, कि ओ सौह्‌रया जी,
कि घख जी ओ पेइंयड़े भेज ।
हऊँ क्या जाणू ओ मेरी कुलबहुए, कि ओ कुलबहुए,
कि जाई अपणिया सस्सू न पुच्छ ।।
नरमा कतैंदिया ओ सासु जी, कि ओ सासु जी,
कि घख जी ओ पेइंयड़े भेज ।
हऊँ क्या जाणू ओ मेरी कुलबहुए, कि ओ कुलबहुए,
कि जाई अपणे जेठे नूँ पुच्छ ।।
सरियाँ खलैंदयो ओ जेठा जी कि ओ जेठा जी,
कि घख जी ओ पेईयड़े भेज ।
हऊ क्या जाणू ओ मेरी कुल भाभिए, कि ओ कुल भाभिए,
कि जाई अपणिया जठाणिया नू पुच्छ ।।
कसीदा कढ़ैंदिए ओ जठाणिए जी, कि ओ जठाणिए जी,
कि घख जी ओ पेइंयड़े भेज ।
हऊँ क्या जाणू ओ मेरी कुलद्राणिए, ओ कुल द्राणिए,
कि जाई अपणे द्योरे नूँ पुच्छ ।।
खिनुआ खल्हैंदेया ओ द्योरा जी, कि ओ द्योरा जी,
कि घख जी ओ पेईंयड़े भेज ।
हऊँ क्या जाणू ओ मेरी कुल भाभिए ओ मेरी कुल भाभिए,
कि जाई अपणी नणदा नूँ पुच्छ ।।
गुडियाँ खल्हैंदिए नणदे जी, कि नणदे जी,
कि धख जी ओ पेईंयड़े भेज ।
हऊँ क्या जाणू ओ मेरी कुलभाभिए, ओ कुल भाभिए,
कि जाई अपणे कंते नूँ पुच्छ ।।
सुइना तुलैंदेया ओ कंता जी, कि ओ कंता जी,
कि घख जी ओ पेइंयड़े भेज ।
ल्यायां ग्वालुआ ओ तिरम छटी, कि ओ तिरम छटी,
कि नाजो दी मैं जाऊँ-जाऊँ चुकाऊँ ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(गीत में विवाहिता के पीहर जाने की तीव्र इच्छा, इच्छा पूर्ती के लिए ससुराल के सदस्यों से विनती तथा विनती का अस्वीकार होना चित्रित है।)

नरमा = रूई। सरियाँ = चौपड़। चुकाऊँ = समाप्त करूँ।

सफाई करने, लीपने-पोतने के वक्त का गीत

बौह्‌टड़िये सूह्‌ण ल्यौ—२।
सूह्‌यां घर-घर चन्ना। बौह्‌टड़िए……
बौह्‌टड़िए गोहा ल्यौ—२।
लिप्यां घर-घर चन्ना। बौह्‌टड़िये……
बौह्‌टड़िए गोलू ल्यौ—२।
परोल्याँ घर-घर चन्ना। बौह्‌टड़िए……

बौह्‌टड़िए = बहुए। सूह्‌ण = झाड़ू। गोहा = गोबर। गोलू = सफ़ेद चिकनी मिट्टी। लिप्याँ-परोल्याँ = लीप-पोत। चन्ना = दाएँ-बाएँ की दीवार।

फूल चुनते समय का गीत

फुल चगंदिए दाड़बाड़लिए, महाराज जी,
अज न डँसी कल नागणुए, महाराज जी,
फेर ना आऊँ तेरे बाग में।

(सुगंधित फूलों की बगिया में साँपों का वास माना जाता है। इसलिए फूल चुनते हुए यह प्रार्थना की जा रही है, कि हे भगवान, आज सांप न डसे, तो फिर मैं बगिया में नहीं आऊंगी।)

'ऐत-सोम' खेलने जाते समय का गीत

झोलिया-झोलिया धूमाँ पइयाँ,
मेरी झोलणी मरदानिया।
अंदर बैठी सीण लगी, सीण लगी,
बाहर धूमाँ पइयाँ,
मेरी झोलणी मरदानिया।

धूमां पइयाँ = धूम-धाम हुई। सीण लगी = सीने लगी।

'गुग्गा' (भारथ)

भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की नवमीं तक प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में 'गुग्गा'-मण्डलियाँ'' घर-घर में गाँव-गाँव घूम कर 'गुग्गा' गाती हैं। 'गुग्गा' जिसे 'भारथ' भी कहते हैं, 'मारुए' (मरू देश-राजस्थान) के एक क्षत्रीय ऐसे वीर की गाथा है, जो अलौकिक था। बहुधा, 'गुग्गा' सर्प-प्रकोप से अभय का प्रतिष्ठित प्रतीक है। सर्प-प्रकोप अभय के लिए ही 'गुग्गा' प्राय: गाया-सुना भी जाता है। 'गुग्गा' का प्रतीक (बहुधा सर्पमुखी लोहे की छड़ें) लिए 'मंडली'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दो भागों में बंट कर 'गुग्गा' गाती हैं। ताल के लिए मंडली के पास डमरू होते हैं, जो लय विशेष में 'गुग्गा' गायन के साथ अविराम बजते हैं। मंडली के दोनों दल बारी-बारी, एक के बाद दूसरा वीर-गाथा को क्रम से गाते हैं। 'गुग्गा' गाने के उपलक्ष में 'मंडली' को आटा, दाल, चावल, घी आदि एक थाल में सजाकर कुछ नकदी के साथ दिया जाता है। पूरे "भारथ" के लिए 'मंडली' विशेष को आमंत्रित करना पड़ता है, जिसे 'डेरा देना' कहा जाता है। इस अवस्था में आमंत्रण देने वाला परिवार आमंत्रित मंडली को भोजन के अतिरिक्त कुछ पूर्व-निर्धारित पारिश्रमिक देता है और मंडली रात्रि-पर्यन्त 'भारथ' सुनाती है।

'गुग्गा' गाने वाली इन मंडलियों का प्रस्तुतीकरण बोल लय-स्वर पर्याप्त भिन्न रहता है। दो भिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत 'गुग्गा-भारथ' के प्रसंगांश :—

'गुग्गा'

गुरू गोरखनाथ होर तिनांदा नौलख चेला डेरे च बैठे होय। 'काह्नी' नांवा चेला गुरू गोरखनाथ ते पुच्छदा :—

सत्या दे द्वारे बता दे, मैं जाणा सत्या दे द्वारे।
सत्या दे द्वारे जेगियाँ दा कम्म जेह्ड़ा होन्दा,
सैं गुरू जी हौंदा भीख मंगणे दा।
गुरू गोरखनाथ जी कैहंदे, कि बेटा
पहलीं सत्या जो है, ओ है धरती माता,
जेह्ड़ी देवे ज्यूंद्या-मूयाँ विश्राम।
दूजी सत्या वाली गंगा मइया,
जेहड़ी धोई जांदी हिन्दुआँ दे पाप।
तीजी सत्या वाली दुर्गा माता,
किले काँगड़े च जेह्ड़ी लई जाँदी मानषाँ दी, भेंट।
तिज्जी ही सत्या वाली बाछल माता बागड़ देस में,
जेह्ड़ी भुख्याँ नू भोजन देई जाँदी।
....

(गुग्गा जन्म प्रसंगांश)

सत्या=सत्यबल। बाछल='गुग्गा' राणा की माँ। बागढ़ देश=राजस्थान।

'गुग्गा' जन्म बधाई'

मारूए बाबा देसा राणेया,
पीरा हुण जन्मेया।
मारूए चानण होया।।
अज मारूए बाबा देसा पीरा हुण,
दुबां राज्या वंड्या।
अज तेरियाँ बधाइयाँ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अज मारूए बावा देसा पीरा हुण नौंह्दा,
अज सुइने दा टाका।
पाई ओ लया॥
अज मारूए बावा देसा जी ओ राणेया,
कपला ओ बछियाँ।
मिलदियाँ दाइया॥
अज घोड़ा वे दुसाला जीओ राणेया,
अज मिलदा मरयासियाँ।
अज मिलियाँ राजेया,
तेरीयाँ बधाइयाँ॥

'मरू' देश में 'गुग्गा' ने जन्म लिया है। सारे देश में अलौकिक प्रकाश हो गया है। 'गुग्गा' के जन्म पर राजा को बहुत-बहुत वधाई। 'गुग्गा' जन्म की अपार प्रसन्नता में 'दाई' को गाय-बछिया तथा वाद्य-वादकों को घोड़े-दुशाले उपहार में दिए जा रहे हैं।)

'गुग्गा' युद्ध प्रसंग

ओ दोनों भेड़ मसेरे अरजण-सुरजण,
दिलिया बाछेह् सदाए ओ।
ओ बोले बाछाह् राज दुआणा मेरे मारुआ,
कुण गल ते घबराए ओ।
ओ बोले अरजण-सुरजण भैड़ म्हारा तगड़ा,
सौ बल तिसदे सधाए ओ।
ओ बोले बाछाह सुण गल अरजण-सुरजण
मैं बड़े-बडड़े र्हाए ओ।
ओ बोले अरजण-सुरजण धन-धन बाछाह्,
तू जे मजदा आया ओ।
ओ बोले बाछाह् फिकर करो नी मेरे भादरो,
हऊँ बी तां केह्ड़ा पराया ओ।
ओ चले अरजण-सुरजण मुकता असला,
मारुए कूच कराया ओ।
ओ सणे फौजे तां फाणिए अरजण-सुरजण,
हुकम लड़ाइया सुणाया ओ।
जी गुग्गा मालका धन-धन तेरा जी बीरा,
तेरा अंत नी पाया ओ।
ओ निल्ला खोलदा स्वारी भरदा जी मालका,
बरछा-ढाल मुँगाया ओ।
ओ पिच्चे चलदे बांके बीर बहादर,
दुसमण बिच ललकार्‌या ओ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ओ बिन वैंरिए मुकाए जी पिचड़े नी हटणा,
मालका मन बिच धार्‌या ओ।
ओ धन मेरेया जी मालका जाह्‌रपीरा,
करतब खूब दखाए ओ।
ओ काल वैंरियाँ रा चऊँ खा तू मेरे मालका ताँ,
निल्ला नजरी आए ओ।
ओ हत्थे बारछा सारिया लड़ाइया जी मालका,
वैंरियाँ रे होस भुलाए ओ।
ओ लख दुस्मण कन्ने जी अरजण-सुरजण,
परले लोक पुजाए ओ।
ओ धन मेरेया जी मालका जाह्‌रपीरा,
दुस्मण फतेह् कराया ओ।
जी गुग्गा जाह्‌रपीरा जै-जै मालका,
जै जस परजे गाया ओ।
....

(गीत में 'गुग्गा' राणा के मसेर भाई 'अरजण-सुरजण' को दिल्ली के बादशाह द्वारा बुलाने, उन्हें 'मरु' देश का राज्य दिलाने के लालच में 'गुग्गा' के विरुद्ध युद्ध करने को कहने, बहुत बड़ी फौज के साथ 'मरु' देश पर आक्रमण करने तथा 'गुग्गा' राणा के हाथों उनकी पराजय व वध होने का वर्णन है।)

सदाए=बुलाए। र्हाए=हराए। मजदा=मदद के लिए। मुकता असला=बड़ी फौज। निल्ला='गुग्गा' का घोड़ा। जाह्‌रपीर='गुग्गा' राणा। जस=यश। परजे=प्रजा ने।

किन्नौर में भी गुग्गा' पाया जाता है :—

किन्नरी राजास 'गुग्गा' गीथङ :

गुग्गे रङ सिरमौर।
मोलयो ली मोसर गा॥
गुग्गे राजास लोतोश।
का रिङ मा वना॥
ग रिङ व ब आङु ठ केतोन।
केमा ली के तोक गूगेचू यरमा॥
सिरमौर राजास लोतो का शोङ ली जेरा॥
ग शोङ व ब कास ठ केतोन।
के मा ली के तोक नयोली पोट क॥
गुगे राज़ो रानी नामङ ठ दुज्ञो।
नामङ ता लोनमा छोस किदा नामङ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

गुगे राज़ो ठ दुज़ोश ।
नामङ ताली लोनीमा इनापोली ज़ालबी ।।
दो शोङ शोङ वनना ।
शाङ करास सोमो देन ।।
शाङ करास सोमो देन ।
ब्याङ खाचा छाया ज़ो ।।
ब्याङ खासा छाया ज़ो ।।
दो शोङ शोङ वनना ।
वरु खोल गान देन ।।
शोङ ली मा थार ज़ो ।
वरु खोल गान देन ।।
इत रुद ओट के चो ।
वरु खोल गान देन ।।
ई खोचब ओट केचो ।
व्रुस न क्राब ज़ो ।।
शोङ ली मा थार ज़ो ।
खूनू मुल्कू कोमो ।।
पर न पोल टेस-टेस ।
हाचिस चान थङो ।।

(गीत में 'गुग्गा' को सिरमौर से आया बताया गया है । 'गुग्गा' को नीचे किन्नौर में आने के लिए कहा जाता है, तो वह कहता है, मुझे क्या दोगे । कहा जाता है 'यरमा' देंगे । गुग्गे की रानी का नाम पूछा जाता है, तो गुग्गा नाम बताता है-'छोस किदा' 'गुग्गे का नाम पूछा जाता है, तो गुग्गा अपने को तिब्बत का राजा बताता है । गुग्गा जब नीचे किन्नौर की ओर बढ़ता है तो उसे भेड़ें-ही-भेड़ें दिखाई पड़ती हैं । सिरमौर में प्रवेश करने के लिए 'वरु' नामक स्थान पर एक द्वार में अटक जाता है । फिर उसकी एक टांग भी द्वार में अटक जाती तब 'गुग्गा' ज़ोर से रोने लगता है और पलक झपकते वापिस तिब्बत में लौट जाता है ।)

पहिया

श्राद्धों के पश्चात्, अश्विन मास के शुक्ल-पक्ष में अष्टमीं से पूर्णमासी तक प्रदेश के निचले इलाकों में कन्याएं पहिया खेलती हैं । 'पहिया' मिट्टी का अथवा चकोतरे के बाहरी खोल का बनाया जाता है । 'पहिए' के दो अर्धगोलाकार भाग एक-दूसरे पर ठीक बैठते हैं । ऊपरी भाग के गोलाकार किनारे में झरोखे-से बने रहते हैं । जिनमें पहिए के अंदर जले दीपक को जलाए रखने के लिए वायु का संचार होता है । मिट्टी का बना पहिया, अत्यन्त आकर्षक होता है । यह पहिया एक कन्या अपने सिर पर रख लेती है । उसका एक हाथ इस 'पहिए' को थामें रहता है । 'पहिए' वाली इस कन्या को, अत्यन्त आकर्षक घागरा पहनाया जाता है, इसका मोहक श्रृंगार किया जादा है, मुख मंडल सलमें-सितारों से सजाया जाता है । इस कन्या की कमर में एक रंगीन सुंदर पटका भी बंधा रहता है । इस पटके का एक किनारा 'पहिए' वाली कन्या,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अपने दूसरे हाथ में लेकर 'पहिया' गाते हुए बैठी हुई एक अन्य कन्या के चहुँ ओर घूमते हुए, उस पर धीरे झुलाती रहती है। बैठी हुई इस कन्या को 'घुरड़ी' कहते हैं। गाते हुए टोली की अन्य कन्याएँ 'पहिए' वाली कन्या का साथ देती हैं। घर के आँगन में 'पहिया' गाने वाली टोली 'पहिया' गाती है और घर के सदस्य, पहिया' बड़े चाव से सुनते हैं। इस प्रकार यह टोली घर-घर घूमती है, पहिया गाती है। बदले में इन्हें अन्न के रूप में या नगदी, अखरोट आदि के रूप में कुछ ना कुछ घर से प्राप्त हो जाता है, जिसे टोली की कन्याएँ 'पहिए' की समाप्ती पर आपस में बाँट लेती हैं। 'पहिया' गाने के लिए कन्याओं की यह टोली, सन्ध्योपरांत निकल पड़ती हैं और दो-तीन घंटों में घूम-घाम कर लौट आती हैं।'पहिया' गीत :—

पहिया

बड़े घरे राजे बेह्ड़े सलामियाँ,
भाभिया कांतो बेलणुए छाया, फुलणुए जड़त जड़ा,
ओ नाचर पहिया रे।
काहे दी ए ओबरी नी ओबरी वारी, काहे दे खम्ब गड़े,
ओ नाचर पहिया रे।
सुइने दी ओबरी, नी ओबरी, रुपे दे खम्ब गड़े,
ओ नाचर पहिया रे।
कौण सुता इसा ओबरी,नी ओबरी वारी, कौण झेले ठंडी बार,
ओ नाचर पहिया रे।
घरे औला सुता इसा ओवरी बारी, लाड़ी झोले ठंडी बार,
ओ नाचर पहिया रे।
बाल झोलेंदिया दी बांह दुखे, नी बांह दुखे, बारी,
नैणा नूँ आवे ठंडी निंद, ओ नाचर पहिया रे।
बाहियाँ नूँ तेरियाँ नू लाल चूड़ा, नी लाल चूड़ा, वारी,
नैणा नूँ सुरमे सलाई, ओ नाचर पहिया रे।
जागो-जागो घरे वालेयो, बेह्ड़े वालेयो, बारी,
पहिया खड़ा दरबार, ओ नाचर पहिया रे।
पहिया नाचे म्हारा इक घड़ी ओ दो घड़ी बारी,
घुरड़ी नाचे सारी रात, ओ नाचर पहिया रे।
पहिया खावे म्हारा घ्यूँ खिचड़ी, ओ घ्यू खिचड़ी बारी,
दीपक माँगे तेल, ओ नाचर पहिया रे।
होरसी दा पहिया गिठ्ठू पहिया ओ गिठ्ठू पहिया बारी,
म्हारा पहिया सरदार, ओ नाचर पहिया रे।
पैरें लागी म्हारे ठांडड़ी, ओ ठांडड़ी बारी,
सिरे लागे मोतीहार, ओ नाचर पहिया रे।
अम्बर छाया तारेयाँ, ओ तारेयाँ बारी,
छप्पर नागरबेल, ओ नाचर पहिया रे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पैसा टका असाँ ना लैणा ओ ना दैणा बारी,
पंज रपइए दो पान, ओ नाचर पहिया रे।

बेलणुइँ-फुलणुएँ=बेलों से-फूलों से। ओबरी=अंदर का कमरा। बार=हवा ओला=वाला। लाड़ी=पत्नी। घुरड़ी=जिसके चारों ओर पहिए वाली कन्या घूमती है। गिठ्डू=छोटा, भद्दा।

पहिए का गीत

चँदे दी चानणी, चँदे दी चानणी,
सरपर पहिया अम्मा, कुड़िया खेलण नू जांदिया।
अम्मा दे आँगणे अम्मा दे आँगणे,
बापू दीया देवली, वोह्त खेली ओ सावरे,
खेलण ना देंदी ओ।
चन्दे दी चानणी........ ....।
ताई दे आंगणे, ताई दे आँगणे,
ताऊ दीया देवली, बौहत् खेली ओ सावरे,
खेलण ना देंदी ओ।
चन्दे दी चानणी...................................।
चाची दे आँगणे चाची दे आँगणे,
चाचे दीया देवली, बौहत् खेली ओ सावरे,
खेलण ना देंदी ओ।
चन्दे दी चानणी.................................।
दिने नू बटदी, दिने नू बटदी,
दिने नू बटदी, पुणियाँ माँ रैंनी नू,
चरखे डाह्दियाँ।
चन्दे दी चानणी.................................।
चरखे आवंदी, चरखे आवंदी,
टुलणियाँ माँ नणदाँ टोके,
दे देंदियाँ।
टोके दे देंदिया, टोके दे देंदिया,
ओ नणदाँ ओ नणदा माँ टोके,
दे दें दियाँ
इतणे दुखड़े इतणे दुखड़ें,
सैंह्दियाँ माँ जितणे,
कीकर पती बे।
चन्दे दी चानणीं.................................।

कुड़ियाँ=कन्याएँ। देवली=देहरी। सावरे=ससुराल। टुलणी=झपकी।
श्राद्धों के बाद, अष्टमी से पूर्णमासी तक, मंडी क्षेत्र में 'नाच बढो' नामक एक विशेष

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आयोजन होता है। 'नाच बढो' एक गीत विशेष है, जिसे युवक गाते हैं। गायक युवकों की टोली घर-घर जाकर 'नाच बढो' गाती हैं। युवकों के हाथों में एक-एक लाठी होती है। लाठी को भूमि पर सीधा-खड़ा ठोकते हुए ताल देकर 'नाच बढो' गाते हैं। टोली में एक 'राजा' या ग्वाला' बना होता है। अथ :—

नाच-बढ़ो

नाच बढो-नाच बढो।
गिदड़ी पो-गिदड़ी पो।
बुढ़ी की माता कुट्टे धान।
आधे पोपल आधे धान।
जले बे हरना तेरे कान।
हरना मामा डूरुआ।
तेरा पेट भटूरुआ।
हरने लाई डाकी।
हरन मूआ पटाकी।
ल्यावा लोको चाली खोड़,
ढव्बा, रोट, अछरुओ, मछरुओ,
क्या-क्या खेला पाई ओ।
आया हो राजे रा बाँठड़ा,
'रामे' रे घरा पुत्र वधाई॥

पोपल = थोथे। ल्यावा = लाओ। चाली = चालीस। खोड़ = अखरोट। ढव्बा = पैसा। बाँठड़ा = मंडी का लोक-नाटक आयोजन। 'रामे रे = जिसके घर गीत गाया जा रहा है, उसका नाम।

इसी अवसर पर युवतियों द्वारा गाया जाने वाला गीत-प्रकार, धूपू-देह्‌ल कहलाता है। युवतियाँ भी टोली बनाकर 'धूपू-देह्‌ल' गाती हैं। गायक युवतियाँ घर की देहरी पर प्रणाम कर पूजा करके देहरी को लाँघ कर घर में अंदर की ओर बैंठ जाती हैं और 'धूपू-देहल' गाती हैं। अथ :—

धूपू देह्‌ल मांदलियाँ,
ठूपू-ठेंय्याँ, तिल्ले-चौले,
मछेजड़ियाँ।
अता फुल चढ़ी के पाया,
तेता बैंठा 'कृष्णा' तू भाया।
'कृष्ण' तू चरज्यूणा होयाँ,
साते पुत्रे सौत्रा होयाँ।
भेरड़ खांह्‌या तू झिजण खायाँ,
'नीलिए' पाखिए तू बागर बाह्याँ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तेता=वहाँ। भाया=भाई। कृष्ण=जिस घर में गीत गाया जा रहा है, उस घर के किसी पुरुष का नाम। चरज्यूणा=चिरंजीवी।

भेरड़-झिजंण=मोटे-उत्तम, चावल। नीलिए=नीले रंग की। पाखिए=पंखे से (अलग-अलग रंग बोल कर गीत बढ़ाया जाता है) बागर=हवा।

(दोनों ही गीत घर वालों के लिए शुभकामनाओं से ओतप्रोत हैं)

सूही

प्राचीन काल में एक बार चम्बा नगरी में जब पानी का अकाल पड़ा, तो तत्कालीन चम्बा नरेश की धर्मपत्नी ने अपनी बलि देकर जल-संकट का निवारण किया। चम्बा की वह रानी 'सूही माता' के नाम से प्रतिष्ठित हुई और उनके बलि के स्थान पर उनकी समाधि बनाई गई जिसे 'सूही का मढ़' कहा जाता है। रानी चम्ब्याली की स्मृति में इस स्थान पर हर वर्ष मध्य वैशाख में महिलाओं का मेला लगता है। मेला चौदह दिन तक रहता है। मेले के दौरान महिलाएँ 'सुई के मढ़' पर एकत्रित होकर 'मढ़' की परिक्रमा करके 'सूई माता' की वंदना-पूजा करती है। इस अवसर पर गाये जाने वाले विशेष गीतों के अंश :—

(i) सुकरात कुड़ियो चिड़ियो,
सुकरात देवी दे देहरे ओ।
ठंडा पाणी कीयाँ करीपीणा हो,
तेरे नैणा हेरी-हेरी जीणा हो।
....

(ii) घुड़क चमक भाऊआ मेघा ओ,
वर्ह चम्ब्याली रे देसा ओ।
कीयाँ घुड़काँ कीयाँ चमका हो,
अम्बर भरौरा घणै तारे ओ।
....

मिंजर

श्रावण में चम्बा में 'मिंजर' मेले का आयोजन होता है। इन दिनों मक्की की फसल विकास की चरम सीमा पर होती है। मक्की के पौधों में 'मिंजर' (फूल) निकल रहे होते हैं। यह मेला श्रावण के दूसरे रविवार से प्रारम्भ होकर तीसरे रविवार तक आठ दिन चलता है। प्रथानुसार इस अवसर पर बहिन अपने भाई के कोट या कुरते में मिंजर का प्रतीक टांकती है। अंतिम दिन तीसरे रविवार को लक्ष्मी नारायण मंदिर से रघुनाथ जी की शोभा यात्रा अत्यंत सज-धज, धूम-धाम के साथ निकलती है, जो चम्बा के चौगान मैदान के चहूँ और घूमती हुई रावी के किनारे एक विशेष स्थान पर जा कर रुकती है। यात्रा में सहस्रों नर-नारी शामिल होते हैं। परम्परानुसार यहाँ नर-नारियों में पान-सुपारी, मिश्री आदि वितरित किए जाते हैं। व एक विशेष गीत 'कुजंड़ी' गाया जाता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'मिंजर के अवसर का गीत (कुंजड़ी)

उडा मेरी कुंजड़ियो, बरसाँ रे ध्याड़े हो,
बरसाँ रे ध्याड़े हो बे मना,
जीन्देयाँ रे मेले हो मेरे रामा जीन्देयाँ रे मेले हो वे मना,
याणी मेरी जान, सोह्णिए कुन्जे ।
उडी के बेमिलाँ, भाइयोकिहाँ उडी के बे मिलाँ,
भाइयो किहाँ उडी के वे मिलाँ,
पर मेरे सीजे हो, मेरे रामा, पर मेरे सीजे हो, बे मना,
सीजे मेरी जान, सोह्णिए कुँजे ।
रुपे मढ़ले पर तेरे रुपे मढ़ले, पर तेरे रुपे मढ़ले,
चुंज तेरी सोने हो, मेरे रामा चुंज तेरी सोने हो, वे मढ़ा
मढ़ाले मेरी जान, सोह्णिए कुँजे ।
पींह्गाँ तो पेंइयाँ, उच्चे पीपल पींह्गाँ तो पेइयाँ—
झुट्टे लाँदियाँ सेहियाँ हो, मेरे रामा झूटे लाँदियाँ सेहियां हो बे मना,
सेहियाँ मेरी जान, सोह्णिए कुँजे ।
फिरी ओ मिलांगे, जीन्दे रैंह्ले फिरी ओ मिलाँगे—
होया जुगाँ रा बछोड़ा हो, मेरे रामा, होया जुगाँ रा बछोड़ा हो, बे मना,
बछोड़ा मेरी जान, सोह्णिए कुँजे ।
हो राम भजो, रामा रामे राम ओ भजो रामे राम भजो, ओ भजो,
राम क्यों तैं बिसारेया, मेरे रामा, राम तैं क्यों बिसारेया, वे मना,
याणी मेरी जान, सोह्णिए कुँजे ।

कुँजे=पक्षी विशेष। ध्याड़े=दिन। सीजे=भीगे। रुपे मढ़ले=चाँदी से मढ़ेंगे। जीन्दे रैंह्ले=जीवित रहेंगे। जुगाँ रा=युगों का।

डखरेनी

आषाढ़ के अंत और श्रावण के आरम्भ में मनाया जाने वाला 'डखरेनी' किन्नौर का एक प्रसिद्ध उत्सव है। इस अवसर पर, किन्नौर के १३-१४ हज़ार फुट ऊँची चरागाहों में खिलने वाला 'जेबीजे' नामक पीले रंग का सुगन्धित फूल लाया जाकर देवताओं को भेंटा जाता है। नर-नारी हर्षोल्लास में नाचते-गाते हैं। माखन-लस्सी बाँटा-खाया जाता है। कहीं-कहीं इस अवसर पर गौ पूजा भी होती है। उत्सव से सम्बन्धित विशेष गीत का अंश :—

'डखरेनी' गीथङ

बन लोशीस बतो, होली रितङ सीं
बन लोशीस बतो ।।
आनू रितङ सी, होली आशारङ बियूले ।
आनू रितङ सी ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आशारङ वियूले, होली शोनङ गोल जुगे ।
आशारङ वियूले ।।
ऊ ज्ञो या ऊ, होली पीज्ञो जेवीजे ।
ऊ ज्ञो माऊ ।।
ऊ ची नी तो, होली आनू रितङ सी ।
ऊ ची नी तो ।।
उम ली ऊ ज्ञो, होली हात थोच्या मी माईच् ।
उम ली ऊ ज्ञो ।।

(गीतांश में त्योहार का समय आने, 'जेवीजे' फूलों के खिलने की चर्चा हैं। 'डखरेनी' त्योहार अपने लमय पर (आषाढ़ खत्म होने पर श्रावण आरम्भ होते ही, पहले प्रविष्टे को अपने ढंग से स्वयं आएगा। इस अवसर पर खिलने वाले 'जेवीजे,' फूल खिले भी हैं कि नहीं ? फूल अवश्य खिले होंगे। क्यों कि इनके खिलने का यही सही समय है। आ हा फूल तो खूब फूले हैं। इन्हें ले जाने के लिए तो आदमी कम हैं।)

सौमा हेयलङ

भाद्र मास से कार्तिक मास तक किन्नौर प्रदेश के प्रत्येक गाँव में 'सौमा-(मौसम) हेयलङ (धुन) पर्व, 'उख्यङ' 'देसे भादुरे' 'पींगे भादुरे' 'फुलायच' 'नीज़ा भादुरे', 'रूपी टेरास' 'चाङ माङ' आदि अनेक नामों से मनाया जाता है। इन दिनों पर्वत मालाओं से रंग-बिरंगे फूल लाए जाते हैं, उनकी मालाएँ गूँथी जाती हैं, देवताओं को भेंटो जाती हैं तथा लोगों में भी फूल बाँटे जाते हैं। विशेषतया उन लोगों को फूल मालाएँ पहना कर शोक दूर किया जाता है, जिनके सगे-सम्बन्धी बीते वर्ष में स्वर्ग सिधार गए हैं। 'सौमा हेयलङ' के अन्तर्गत मनाए जाने वाले अनेक संज्ञक ये त्योहार कहीं पाँच दिन तक, तो कहीं दो से तीन दिन तक चलते हैं। 'फुलायच' का एक गीत :—

ज़ोली फुल्याच हो,
वोण्डे नागासो ।
ज़ोली फुल्याच ।।
रूपी टेरासो हो ।
दोसी भादुरे ।
रूपी टेरासो ।।
ज़ोली फुल्याच हो,
टिकाम्वा उषा देओ ।
ज़ोली फुल्याच ।।
ज़ोली फुल्याच हो ।
चिकाम्वा नागीतो ।
ज़ोली फुल्याच ।।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ज़ोली फुल्याच हो,
पींगे भादुरे।
ज़ोली फुल्याच ।।
सारशो लोदो हो,
बोतोगु थोरिङ सी ।
सारशो लोदो ।।
बोतोगु मालोन हो,
तेगीयू थोरङ सी ।
बोतोगु मालोन ।।
ज़ोली फुल्याच हो,
ग्रोसो शोङ क्रोसो ।
ज़ोली फुल्लाच ।।

(गीतांश में कतिपय ऐसे स्थानों की चर्चा है, जहाँ का फुलायच पर्व दर्शनीय होता है। इसके अतिरिक्त पर्व मनाए जाने में देवी-देवताओं के आदेश का भी संकेत है।)

ज़ोली = दर्शनीय, बहुत अच्छा। वोण्ड-नागास = महासू के 'वोण्ड' गाँव का नागदेवता। रूपी टेरासो = किन्नौर के रूपी गांव का टेरास (फुलायच)। कम्ब्रा-चिकम्वा = किन्नौर के गाँव। ग्रौसनम = 'सुंगरा' गाँव। क्रौसो = ग्रौसनम' में स्थान विशेष।

लोसर

प्रदेश के केलँग से ऊपर लाहुल-स्पीति तथा साथ लगते कुछ किन्नर क्षेत्र में 'लोसर' नए वर्ष का पर्व है। इस क्षेत्र में नए वर्ष का शुभारम्भ, नवम्वर के अंत में (मार्गशीर्ष के मध्य में, दर्श अमावस से) माना जाता है। नए वर्ष का पर्व 'लोसर' लगभग दीवाली की ही तरह मनाया जाता है। प्रदेश के किन्नौर, ऊपरी महासू आदि क्षेत्रों में भी इन दिनों "वूढ़ी दीवाली" नामक पर्व मनाया जाता है। स्पीति में यह पर्व 'लोसर' ३ से ७ दिन तक मनाया जाता है। इस अवसर पर विशेष गीत गाए जाते हैं, जिन्हें 'लोसर की लू' कहा जाता है। ये गीत सब मिल कर गाते हैं। गायक दो दलों में बंट कर 'लोसर' के गीत गाते हैं। इसी अवसर पर देवताओं व महापुरुषों की स्तुतियाँ भी गाई जाती हैं, जिन्हें 'ड्रल्लू' कहा जाता है। 'ड्रल्लू' बैठ कर गाए जाने वाले गीत होते हैं। 'लोसर में क्रम से कुछ गीत गाए जाते हैं जैसे :—

१. ऋशी फब्चे (मंगल सूत्र)
२. ज़ोम लू (एकत्र होने का गीत)
३. गुर फवचे (घर बनाने का गीत)
४. ठ्री ज़ाङ चे (आसन बिछाने का गीत)
५. नज़ा पुलचे (कपड़े पहनने का गीत)
६. उथोद पुलचे (पगड़ी बाँधने का गीत)
७. मैंतोक पुलचे (फूल भेंटने का गीत)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विवाह एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक आयोजन है। भले ही प्रदेश के भिन्न क्षेत्रों में विवाह भिन्न-भिन्न ढंग से, रीतियों से संपन्न होता हो, परन्तु इस अवसर पर लगभग समस्त प्रदेश में विशेष विवाह गीत अवश्य गाए जाते हैं। ये गीत किन्नौर, लाहौल-स्पीति, पाँगी-भरमौर तथा शिमला व सिरमौर के अधिक ऊँचाई वाले क्षेत्रों को छोड़कर प्रदेश के शेष भागों में पर्याप्त साम्य रखते हैं। विवाह अवसर पर विवाह के भिन्न चरणों से संबद्ध अनेक गीत-विशेष गाए जाते हैं। उदाहरणार्थ वर-पक्ष की ओर गाया जाने वाला गीत-विशेष 'घोड़ी' :—

घोड़ी

किधर देसे ते घोड़ली आई मैं बारी जाँ,
भला किधर देसे नूँ जाणा मनेरिए कुँदनों।
दखण देसे ते घोड़ली आई, मैं वारी जाँ,
भला दखण देसे नूँ ज़ाणा मनेरिए कुँदनों।
कौ लख घोड़िया दा मुल्ल जे किया मैं बारी जां,
भला कौ लख वावले देणा मनेरिए कुँदनों।
अठ लख घोड़ी मुल जे किया मैं वारी जां,
भला नौ लख बाबले देणा मनेरिए कुँदनों।

('वाबुल' के स्थान पर दादा, चाचा, मामा, भाई इत्यादि सम्बन्ध-वाचक शब्द जोड़ कर गीत बढ़ाया जाता है।)

तेरिया तेजणी मत्थे विंदली मैं बारी जां,
लसकैंदड़ी तेजणी आई मनेरिए कुँदनों।
तेरिया तेजणी दे नक्के वेसर मैं वारी जाँ,
लटकैंदड़ी तेजणी आई मनेरिए कुँदनों।
तेरिया तेजणी दे पैरें कड़ियाँ मैं वारी जाँ,
छणकैंदड़ी तेजणी आई मनेरिए कुँदनों।
अंदरे-बाहरे जे फिरदी, मैं वारी जाँ,
नखरेलड़ी लाड़े दी सस, मनेरिए कुँदनों।
लाड़ा ताँ पुच्छदा जानिया मानिया, मैं बारी जाँ,
भला केहड़ा सौह्रा देस मनेरिए कुँदनों।
नगरे विच नगरोटड़ा, मैं बारी जाँ,
भला एह्ड़ा हुँदा सौह्रा देस मनेरिए कुँदनों।
लाड़ा तां पुच्छदा लाड़ला मैं बारी जाँ,
भला केह्ड़ी हुँदड़ी नार मनेरिए कुँदनों।
सालुआँ वालियाँ सालियां-मालियाँ मैं बारी जाँ,
भला रीढ़े वालड़ी हुँदी नार, मनेरिए कुँदनों।
लाड़ा ताँ पुच्छदा जानियाँ-मानिया बारी जाँ,
भला केह्ड़ी हुँदड़ी नार मनेरिए कुँदनों।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बालुआँ वालियाँ सालियाँ-मालियाँ मैं बारी जाँ,
भला बेसरी वालड़ी नार मनेरिए कुँदनों।
रोंदियाँ ता रही गइयाँ सालियाँ-मालियाँ मैं बारी जाँ,
भला डोले पाई लई नार, मनेरिए कुँदनों।
उच्चे ताँ चढ़ी के देखणे लगियाँ मैं बारी जाँ,
१२०. 'शिव' : कच्ची वो क्वारी,

ग (above रे)			
ग रे रे ग	सा रे ध़ −	ध़ सा रेग गरे	सारे रे सा −
क च्चीं वो क	वा री ऽ ऽ	बा पू देऽ ऽऽ	घऽ रा ऽ ऽ

—शेष पंक्तियां भी इसी प्रकार गाइए।

नच्चे धूड़िया तू मुंडकां खलारी,

− − − सा − सा −	सा सा − ध़ − ध़ −	सा सा − रे − सा −
ऽ ऽ ऽ न ऽ च्चे ऽ	धू ड़ि ऽ या ऽ तू ऽ	मुं ड ऽ कां ऽ ख ऽ
नि़ सा − रे − − −	− − − रे − रे −	रे रे ग ग र सा −
ला ऽ ऽ री ऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ ऽ न ऽ च्चे ऽ	धू ड़ि ऽ या ऽ तू ऽ
नि़ नि़ − प़ − रे −	रे सा − सा − − −	
मुं ड ऽ कां.ऽ ख ऽ	ला री ऽ ओ ऽ ऽ ऽ	

—शेष चरण भी इसी प्रकार गाइए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१२१. 'कृष्ण' : नदी रे कनारे नदी जमना कनारे

रे	रे	रे	सा	रे	रेप	प	परे	रे	रेम	ग	रे	सा	–	नि़	–
न	दी	रे	क	ना	रेऽ	न	दीऽ	ज	मऽ	ना	क	ना	ऽ	रें	ऽ
रे	रे	रे	सा	रे	रेप	प	रे	रे	म	ग	रे	सा	–	–	–
कौ	ण	रा	जा	ह	टऽ	ड़ी	प	वा	ऽ	ई	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ऽ

—शेष चरण भी इसी प्रकार गाए जाएंगे।

१२२. 'सीकरिए घारे' : ओ मेरिए सीकरिए ओ धारे

–	–	–	प	प	प	प	–	म	–	ग	रे	म	–	ग	रे
ऽ	ऽ	ऽ	ओ	मे	रि	ए	ऽ	सी	ऽ	ऽ	ऽ	क	ऽ	रि	ऽ
		रे				ग									
सा	–	–	सा	नि़	–	रे	र	सा	नि़	–	प़	प़	–	–	–
ए	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ओ	ऽ	धा	ऽ	ऽ	ऽ	रें	ऽ	ऽ	ऽ
प़															
रे	–	रे	सा	रे	प	प	–	म	–	ग	रे	म	–	ग	रे
धा	ऽ	रे	ऽ	जि	ऽ	त्ते	ऽ	म	ऽ	रू	ऽ	आ	ऽ	फु	ऽ
		रे				सा									
म़ा	–	–	सा	नि़	–	रे	रे	ग	रे	सा	नि़	सा	–	–	प
ल्ले	ऽ	ऽ	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ऽ	फु	ऽ	ल्ले	ऽ	ओ	ऽ	ऽ	ओ

—'मेरिए नगरा…' इसी प्रकार गाइए।

—शेष चरण भी इसी प्रकार गाए जाएंगे।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लय-ताल विवेचन

स्वर संरचना की भांति ही हिमाचल के लोक गीतों की लय संरचना भी बहुधा सरल, स्वाभाविक व मोहक है। विशेषतया नृत्य गीतों की लय में तन-मन को तरंगित करने की अद्‌भुत क्षमता है। कदाचित् नृत्य गीतों की लय में समरूप, सतत प्रवाह इसका कारण है। विशिष्ट लक्ष्य-लक्षित-लय-संरचना की सार्थकता में ये लोक गीत (नाटियां) अद्वितीय उदाहरण हैं। अन्य लोक गीतों की लय-संरचना भी पूर्णतया अपेक्षित प्रभावोत्पादक हैं। गीतों की लय-संरचना चार मात्रिक, तीन मात्रिक व सात मात्रिक लय खण्डों में निभने वाली है।

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्र किन्नौर व स्पीति के अधिकतर गीत नृत्य-गीत हैं, इसलिए इनकी लय में मन को तरंगित करने वाला समरूप, सतत प्रवाह है। इन क्षेत्रों के गीतों की लय-संरचना बहुधा द्रुत त्रिमात्रिक लय खण्डों में निभती है। कुछ लय संरचनाएँ चार मात्रिक लय खण्डों में भी निभती हैं और सात मात्रिक लय खण्ड में निभने वाली लय-संरचनाएँ नगण्य हैं। किन्नरी, द्रुत त्रिमात्रिक लय खण्डीय लय-संरचना की बोल-बाँट को इस प्रकार अंकित किया जा सकता है :

×		२		३		०	४		५		
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
धा	ति	ना	धा	गि	ना	ता	ति	ना	धा	गि	ना

मध्य लय

×		२		३		०	४		५		
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
धी	धी	ना	धी	ना	ऽ	ती	ऽ	ना	धी	ना	ऽ

—तथा स्पीति के गीतों की लय संरचना को इस प्रकार अंकित किया जा सकता है।

×			२			०			३				४			५		
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	या	१	२	३	४	५	६
धा	ऽ	ग	धा	गि	ना	ता	ऽ	ग	धिन्	ऽ	ना		धागे	धागे	ना	तागे	धागे	ना

ऊपरी महासू व सिरमौर के ऊँचे क्षेत्रों के गीतों की लय-संरचना भी अधिकतर त्रिमात्रिक व चार मात्रिक लय खण्डों में निभती है। कुछ लय-संरचनाएँ सात मात्रिक लय खण्डों में निभती है। ऊपरी महासू की 'नाटियाँ' प्रायः विलम्बित त्रिमात्रिक लय-खण्डीय लय संरचना में निभती हैं, जिसका अंकन इसी प्रकार होगा।

×		२		३		०	४		५		
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
धाधा	धिं	न्ना	धाधा	धिं	न्ना	ताता	तिं	न्ना	धाधा	धिं	न्ना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सिरमीरी 'नाटियाँ' प्रायः चार मात्रिक लय खण्डीय लय-संरचना में निभती हैं। इस लय संरचना को इस प्रकार अंकित किया जा सकता है :

×			२			३		०		४		५			
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
धी	ना	ना	धी	ना	ना	धी	ना	ती	ती	ना	ना	धी	धी	ना	ना
या धि	नक	धि	ना	धिं	ना	तिं	ना	तिं	नक	धिं	ना	धिं	ना	तिन	गिन

कुछ महासूई 'नाटियाँ' चार मात्रिक, लय खण्डीय लय-संरचना में निभती हैं। इन क्षेत्रों के अन्य कुछ गीत चार मात्रिक लय खण्डों में कहरवा तथा त्रिमात्रिक लय खण्डों में दादरा की बोल-बांट में भी निभते हैं।

कुल्लूई गीतों में लय संरचना भी प्रायः त्रिमात्रिक व चार मात्रिक लय-खण्डीय है। इनमें त्रिमात्रिक लय खण्डीय, लय-संरचनाएँ कुछ तो विलम्बित-मध्य चलन की हैं, परन्तु कुछेक लय-संरचनाएँ द्रुत त्रिमात्रिक मात्रिक लय खण्डीय भी हैं, जिनका चलन 'खेमटा' जैसा हो जाता है। चार मात्रिक लय-खण्डीय लय संरचनाएँ बहुधा मध्य लय की हैं। इन लय संरचनाओं को इस प्रकार अंकित किया जा सकता है :

(त्रिमात्रिक विलम्बित-मध्य)-(मध्य-द्रुत)

×			२			०			३			×			०		
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६
धी	ना	ना	धी	ऽ	ना	ती	ऽ	ना	धी	ना	ना	धा	धी	ना	धा	ऽ	ना

द्रुत लय का चलन 'खेमटा' जैसा है। बोल कुछ इस प्रकार सुनाई पड़ते हैं :

	×						०					
	धा	ऽ	ति	ना	धिं	ऽ	त	ऽ	क	ना	ना	ऽ
(व)	धिं	ऽ	ता	धिं	ता	ऽ	तिं	ता	ऽ	धिं	ऽ	तक

चार मात्रिक मध्य

×				२				०				३			
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
धा	धि	तिरकिट	धि	धा	तिरकिट	तिन	गिन	ता	तिरकिट	नक	तिं	धा	धा	गिन	धा

(अथवा)

धा	धिं	ऽ	धा	ऽ	धा	धिं	ऽ	ता	तिं	ऽ	धा	धा	ऽ	धिं	ऽ

कुछ एक लय संरचनाएँ चार मात्रिक लय खण्डों में 'अद्धाताल' जैसी बोल-बाँट में भी निभती है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पाँगी के गीतों की लय-संरचना प्राय: चार मात्रिक मध्य लय खण्डों में निभती है। लय संरचना त्रिमात्रिक (खेमटे जैसे चलन वाले) द्रुत लय खण्डों में भी मिलती है। कुछेक लय संरचनाएँ सात मात्रिक लय खण्डों में निभने वाली भी हैं। चार-मात्रिक मध्य लय खण्डीय लय-संरचना में यह बोल सुनाई पड़ते हैं—

×				०			
धा	गे	न	क	तिन्	ऽ	न	क

त्रिमात्रिक द्रुत लय खण्डीय लय-संरचना इस प्रकार अंकित की जा सकती है :

×			२			०			३		
धा	ऽ	धि	ना	धि	न	ता	ऽ	ति	ना	ति	न

लाहुली गीतों की लय-संरचना चार मात्रिक, त्रिमात्रिक व सात मात्रिक मध्य लय खण्डों में निभती है। चार मात्रिक मध्य लय खण्डीय लय-संरचना में यह बोल सुनाई पड़ते हैं :

	×				०			
	धा	गिन	धा	धिं	ता	गिन	ता	तिं
(या)	धा	गि	ता	तिन्	धा	नक	धिन्	ना

वाद्यों पर वजने वाले 'रागों' की लय-संरचना में ताल के बोल 'राग' के साथ बदलने लगते हैं। 'निद्राली' राग की त्रिमात्रिक मध्य लय खण्डीय लय-संरचना की बोल-बाट इस प्रकार अंकित की जा सकती है :

×			२			०			३		
नागे	धा	धा	तागें	धा	धा	तागे	ना	ना	ऽ	ना	ना

एक शादी के राग की (जो दिया गया है) सात मात्रिक मध्य लय खण्डीय लय-संरचना की बोल-बांट इस प्रकार अंकित की जा सकती है :

×			२		३	
धि	नक	ऽ	धिं	धिं	नक	ऽ

मंडी-कांगड़ा के जो क्षेत्र कुल्लू के साथ लगते हैं, वहाँ के कुछ गीतों की लय-संरचना, कुल्लू के गीतों की लय संरचना की भाँति ही है। मंडी का जो भाग (क्षेत्र) ऊपरी महासू के साथ लगता है, वहाँ के गीतों की लय संरचना, महासू के गीतों की सी है। सोलन का जो भाग सिरमौर के ऊँचे क्षेत्र से लगता है, वहाँ के गीतों की लय-संरचना सिरमौर के गीतों की भाँति है तथा निचले महासू क्षेत्र का जो भाग ऊपरी महासू क्षेत्र से लगता है, वहाँ के गीतों की लय संरचना, ऊपरी महासू की लय-संरचना जैसी है। प्रदेश के शेष भागों में (निचला सिरमौर, निचला महासू, नालागढ़, बिलासपुर, मंडी, हमीरपुर, ऊना, कांगड़ा व

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चम्बा क्षेत्रों के) गीत प्रायः त्रिमात्रिक, चार मात्रिक, व सात मात्रिक लय-खण्डीय लय-संरचना में निभते हैं। त्रिमात्रिक लय-खण्डीय संरचना, द्रुत, 'खेमटा' जैसे चलन की भी हैं और मध्य, दादरा जैसे चलन की भी। खेमटा जैसे चलन की त्रिमात्रिक लय-संरचना चम्बा में अधिकतर लोक गीतों में सुनाई पढ़ती हैं, जो उन गीतों के रंजक और मधुर होने का एक बड़ा कारण है। यह लय-संरचना कांगड़ा के गीतों में भी सुनाई पड़ती है, तथा मंडी-बिलासपुर के भी कुछ गीत इस लय संरचना में निभते हैं। काँगड़ा, मंडी, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, निचला महासू, नालागढ़, निचला सिरमौर के गीतों में अधिकतर चार मात्रिक लय खण्डीय लय-संरचना सुनाई पड़ती है। यह लय-संरचना प्रायः मध्य 'कहरवा' के चलन की है। इन क्षेत्रों का नृत्य गीत 'गिद्धा' (भड़ूआँ) अन्य बहुधा गीत तथा शादी के बहुत से गीत इसी लय-संरचना में निभते हैं। चम्बा के विवाह गीत भी बहुधा इसी लय-संरचना में निभते हैं।

सात मात्रिक लय खण्डीय लय-संरचना भी इन क्षेत्रों के अनेक गीतों में सुनाई पड़ती है, जिनमें चम्बा के 'मलहार' ऊना, काँगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर के वर्षा ऋतु गीत, मंडी की व बिलासपुर के पनिहारा वर्ग की अनेक 'छिजें', चैत्र के वर्ग-विशेष द्वारा गाये जाने वाले महीने के गीत, अनेक भ्यागड़े तथा भजन प्रमुख हैं। यह लय-संरचना 'दीप चंदी' के से चलन की है।

दादरा के चलन की त्रिमात्रिक लय-खण्डीय-लय-संरचना भी इन क्षेत्रों के गीतों में सुनाई पड़ती है। वर्ग-विशेष द्वारा गाई जाने वाली रचनाएँ, जैसे 'बन्ना' है, इनकी लय संरचना 'अद्धा-ताल' के चलन की है।

गद्दी गीतों व 'गुग्गा' (भारथ) को चार मात्रिक लय खण्डीय, लय-संरचना को इस प्रकार अंकित किया जा सकता है :

धा गि न धा	ऽ ग धा ऽ
×	०

लोक नृत्य

सामान्य परिचय—हिमाचल के लोक नृत्य भी सरल, स्वाभाविक, विविध व मनोहारी हैं। अधिकतर लोग नृत्य सामूहिक हैं। इन नृत्यों में कहीं-कहीं केवल महिलाएँ ही सम्मिलित होती हैं, परन्तु अधिकतर सामूहिक नृत्यों में महिला-पुरुष दोनों सम्मिलित होते हैं। इन नृत्यों में आकर्षक लय के अतिरिक्त, नर्तक दल का 'माला' में बन्धने का एक विशेष ढंग तथा पग व अन्य अंग संचलन का निश्चित क्रम अद्भुत आकर्षण पैदा करता है। इन नृत्यों में सम्मिलित नर्तकों के लिए विशेष वेशभूषा बन्धन भी है, लेकिन अब यह बन्धन इतना कठिन नहीं है। अब इन नृत्यों में सामान्य वेशभूषा पहने भी सम्मिलित हुआ जा सकता है। वैसे, नर्तक दल की एक विशेष वेशभूषा नृत्य को और अधिक आकर्षक बनाती है, यह निर्विवाद सत्य है।

सामूहिक नृत्य, एक तो 'माला' में बंधकर, एक विशेष ढंग से एक दूसरे के हाथ थाम कर होते हैं, दूसरे, हाथों को खुले ही रख कर हाथ-पाँव व अन्य अंग संचालन के एक विशेष

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ढंग व क्रम के साथ होते हैं। 'माला' में बंधकर होने वाले सामूहिक नृत्य में लोक-नर्तक, बाएं से दाएं वाद्य-वादकों की ओर मुँह करके गोलाकार नाचते हैं। लय के लिए लोकवाद्य-वादक बीच में बैठते हैं। गीत, नर्तक दल प्रायः स्वयं गाता है।

'माला' में बिना हाथ वांधे जो सामूहिक नृत्य होता है, उसमें भी लोक नर्तक गोल अथवा अंडाकार गोले में प्रायः एक निश्चित क्रम से घूमकर, हाथ-कमर आदि हिलाकर, पांव बढ़ा कर नाचते हैं। ऐसे कुछ सामूहिक नृत्य दो दलों में बंट कर भी होते हैं। लोक नर्तकों के दोनों दल अण्डाकार घेरे में एक दूसरे के सामने खड़े हो जाते हैं और फिर उस अण्डाकार घेरे में, एक दूसरे की ओर मुँह किए हुए ही बाएँ से दाएँ निश्चित अंग संचालन के साथ गोलाकार घूमते हैं। कुछ सामूहिक नृत्यों में केवल पुरुष ही नाचते हैं। कुछेक सामूहिक लोक नृत्य दो-दो के युग्म में भी होते हैं। लोक नृत्यों में फिर एक प्रकार ऐसा है, जिसमें केवल एक या दो व्यक्ति नाचते हैं और शेष व्यक्ति चारों ओर बैठकर गीत गाते हैं, तालियों से लय देते हैं। बैठे हुए व्यक्तियों में से इच्छुक व्यक्ति बारी-बारी उठ कर नृत्य करते हैं। यह नृत्य प्रायः महिलाएँ करती हैं, लेकिन विशेष परिस्थितियों में पुरुष भी इस नृत्य में भाग लेते हैं।

क्षेत्रीय सर्वेक्षण

किन्नौर के मुख्य दो नृत्य हैं। दोनों ही नृत्य सामूहिक हैं। एक नृत्य 'कायङ' और दूसरा 'चाशमिक' कहलाता है। 'कायङ' 'चाशमिक' की अपेक्षा अधिक सामूहिक है।

कायङ में महिला-पुरुष सब एक-दूसरे के हाथ थामकर नाचते हैं। 'माला' में बंधने के लिए हाथ तीसरे व्यक्ति का आगे की ओर थामा जाता है। नृत्य गोल दायरे में होता है। कायङ में महिला-पुरुष संग-संग तो नाचते हैं, लेकिन एक दूसरे के बीच खड़े होकर नहीं नाचते।

कायङ के लिए बंधी माला में महिला-पुरुष अलग-अलग होंगे। पुरुष प्रायः आगे व महिलाएँ पीछे होती हैं। यों जानिये कि पुरुषों की पंक्ति माला में आगे व महिलाओं की पंक्ति पीछे बंधी होती है। लेकिन कभी-कभी महिलाओं वाली पंक्ति में, महिलाओं के बीच-बीच पुरुष भी बंध जाते हैं। कायङ की इस माला में नृत्य ही के समय नए महिला-पुरुष सम्मिलित भी होते रहते हैं, तथा पहले नाच रहे व्यक्ति काम-धाम के लिए माला में से निकलते भी रहते हैं।

कायङ की माला में सबसे आगे का व्यक्ति 'दूरिङ' कहलाता है। यह व्यक्ति प्रायः उस क्षेत्र का प्रतिष्ठित व्यक्ति होता है। 'दूरिङ' के हाथ में, दिन के कायङ में, चौरु-मुट्ठा (सुरा गाय की पूंछ के बालों का, चाँदी के हत्थे में बंधा मुट्ठा जो मन्दिरों या घर में भी भगवान् की मूर्ति पर झोला जाता है) रात के कायङ में दूरिङ के हाथ में प्रायः लाठी रहती है। दिन के 'कायङ' में क्योंकि व्यक्ति अधिक होते हैं इसलिए नृत्य के साथ एक गीत नहीं चलता बल्कि एक साथ कई गीत चलते हैं। परन्तु इन गीतों की लय-संरचना एक-सी होती है। गीत लय के समरूप, लोकवाद्यों पर लय देने वाले 'बजंतरी' (वाद्य-वादक) गोल घेरे के बीच बैठे हुए होते हैं।

रात के 'कायङ' में नृत्य के साथ एक बार में प्रायः एक ही गीत गाया जाता है। कायङ के घेरे में आग जली हुई होती है। इस आग के पास ही वाद्य लय के लिए नगाड़े वाला भी बैठा रहता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'कायङ की अवधि निश्चित नहीं होती। बीच-बीच में थोड़े समय का विश्राम देकर 'कायङ' दिन रात चलता है। 'कायङ' के साथ एक-एक गीत डेढ़-डेढ़, दो-दो घण्टों तक भी गाया जाता है और 'कायङ' में सम्मिलित लोग इस गीत की लय में इतने समय के लिए अविराम नाचते हैं।

'कायङ' में प्रयुक्त होने वाले लोक वाद्य हैं :

(१) बाम (नगारा)
(२) ढोल
(३) बान (थाली जैसा वाद्य जिसको लकड़ी के छोटे-पतले डंडे से बजाते हैं)
(४) बुबजाल (झाँझ)
(५) शौन नाल (शहनाई)
(६) रणशीक (रणसिंगा)
(७) कौरनाल (करनाल)
(८) काली—बुखरी-शहनाई की तरह का वाद्य क्रमशः छोटा व लम्बा।

'कायङ' प्रायः मेलों तथा धार्मिक व सामाजिक पर्वों पर नाचा जाता है।
जैसे—
'बीश' (बैशाख में)
'डखरेनी' (श्रावन में)
'फुलायच' (भादों-कार्तिक में)
'फारुल' (फागुन में)
'फागुल'
'द्विआल' (नवम्बर में)
'साज़ो' (संक्रान्ति)
'तथा विवाह आदि अवसर पर।

'कायङ' के लिए वेश-भूषा निश्चित है। कायङ में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति, त्योहारों के लिए बनवाई गई विशेष वेश-भूषा में सजते हैं। लेकिन अब सामान्य वेश-भूषा, कुरता, पायजामा, कोट आदि पहनकर भी 'कायङ' में सम्मिलित हुआ जाता है।

त्योहार की वेश-भूषा, जिसमें एक पुरुष नाचने के लिए आता है, वह है—

(१) पैदथैपिङ—यह सिर के लिए विशेष टोपी है। यह टोपी गोल होती है। इसके किनारे पर एक डोर होती है। टोपी के निचले भाग में मखमल की बहुरंगी गोल पट्टी भी लगी हुई होती है। टोपी के एक किनारे फूल लटका होता है। वह टोपी अब बहुत कम दिखाई पड़ती है। अब प्रायः बुशहरी टोपी ही पहनी जाती है।

(२) 'छुबा'—यह बन्द गले की अचकन-सी होती है। स्वेत अथवा भूरे, सलेटी जैसे रंग की ऊन की बनी हुई होती है। इस पर कशीदे का काम भी कई स्थानों पर किया होता है। गले के ऊपर बाँधने के लिये 'छुबा' में एक आकर्षक डोर भी होती है। इसके अतिरिक्त नीचे कमर वाले भाग में भी कई डोरें लगी हुई होती हैं। अब सामान्य ऊनी कोट भी पहना जाता है।

(३) 'बुरागाछङ' – गाची (कमर में बाँधने का पटका)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(४) **'टौपरु'**—यह तंग मोहरी का पायजामा होता है। ऊन का बना हुआ होता है, और रंग इसका काला होता है। 'टौपरु' में भी घुटने से पाँव तक के भाग में कशीदे का काम हुआ होता है।

(५) **'याङ लुस'**—यह एक श्वेत रंग की ऊनी या पशमीनी चादर होती है, जिसे पुरुष चार तह करके कन्धे पर एक ओर रखते हैं।

(६) **'पौन'**—जूता, जिसका तला चाम का तथा खोल ऊन का बना हुआ होता है। इस पर कशीदे का काम किया होता है।

इस अवसर के लिए महिलाओं की विशेष वेष-भूषा में, पुरुषों के, पौन व 'पैदथैपिङ' तो होते ही हैं। लेकिन 'पैदथैपिङ; विशेष' टोपी के स्थान पर पुरुषों की तरह महिलाएँ भी बुशहरी टोपी ही पहनती हैं।

(७) **'याङलुस'** भी महिलाएँ रखती हैं, परन्तु इनका ढंग अलग है। महिलाएँ 'याङलुस' को दोहरी करके कन्धे के पीछे से लपेट कर, तह किए हुए इनके दोनों किनारों को आगे वक्षः स्थल पर 'पिन' कर लेती हैं। इसके अतिरिक्त नाक, कान, गला, कलाई, अँगुलियाँ, माथा आदि अंग आकर्षक प्रायः कई प्रकार के चाँदी के आभूषणों से सजे रहते हैं।

(८) **दोहरी**—यह हरे या काले रंग की ऊनी लोई (दोहड़ू) होती है, जिस पर बीच-बीच में और किनारों पर कसीदे का आकर्षक काम किया होता है। इसे महिलाएँ एक विशेष ढंग से कमर पर बांधती हैं। यह नीचे पाँव तक पहुँचती है। पहले पीली-काली-सफेद धारियों का 'छोलमा' भी बना होता था। महिलाएँ अब प्रायः एक जाकेट जैसा ऊनी वस्त्र भी पहनती हैं।

(९) 'कायङ' के कई प्रकार भी हैं जैसे—

'बाङपार कायङ'—यह वह कायङ है, जिसकी लय द्रुत होती है। दिन व रात के बाङपार कायङ में भी भेद है। दिन के बाङपार कायङ में लय के लिए केवल 'बाजगी' (वाद्यों) का प्रयोग होता है, गीत नहीं गाया जाता।

रात के बाङपार कायङ में लय के लिए केवल नगारा बजेगा और इस लय पर नृत्य के साथ लोक नर्तक गीत भी गाएँगे।

बाकायङ—इस कायङ में महिलाएँ ही नाचती हैं। महिलाएं आमने-सामने खड़ी होकर लय में आगे-पीछे जाकर नाचती हैं। दस-दस बारह-बारह महिलाओं की दो पंक्तियाँ आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं। इन पंक्तियों के पीछे महिलाओं की और कई पंक्तियाँ बन जाती हैं। पंक्तिवद्ध महिलाओं ने एक-दूसरे के हाथ थामें हुए होते हैं। ये पंक्तियाँ फिर गीत की लय पर आगे-पीछे चलती हैं। एक ओर की पंक्तियाँ जितने पग आगे बढ़ती हैं, सामने की पंक्तियाँ उसी लय में उतने ही पग पीछे लौटती हैं। इस प्रकार बारी-बारी ये आमने-सामने गीत की लय में आगे व पीछे चलतो हैं। इस कायङ में आमने-सामने की ये पंक्तियाँ सारे नृत्य में आमने-सामने ही रहती है। यह हो सकता है कि नृत्य करते हुए इनकी स्थिति अथवा दिशा बदल जाए। इस कायङ में वाद्य कोई नहीं बजता। नृत्य की लय मध्य होती है।

सिंहा कायङ—'द्विआल' के समय का कायङ सिंहा-कायङ कहलाता है। यह नृत्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशेष वृक्षों की शाखाओं के बने साँप 'बानस' का सिर काटने के बाद नाचा जाता है। इस कायङ में केवल पुरुष ही एक-दूसरे के हाथ पकड़कर नाचते हैं।

गैनो कायङ—यह कायङ 'सपनी' (साँप देवता) के लिए नाचा जाता है। इस कायङ में लय के लिए डमरु व मंजीरा बजते हैं।

'चाशमिक'—यह नृत्य प्रायः विवाह अवसर पर नाचा जाता है। इसके दो प्रकार हैं एक **'बाजगी'** (वाद्यों) के साथ नाचा जानं वाला तथा दूसरा 'गीथङ' (गीत) के साथ नाचा जाने वाला।

'बाजगी के साथ वाले 'चाशमिक' में प्रायः पुरुष ही नाचते हैं, परन्तु कभी-कभी महिलाएँ भी इसमें सम्मिलित हो जाती हैं। इस नृत्य में एक-दो या तीन या इससे अधिक पुरुष भी एक साथ नाचते हैं। नाचने वाले व्यक्ति अपने हाथ पाँव के संचालन में स्वतन्त्र होते हैं। शेष लोग किनारे खडे होकर नृत्य का आनन्द लेते हैं।

'बुड़ाछाङ'—यह 'बाजगी' के साथ वाले चाशमिक ही का एक प्रकार है, जो ज्येष्ठ में प्रायः पहले प्रविष्टे से १५ प्रविष्टे तक नाचा जाता है। यह नृत्य रात को होता है। इसमें भी पुरुष ही नाचते हैं। लोक नर्तकों ने बड़े-बड़े भयानक मुखौटे पहने हुए होते हैं।

मुखौटे पहने हुए ही ये व्यक्ति नाचते हैं। रात्रि को एक दल 'बुड़ाछाङ' बन कर साधु आदि का वेश बनाकर आ जाता है और नाचता है। नृत्य के लिए दो तीन पुरुष ही मिलकर हाथी, घोड़े आदि का-सा रूप बन जाते हैं और अपेक्षित अंग-संचालन से इन जानवरों जैसी चाल में चलकर नाचते हैं। जानवरों का-सा ढाँचा बने पुरुषों पर उपयुक्त मुखौटा व अन्य श्रृंगार पहना दिया जाता है, जिससे वह ठीक उस जानवर जैसा लगे। कभी-कभी इस नृत्य में लड़कों को ही (वेष भूषा, श्रृंगार से) लड़कियाँ बनाकर नचाया जाता है। इन बनावटी लड़कियों का मुँह ढका रहता है। नृत्य का आनन्द लेने के लिए महिलाएँ भी अपनी पूरी वेष-भूषा व श्रृंगार में सज-धज कर, चार-पाँच की जोड़ियाँ बनाकर आ जाती हैं। 'बुड़ाछाङ' कोई घण्टा-डेढ़ घण्टा नाचा जाता है। फिर यह आयोजन सम्पन्न होकर, 'कायङ' आरम्भ हो जाता है।

गीत के साथ का 'चाशमिक' सर्दियों में 'तोषमिक' नामक आयोजन व विवाह अवसर पर नाचा जाता है। विवाह अवसर पर महिला-पुरुष 'कायङ' नाचकर थक जाते हैं, तो फिर 'चाशमिक' नाचा जाता है। 'कायङ' से थक कर बैठे हुए महिलाओं-पुरुषों में से दो-एक महिलाएँ गीत गाती हैं तथा गीत की लय पर, दो-एक महिलाएँ तथा दो-एक पुरुष उठकर स्वतन्त्र नाचते हैं।

सर्दियों में तोषमिक का आयोजन युवक-युवतियों का एक विशिष्ट आयोजन है। 'तोषमिक में दस-बीस युवतियाँ अपने गाँव के युवकों के साथ मिलकर एक प्रकार का बाल-भोज (पिकनिक) करती हैं। तोषमिक के लिए गाँव में किसी का भी घर ले लिया जाता है। युवक-युवतियाँ इसी घर के अन्दर ६-७ दिन एक साथ खान-पान करेंगे-नाचेंगे। इस आयोजन में खान-पान की सामग्री के लिए युवक पैसे देते हैं तथा युवतियाँ खान-पान तैयार करती हैं। ६-७ दिन तक रात-दिन युवक-युवतियाँ, इसी घर में रहते हैं, खाते-पीते हैं, नाचते हैं। रात को गाँव के अन्य लोग, महिलाएँ व युवतियां भी भोजन आदि से निवृत होकर तोषमिक देखने के लिए घर-विशेष पर पहुँच जाते हैं। इस अवसर पर युवक-युवतियों की वेशभूषा सामान्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होती है। प्रायः गीत के साथ का 'चाशमिक' नाचा जाता है। लयके लिए ढोल भी बजता है। 'चाशमिक' प्रायः रात को ही नाचा जाता है। दिन के समय 'तोषमिक'-दल कामधाम के लिए भी निकल जाता हे या फिर रात के उनींदे व थकान को मिटाने के लिए सोया भी रहता है।

ऊपरी महासू क्षेत्र में लोक नृत्य नाटी कहलाता है। इस क्षेत्र के लोक नृत्य प्रकार भी मुख्यता दो प्रकार के हैं। एक प्रकार में महिला-पुरुष मिलकर नाचते हैं। नाटी का यह प्रकार प्रायः दिन में बाहर खुले स्थान पर नाचा जाता है। दूसरे प्रकार में दो चार व्यक्ति ही नाचते हैं। शेष चारों ओर बैठकर नाटी गाते हैं। यह प्रकार शीतऋतु में रात को घर के अन्दर नाचा जाता है। बाहर की सामूहिक नाटी में विशेष वेशभूषा का बन्धन है, लेकिन अब यह बन्धन इतना कठोर नहीं है। नाटी नाचने के इच्छुक व्यक्ति सामान्य वेश-भूषा में भी नाटी में सम्मिलित हो जाते हैं। इस नाटी में, महिला-पुरुष एक-दूसरे के हाथ पकड़कर अथवा कमर में डालकर एक माला में बँध जाते हैं और गोलाकार घेरे में नाचते हैं। नाटी के लिए बँधी माला में कई बार तो महिलाएँ पुरुष अलग-अलग पंक्तिवद्ध, परन्तु कई बार, एक-दूसरे के बीच भी बँध जाते हैं। नाटी में जातिवंधन अब प्रायः नहीं है। कभी ऐसा बंधन भी होता था, और कुछ एक पौराणिक गाथाएँ, जैसे 'सिया' है, ब्राह्मण वर्ग ही गाता था और इस पर ब्राह्मण महिलाएँ ही नृत्य करती थीं।

नाटी में लय के लिए बजंतरी (वाद्य-वादक) बहुधा घेरे के बीच बैठे होते है। ठण्ड में व रात के समय, बीच में आग भी जली होती है। इसी लय पर नर्तक मण्डली नाटियाँ (गीत) भी गाती हैं। नृत्य के साथ गाई जाने वाली नाटियाँ अधिकतर शृंगार गीत हैं। कथा-गीत, नाटी के साथ बहुत कम गाए जाते हैं। नाटी के साथ 'प्रणय प्रश्नोत्तरी' ढंग के गीत भी गाए जाते हैं।

यह नाटी तीन लयो में नाची जाती है—

(१) ढीली (बिलम्बित लय)

(२) तावली (मध्य लय)

(३) द्यौली (द्रुत लय)

इस नाटी के लिए पुरुषों की वेश-भूषा है—

(१) बन्द गले का ऊनी कोट।

(२) नलीदार ऊनी पायजामा।

(३) पाँव में पाँठे (पोलड़े-चमड़े के बने हुए) अब बहुत कम दिखाई पड़ते हैं। अब सामान्य जूते पहने होते हैं।

कहीं-कहीं जहाँ नाटी मन्दिर आदि के अहाते में नाची जा रही हो, वहाँ नंगे पाँव भी नाचते हैं।

(४) गाची—प्रायः हाथ के बुने हुए मोटे कपड़े का कोई से भी रंग का कमर बन्द। पुरुष पहरावे में अब इसका प्रचलन उतना अधिक नहीं।

(५) किश्तीदार टोपी। पहले गोल टोपी पहनी जाती थी।

(६) हाथ में रूमाल।

देवताओं के साथ नाचने वालों का पहरावा और भी विशेष होता है। जिस प्रकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'डोम देवता' के साथ नाचने वालों की वेष-भूषा यह होती है—

(१) चूड़ीदार पायजामा ।
(२) शरीर पर 'चोलू' (अचकन जैसा)
(३) सिर पर पगड़ी ।
(४) कमर में गाची ।
(५) हाथ में रुमाल ।

नाटी की माला में सबसे आगे वाले व्यक्ति (अगुआ) के हाथ में देवते का 'ताला' (चाँदी-सोने की बनी हुई देव मन्दिर की ताली) होता है । यह वेशभूषा प्रायः स्वेत होती है ।

नाटी में महिलाओं की वेशभूषा होती है—

(१) चूड़ीदार प्रायः ऊनी पायजामा ।
(२) रेजटा-अचकन जैसा विशेष प्रायः ऊनी वस्त्र ।
(३) पाँव में पाँठे अथवा सामान्य जूते ।
(४) कमर में 'गाची' । हाथ के बुने हुए, किसी भी रंग के मोटे कपड़े की ।
(५) धाटू—सिर पर बाँधने के लिए चौड़ा-सा कपड़ा । धाटू पहले प्रायः काले रंग की इटालियन का बांधा जाता था । उसके बाद वसंती रंग के धाटू का प्रचलन हुआ । अब किसी भी रंग का धाटू बाँध लिया जाता है । वैसे अब प्रायः छींट का धाटू महिलाएं बाँधती हैं । इसके अतिरिक्त कान, नाक, गला, माथा, कलाई, अँगुलियाँ, पाँव आदि अंग, अनेक प्रकार के, प्रायः चाँदी के आभूषणों से शोभायमान होते हैं ।

नाटी के साथ बजने वाले लोक वाद्य हैं—

(१) ढोल
(२) नगारा
(३) शहनाई
(४) करनाल
(५) रणसिंगा
(६) ताशा —(मंजीरे के रूप का बड़े आकार का लोक वाद्य, जिसे लकड़ी की डंडी से बजाते हैं ।
(७) गुझू—(डमरू की तरह का वाद्य)
(८) बाह्‌णा—(थाली जैसा वाद्य, जिसे लकड़ी के डंडे से बजाते हैं)
(९) काह्‌वली—(करनाल का छोटा-सा रूप जिसका मुँह खुला होने के बजाय आगे से तंग होता है । इन वाद्यों में, 'गुझू' व 'काह्‌चली' का प्रचलन अब बहुत कम है । नाटी का दूसरा प्रकार, जो घर के अन्दर नाचा जाता है । बहुधा नाच कहलाला है । कुछेक स्थानों पर इसे 'नाट' भी कहा जाता है । इस प्रकार के नृत्य में जातीय बंधन प्रायः रहता है । इस नृत्य के साथ कथानक गाए जाते हैं, जिन्हें 'अँचली' कहा जाता है । अंचली में पहले 'ब्रह्मखाड़ा' गाया जाता है । इसमें देवी-देवताओं का, भगवान् का गुण-गान-स्तुति, पौराणिक गाथाएँ आदि गाई जाती हैं । फिर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसके बाद 'भारथ' अथवा 'बार' गाई जाती है। इसमें शौर्य कथानक गाए जाते हैं, जिनके नायक सामान्य व्यक्ति भी होते हैं। यह 'नाच' भी 'ढीली'-'तावली' तथा 'धीली' इन तीनों लयों में नाचा जाता है। इस नाच में दो चार पुरुष ही बहुधा नाचते हैं।

ब्राह्मण वर्ग, इस नाच में पहले (विलम्बित) लय में 'ब्रह्मखाड़ा' गाता है। नाचने वाले दो-एक पुरुष, इसी लय में स्वतन्त्र अंग संचालन कर नाचते हैं। फिर गायक मण्डली, 'ब्रह्मखाड़े' की लय को द्रुत कर देते हैं, और नर्तक फिर द्रुत लय में नाचते हैं। अब 'ब्रह्मखाड़े' के अतिरिक्त इस वर्ग की 'अंचली' में शौर्य-कथानक 'भारथ' अथवा 'बार' भी गाये जाने लगे हैं। 'बार' मध्य लय में गाई जाती है। और तब नर्तक इसी लय में नाचते हैं। इस नाच में प्रायः पुरुष नाचते हैं या फिर बच्चे बच्चियाँ भी नाचती हैं। कहीं-कहीं युवतियाँ भी नाचती हैं।

क्षत्रिय, वैश्य व शूद्र वर्ग अंदर का नाच विलम्बित, मध्य व द्रुत, इन तीन लयों में नाचता है। बिलम्बित लय में 'ब्रह्मखाड़ा', मध्य लय में 'भारथ' अथवा 'बार' और द्रुत लय में 'भारथ' व 'ब्रह्मखाड़ा' गाया जाता है। जन-जातियों के, अंचली आयोजन में, "स्वांग" -(नाटिकाएँ) भी खेले जाते हैं। लय के लिए' बजंतरी', गायक मण्डली के साथ अथवा गोल दायरे में बैठे होते है।

अंदर के नाच में ये वाद्य प्रयुक्त होते हैं—

(१) ढोलक

(२) मंजीरा

(३) खंजरी

(४) डकोली (डमरू की तरह का वाद्य, जो बकरे या भेडे के आमाशय की खाल से मढ़ा होता है। सिरमौरी लोक-वाद्य 'हुलक' से, यह आकार में छोटा होता है। इसे, एक ओर से, 'हुलक' की तरह ही बजाया जाता है।

अंदर की नाटी में, पहरावे का बंधन नहीं है। रात को अगर मौसम ठीक हो, अधिक ठण्ड न हो तो, विवाह तथा मेलों आदि के अवसर पर रात को भी बाहर खुले में सामूहिक 'नाटी' नाची जाती हैं।

यह 'नाटी' सारी रात भर भी नाची जाती है। किसी विशेष आयोजन पर, समारोह के अनुसार, 'नाटी' का समय सीमित भी होता है।

रात को होने वाला एक 'मुजरा' नाम का आयोजन भी है। इसमें भी दो-चार व्यक्ति नाचते हैं 'मुजरे' में प्रायः शृंगार गीत व घटना-गीत गाये जाते हैं गीत की लय, और इसके साथ नृत्य की लय बहुधा द्रुत होती है मुजरे में भी वैसे प्रायः पुरुष नाचते हैं, परन्तु युवतियाँ भी नाचती हैं। लय के लिए, 'अंचली' वाले वाद्य ही प्रयुक्त होते हैं।

इस क्षेत्र में, भेड़-बकरियाँ पालने वाले लोगों (गद्दियों) का एक विशेष नृत्य है, जिसे 'फुआल नाच' कहा जाता है। यह जन-जाति, 'फुआल नाच' बहुधा तब नाचती हैं, जब पुरुष वर्ग, लम्बे समय (दो-एक माह) के बाद, अपना माल-(भेड़-बकरियां) लेकर ऊँचे पहाड़ों पर से घर लौटता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फुआल नाच वैसे तो विलम्बित, मध्य, द्रुत सभी लयों में नाचा जाता है। परन्तु प्राय: इसकी लय द्रुत रहती है। यह 'नाच' केवल पुरुष वर्ग ही नाचता है। महिलाएँ, दूर से नृत्य का आनन्द लेती हैं। नाच गोल घेरे में नाचा जाता है। नर्तक (दो-एक) पहले नीचे बैठ कर गीत के बोल बोलता है, फिर नाचने लगता है। घेरे के व्यक्ति फिर गीत गाते रहते हैं, तालियों से लय देते रहते हैं, और नर्तक नाचता रहता है। इनका पहनावा होता है—

(१) चूड़ीदार ऊनी पायजामा।
(२) गोल टोपी प्राय: ऊनी।
(३) गाची-काली ऊन की मोटी लम्बी डोर, जिसे कमर में बाँधा हुआ होता है।
(४) लोइया (अचकन जैसा लम्बा ऊनी कोट)
(५) पांव में मोटा जूता।

इनके हाथ में प्राय: ऊन कातने की काष्ठ-तकली रहती है। ऊन रखने के लिए, टीन का एक डब्बा भी होता है, तथा पीठ पर रस्सियों की जाली अथवा कपड़े में लिपटी हुई गंदम की मोटी रोटी भी बंधी होती है।

इस क्षेत्र में दीवाली के अवसर पर जो रामचरित मानस गाया जाता है, उसके साथ भी नृत्य होता है। यह नृत्य पुरुष वर्ग ही करता है। पुरुष वर्ग, एक-दूसरे के कन्धे पर हाथ रख कर, युग्म बनाकर नाचता है। एक जोड़े के पीछे दूसरा, दूसरे के पीछे तीसरा, इस प्रकार नृत्य कर रहे, पुरुष युग्मों की एक पंक्ति सी बन जाती है। पंक्ति वद्ध ये नर्तक-युग्म गोल घेरे में आग के चारों ओर दाएं से बाएं नाचते हैं। यह आयोजन रात के समय होता है, इसलिए बीच में आग जली होती है, जिसके चारों ओर दर्शक बैठे होते हैं। दर्शकों के घेरे के अंदर की आग के चारों ओर यह नाच नाचा जाता है। इसमें नर्तक का मुँह घेरे में अंदर की ओर को, वादक की ओर को नहीं होता। लय के लिए ढोल बजता है। वादक घेरे के अंदर बैठा होता है। त्रिमात्रिक द्रुत लय-खण्डीय लय में यह नाच नाचा जाता है। इस लय में नर्तक युग्म एक दूसरे के पीछे मुक्त हाथों को नचाते हुए आगे बढ़ते जाते हैं, आग के चारों ओर चक्कर काटते हैं। इस नृत्य में पहरावा सामान्य ही होता है।

ऊपरी महासू की तरह की सिरमौर के ऊंचे क्षेत्रों में भी नृत्य को नाटी-नाच कहा जाता है। इसके मुख्य दो रूप हैं। एक बाहर, खुले में नाचा जाने वाला सामूहिक नृत्य, जिस में महिलाएं-पुरुष मिल कर नाचते हैं, या फिर जहाँ महिलाएं ही हों, वहाँ दो-एक महिलाएं नाचती हैं। यह नृत्य प्राय: रात को होता है।

सामूहिक नाटी में महिलाएँ-पुरुष अलग-अलग अथवा एक दूसरे के बीच 'माला' में बंध कर नाचते हैं। तीसरे व्यक्ति का हाथ पकड़कर बहुधा 'माला' वंधती है। माला में सबसे आगे के व्यक्ति (अगुआ) के हाथ में एक 'डांगरा' (छोटा परशु सा) होता है

नाटी गोल घेरे में बाएं से दाएं नाची जाती हैं। नाच में निश्चित अंग संचालन के अतिरिक्त पांव भी 'नाटी' की लय में एक निश्चित क्रम से रखे उठाये जाते हैं। लय अधिकतर मध्य व द्रुत रहती है। नाटी नें अधिकतर श्रृंगार गीत गाये जाते हैं। मस्ती में आकर बीच-बीच में नर्तक मण्डली 'हो-हो' की ध्वनि भी करती हैं कभी-कभी हाथ छोड़कर अलग-अलग खुला नृत्य भी करते हैं बैठकर, झुक कर, आकर्षक मुद्राएं बनाते हैं। लेकिन ये मुद्राएँ, यह अंग संचालन सबका एक जैसा होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इस नाटी के लिए-महिलाओं-पुरुषों का पहरावा भी थोड़े बहुत अंतर के साथ ऊपरी महासू के पहरावे जैसी ही होता है। पुरुष अचकन जैसा ऊनी कोट पहनते हैं, जिसे 'लोइया' कहते हैं, और नलीदार-चूड़ीदार पायजामा पहनते हैं जिसे 'सुथण' कहते है। महिलाएँ भी चूड़ीदार पायजामा पहनती हैं। बहुत स्थानों पर 'धाटू' भी बाँधती हैं। कमर में 'गाची' बाँधी हुई होती है। हाथ में रूमाल भी होते हैं पुरुषों के सिर पर गोल टोपी होती। महिलाएँ चाँदी के अनेक आभूषणों से सजी रहती हैं। नृत्य में यहाँ भी विशेष पहनावे का कड़ा बंधन नहीं।

सामान्य वेश-भूषा में भी 'नाटी' नाची जाती है। लय देने के लिए वादक घेरे में बैठते हैं। ढोल-वादक प्रायः खड़ा होकर ढोल बजाता है। यह 'नाटी' मेलों, देवस्थानों तथा विवाह आदि में नाची जाती है। समय निश्चित नहीं होता। जब तक चाहें, 'नाटी' लगी हुई रहती है। नाटी में प्रयुक्त होने वाले वाद्य भी लगभग वही हैं, जो ऊपरी महासू क्षेत्र में बजाए जाते हैं, जैसे—

१. ढोल
२. नगारा
३. रणसिंगा
४. करनाल
५. शहनाई
६. दमाना (नगारे का छोटा रूप)
७. बाहणा
८. हुलक अथवा हुड़क—डमरू की तरह का बड़े आकार का वाद्य। प्रायः पौराणिक गाथाओं के गायन के साथ बजता है।

इस नाटी का एक स्थानीय नाम रासा भी है। लाम्ब का नाच भी इसे कहा जाता है। इसमें क्रम से १२-१२, १५-१५ महिलाएँ-पुरुष माला में बँध कर नाचते हैं। नाचने वाले पुरुषों ने 'चोल्टू' (स्वेत लम्बा चोला, जिसमें लम्बा डोरा भी होता है।) पहना होता है। इस 'चोल्टू' पर कशीदे का काम भी हुआ होता है। गोल स्वेत टोपी (जिस पर लाल धागे से कढ़ाई भी की होती है) पहनी जाती है। इसे चूहा टोपी भी कहते हैं। दीवाली, बिशु, हरयाल्टी आदि त्यौहारों तथा विवाह आदि अवसरों पर 'रासा' नाचा जाता है। 'रासे' में नतकों के कंधों पर द्वितीय नर्तक मण्डली तथा उनके कंधों पर तृतीय नर्तक मण्डली हाथ बाँध कर खड़ी होकर नृत्य करने जैसे करतब भी दिखाये जाते हैं। अंदर का नाच भी ऊपरी महासू की तरह 'मुजरा' कहलाता है। 'गुड़ाई' "गबराई", 'हैला' आदि खेतों के काम, जिसके लिए प्रायः बुआरा किया जाता है, मिल-जुल कर किए जाते हैं। इन कामों से निवृत होने के बाद तथा मेले, जातर व विवाह आदि अवसरों पर रात को 'मुजरा' गाया-नाचा जाता है। विवाह अवसर पर पहले 'महफिल' होती है, फिर 'मुजरा' होता है। विवाह आदि अवसरों पर महिलाओं में 'भड़ूँआँ' (गिद्धा) भी नाचा जाता है।

मुजरे में सम्मिलित होने वाले व्यक्ति (प्रायः पुरुष) खुले से कमरे में गोल घेरा बनाकर बैठ जाते हैं। ठंड हो तो बीच में आग जला ली जाती है। 'मुजरे' में लय के लिए ये वाद्य प्रयुक्त होते हैं—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१. ढोलक
२. खंजरी
३. घड़ा
४. थाली

वादक 'मुजरा' मण्डली के साथ ही घेरे में अंदर की ओर बैठ जाते हैं। 'मुजरा' मण्डली फिर गीत गाती है और दो-एक व्यक्ति, बारी-बारी उठकर स्वतन्त्र नृत्य करते हैं। महिलाएँ 'मुजरा' नचती-गाती नहीं, केवल देखती-सुनती हैं। यह आयोजन आधीरात तक या इसमें भी लम्बी अवधि तक चलता है। सर्दियों में 'हरूल'-'भारथ' आदि नाटियों के साथ अंदर के नाच को 'गीह' कहते हैं। इसमें गायक घेरे में बैठ जाते हैं तथा एक को नर्तक बीच में मुक्त अंग संचालन कर नृत्य करते हैं। ठडईर, धखेणी, द्रौड़ी, इस क्षेत्र के कुछ और नृत्य विशेष है।

इस क्षेत्र में अनावृष्टि की अवस्था में साधटू का आयोजन भी होता है। इसे कुछ व्यक्ति एकत्र होकर रात को गाँव में घर-घर घूम कर नाचते गाते हैं। इस अवसर पर भजन, पौराणिक गाथाएँ आदि ही गाई जाती हैं। जन जीवन का विश्वास है कि इस आयोजन से वर्षा हो जाती है। घर-घर घूमती साधटू-मण्डली को अनाज भी प्राप्त होता है जिससे वर्षा हो जाने के बाद एक सामूहिक भोज कर दिया जाता है। मण्डली रात-रात गाती-नाचती है। पहरावा सामान्य से भी कम कुछ-कुछ संतों जैसा होता है। नाच में अंग संचालन मुक्त-रूप से होता है। लय के लिए ढोलकी, खंजरी, हुलक आदि लोक-वाद्य भी साथ होते हैं।

इस क्षेत्र में तथा निचले महासू क्षेत्र में (शिमला व सोलन के हिस्सों में) एक मनोरंजन लोक नाट्य का आयोजन होता है, जिसे 'करयाला' कहा जाता है। 'करयाला' बहुधा दशहरे से द्योठन (दिवाली के बाद एकादश) तक होता है। यह आयोजन बाहर खुले में होता है (जहाँ प्रायः देवस्थल भी होता है)। बीच में छोटी-छोटी समिधा जलाई जाती है और उसके आस पास 'करियाला' मण्डली अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करती है। दर्शक चारों ओर खुले घेरे में बैठते हैं। करियाले में पहले चंद्रावली, फिर आरती और साथ मालण, जोगी-जोगन, गद्दी, मेम-साहब, आदि सामाजिक विशेष चरित्रों का 'स्वाँग' खेला जाता है। 'करयाले' में भी प्रसंग के अनुरूप 'स्वाँग' में स्वाभाविक लगने वाला, यथोचित समंजित गीत-कार्यक्रम होता है। यह मूलतः नाट्य आयोजन है, इसलिए कलाकार (केवल पुरुष) नाट्य अनुरूप बनाव-श्रृंगार किए होते हैं। नर्तक का बनाव-श्रृंगार नर्तकी जैसा किया होता है। पाँव में घुँगरू होते हैं। गीत की लय पर नृत्य होता है। कभी-कभी स्वाँग का हास्य कलाकार भी संग नाचता है। नृत्य प्रायः स्वतन्त्र होता है। लय के लिए ढोल-नगाड़ा आदि वाद्य होते हैं। इनके अतिरिक्त रणसिंगा, शहनाई-करनाल व हरमोनियम वाद्य भी होते हैं। यह आयोजन भी रात को बहुत समय तक प्रायः ३-४ बजे तक चलता है। प्रदेश के अन्य भागों में भी मनोरंजन के लिए भिन्न लयों में थोड़े बहुत अन्तर से ऐसे आयोजन होते हैं, जैसे मण्डी में 'बाँठड़ा', चम्बा में 'हरण्यातर' व 'स्वाँग' तथा विलासपुर-कांगड़ा आदि क्षेत्रों में भी 'स्वाँग'।

कुल्लू में भी नृत्य को नाटी कहते हैं। नाटी सामूहिक ही होती है और बाहर खुले में नाची जाती हैं। नाटी में सम्मिलित होने वालों की संख्या निश्चित नहीं होती। लोक-नर्तक एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर माला में बंधते हैं और प्रायः गोल घेरे में नाचते है। वाद्य बादक घेरे के बीच बैठे होते हैं। इस सामूहिक नृत्य में महिलाएँ प्रायः सम्मिलित

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नहीं होती, केवल पुरुष ही नाचते हैं। महिलाएँ दूर से नृत्य देखती हैं। परन्तु अब, कुछ विशेष सार्वजनिक समारोहों पर महिलाएँ भी 'नाटी' की माला में पुरुषों के बीच बंधकर नाचती हैं। 'नाटी' ऊपरी महासू सिरमौर की भाँति ही, मेलों, धार्मिक पर्वों, देवी-देवताओं से सम्बद्ध आयोजनों तथा विवाह आदि अन्य हर्षोल्लास के अवसरों पर नाची जाती है। नाटी के साथ वाद्यों की लय पर लोक गीत गाए जाते हैं, जो बहुधा शृंगार गीत होते हैं। इस लय पर एक निश्चित क्रम में पाँव उठाए-रखे जाते हैं, तथा अन्य यथोचित अंग संचालन होता है। इस सामूहिक नृत्य के लिए नर्तकों की निश्चित वेश-भूषा होती है, परन्तु सामान्य वेश-भूषा पहने भी नाटी में सम्मलित हो जाते हैं। पुरुषों का विशेष पहरावा है—

१. टोपा—सिर पर काले रंग की ऊनी टोपी। टोपी के किनारे चारों ओर एक चाँदी की अथवा पीले फूलों (वंसत मालती) की झालर-सी टंकी हुई होती है, जो कि नर्तक के सिर के आस-पास झूलती रहती है। सौंदर्य वृद्धि के लिए इस टोपी में मनाल पक्षी की कलगी (कलँगी) भी टंकी होती है।

२. चोला—श्वेत, ऊनी अचकन सी जिसका पर्याप्त घेरा होता है।

३. पटकू—रंगीन कमर-वन्द जिसे चोला पहन कर कमर में बाँधा जाता है और बाँधने के बाद इसके दोनों किनारे आगे की ओर को लटकाए जाते हैं।

४. चूड़ीदार प्रायः ऊनी पायजामा।

५. ऊनी चादर जिसे लम्बी तह कर के एक किनारा बाएँ कंधे पर लटकाया जाता है, तथा दूसरा किनारा दाईं ओर नीचे कमर में बाँध दिया जाता है।

६. पाँव में ऊनी खोल वाला या सामान्य जूता।

महिलाओं की विशेष वेष-भूषा है—

१. पौटू—ऊनी प्रायः चितकवरी चादर, जिसे एक विशेष ढंग से वाँधा हुआ होता है; और जो नीचे पाँव तक लटकता है।

२. चूड़ीदार पायजामा।

३. थीपटी, थीपटू थीपू-सिर पर बाँधने का रंगीन खुला कपड़ा।

४. पाँव में जूते और नाक, कान, सिर, गला, कलाई, अँगुलियाँ, पाँव अनेक आकर्षक चाँदी के आभूषणों से सुसज्जित।

लय के लिए वाद्य प्रयुक्त होते हैं—

१. नगारा

२. ढोल

३. काहल (करनाल)

४. नरसिंग (गण सिंगा)

५. शहनाई

नाटी, नगारा, ढोल, शहनाई बादन के साथ प्रारम्भ होती है। शहनाई पर लोक-धुन बजती है। ढोल-नगारे लय देते हैं।

नाटी विलम्बित व द्रुत लय में नाची जाती है। विलम्बित लय की नाटी ढीली व द्रुत (बढ़ी) लय की 'रूंझका' कहलाती है।

नाटी नाचते हुए नर्तक कभी हाथ छोड़कर अलग भी हो जाते हैं, कभी एक-दूसरे का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हाथ पकड़ कर नाचने लगते हैं। माला में बँधी नर्तक मण्डली कभी दो भागों में बँट कर आकर्षक आकृतियाँ बनाती हैं, एक-दूसरे के बीचों-बीच अलग-अलग दिशाओं में नाचती है। इसे 'दोहरी' नाटी कहा जाता है। लोक नर्तक नाचते हुए निश्चित क्रम में पग-संचालन के अतिरिक्त आगे-पीछे दाएँ-बाएँ भी क्रम में झुकते हैं। कमर झुका कर नाची गई नाटी 'फेटी नाटी' कहलाती है। नर्तक जो भी करतब दिखाएँ, उनमें एक निश्चित क्रम तथा साम्य रहता हैं।

नाटी नाचते हुए कभी-कभी माला से अलग होकर घेरे में कुछ दक्ष नर्तक तलवार घुमाने का करतब भी नाचते हुए दिखाते हैं। इस नाटी को 'खड़ायत' कहते हैं। ये नर्तक म्यान से तलवार को निकाल कर एक हाथ में तलवार और दूसरे में म्यान लेकर नाटी की सामान्य लय में नाचते हैं। जब लय पर्याप्त द्रुत हो जाती है, तो फिर नाटी थम जाती है और तलवार वाले नर्तक ही युग्यों में तीव्र गति के तलवार घुमाते हुए नाचते हैं।

नाटी को एक-दूसरे के बीच पर्याप्त अंतर छोड़ कर एक-दूसरे के फैलाये हुए हाथ पकड़ कर भी नाचा जाता है। इसे 'लाम्बर नाटी' कहते हैं।

दीपावली के अवसर पर महासू में जिस प्रकार का नाच नाचा जाता है, वैसा ही एक नाच कुल्लू में नाचते हैं। इसके नर्तकों का मुँह वादकों की ओर नहीं होता बल्कि वो आगे की ओर मुँह करके नाचते हैं। नर्तक, अपने दोनों हाथ, अपने आगे वाले दूसरे नर्तक के दोनों कंधों पर रख कर पंक्ति बद्ध होते हैं। इस पंक्ति में आगे के दो-चार नर्तक, वाद्यों की लय पर, गीत गाते हैं, और आकर्षक ढंग से लय पर झूमते हुए शरीर को लचकाते हुए मस्त (विलम्बित) चाल से गोल घेरे में आगे बढ़ते हैं। इसे 'घुघुती नाटी कहा जाता है। इसके अतिरिक्त, नाटियों के गाँवों के नाम पर निजी नाम भी होते हैं, जैसे 'कहाहिलू नाटी' 'बगोणु नाटी' आदि। सिरमौर के 'रासे' जैसा नृत्य करतब भी कुल्लू की 'नाटी' में देखने को मिलता है।

कुल्लू में भी किन्नौर के 'बुड़ाछाङ' की भाँति एक 'हरण नाच' नाचा जाता है। इसमें पुरुष वर्ग ही भाग लेता है। महिलाएँ केवल देखती हैं। इसमें दो नर्तकों को विशेष ढंग से झुका कर फिर इन पर काली धारियों वाली चादर ओढ़ा देते हैं। झुके हुए दोनों नर्तक इस प्रकार से झुके होते हैं एवं इस प्रकार एक-दूसरे को पकड़े हुए होते हैं कि उन पर चादर ओढ़ाने के बाद मृग जैसी आकृति बन जाती है। इस 'हरण' के सिर पर लकड़ी के सींग भी दिखाये जाते हैं। यह 'हरण' फिर वाद्यों की लय पर मृग जैसी चाल में झूमता हुआ नाचता है। इसके आस-पास दो नर्तक और नाचते हैं, जिनका मूल उद्देश्य नाचते 'हरण' का मार्ग दर्शन होता है। इन दो नर्तकों में एक 'महिला' बना हुआ होता है।

किन्नौर के 'बाकायङ' की ही भाँति 'लालड़ी' नाम का एक नृत्य कुल्लू में भी नाचा जाता है। इसमें भी केवल महिलाएँ ही नाचती है। नृत्य बाहर खुले में होता है। सुन्दर वेष-भूषा व आभूषणों से सुसज्जित महिलाएँ दो दलों में बँट कर एक-दूसरे के सामने पंक्ति बद्ध हो जाती हैं। फिर एक दल गीत गाना प्रारम्भ करता है। और कमर को थोड़ा झुकाकर एक साथ तालियाँ बजाता है, क्रम से पाँव उठा-रखकर गीत का एक चरण पूरा होने तक आगे बढ़ता है। महिलाओं की सामने वाली पंक्ति इसी क्रम से पीछे हटती हैं। गीत का चरण पूरा हो जाने पर आगे बढ़ रही व पीछे हट रही महिलाएँ थम जाती हैं। फिर महिलाओं की दूसरी पंक्ति पहली पंक्ति की भाँति, गीत का दूसरा चरण गाती हुई आगे बढ़ती हैं और पहली पंक्ति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसी क्रम से पीछे हटती है। इस प्रकार यह नृत्य पर्याप्त समय तक नाचा जाता है।

कुल्लू नगर में काँगड़ा की भाँति ही महिलाएँ विवाह, पुत्र जन्म तथा अन्य सुअवसर पर घर के अन्दर गिद्धा भी नाचती हैं।

किन्नौर के 'कायङ' व महासू सिरमौर तथा कुल्लू की नाटियों के साथ, गीतों की ही लय संरचना बजती है। बहुधा, गीत लय-संरचना के दो आवर्तनों में नाटी की गति में पग-संचालन के निश्चित क्रम का एक आवर्तन पूरा होता है।

चम्बा में दोनों तरह का नृत्य नाचा जाता है। एक सामूहिक नृत्य जिसे प्रायः बाहर खुले स्थान में नाचा जाता है। यह नृत्य दिन को नाचा जाता है। दूसरा अन्दर का नाच जिसे दो-एक व्यक्ति नाचते हैं और जो प्रायः रात को नाचा जाता है।

सामूहिक नृत्य एक-दूसरे के हाथ पकड़ कर और बिना हाथ पकड़े दोनों तरह से नाचा जाता है। नृत्य बहुधा गोल घेरे में बाएँ से दाएँ नाचा जाता है वाद्य वादक गोल घेरे के अन्दर बैठते हैं। एक-दूसरे के हाथ पकड़ कर बँधी 'माला' में सामूहिक नृत्य करते हुए नर्तक मण्डली का मुँह वादकों की ओर घेरे के अन्दर की तरफ रहता है और बिना हाथ पकड़े गोल घेरे में नाचते हुए पंक्ति वद्ध नर्तकों का मुँह घेरे के अन्दर की ओर न होकर दाएँ और बाएँ घूमता रहता है।

चम्बा नगर क्षेत्र में इस प्रकार का एक 'घुरई' नामक सामूहिक नृत्य नाचा जाता है। यह महिलाओं का ही नृत्य है। 'घुरई' मेलों, धार्मिक पर्वों और विवाह आदि विशेष अवसरों पर नाचा जाता है। नाच में गाने का बन्धन नहीं है। इस नृत्य के साथ अवसर से ही संबद्ध गीत भी गाया जाता है। यह गीत प्रकार भी घुरई कहलाता है। महिलाओं की वेशभूषा, अवसर के अनुरूप विशेष होती है। 'सूई' के मेले पर 'घुरई' नाचने वाली महिलाओं की यह वेशभूषा होती है।

१. पुसाज—कुरते-पायजामें के ऊपर पहनी जाने वाली ऊनी अथवा सूती एक विशेष महिला वस्त्र, जिसका कमर से नीचे पाँव तक का भाग पर्याप्त खुला व तहदार घेरे वाला होता है। प्रदेश में प्रायः हर स्थान पर विशेषतया निचले क्षेत्रों में 'पुसाज' महिलाओं का एक अनिवार्य वस्त्र होता था, जिसे घर से बाहर किसी कार्यवश जाने वाली प्रत्येक महिला अवश्य पहनती थी। अब यह वस्त्र लुप्तप्रायः है।
२. सिर पर गोटे-किनारी वाला दुपट्टा जिसे महिलाएँ नव-विवाहिताओं की तरह ओढ़ कर 'घुरई' नाचती है। पाँव नंगे होते हैं।

महिलाएँ एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर गोल दायरे में घूमते हुए बाएँ से दाएँ नाचती हैं। नाच में दायाँ-बायाँ पाँव बारी-बारी आगे-पीछे किया जाता है और माला में बंधी महिलाएँ गोल घेरे में आगे बढ़ती जाती हैं। पग-संचालन में, यदि दायाँ पाँव पीछे किया है, तो बायाँ पाँव भी पीछे ले जाया जाकर दाएँ के साथ मिला दिया जाता है। फिर जब बाँया पांव आगे बढ़ाया, तो दायाँ पाँव भी आगे लाकर बाएँ के साथ मिला दिया जाता है। पाँव को आगे पीछे लाने-रखने का यह क्रम हर बार, थोड़ा दाएँ बढ़ कर किया जाता है। इस प्रकार पग-संचालन के साथ महिलाएँ आगे-पीछे भी झुकती हैं। पग-संचालन और आगे-पीछे झुकना सबका एक जैसा व एक ही समय पर होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

घुरई नृत्य चम्बा के चुराह, पाँगी आदि अन्य क्षेत्रों में भी नाचा जाता है।

पाँगी के 'घुरई' नचुण (नृत्य) का ढंग, चम्बा नगर क्षेत्र से थोड़ा-सा भिन्न है। इस क्षेत्र में घुरई नाचने से पहले देवी-देवता वंदना प्रयोज्य आग में (चूल्हे में, या कड़ाही में डाली आग पर) 'धूप' डालते हैं। फिर दस-दस बारह-बारह, या इससे कम महिलाओं के दो दल बन जाते हैं। दोनों दलों की महिलाएँ एक दूसरी के हाथ सीधे (दायाँ-बायाँ) पकड़ कर; आमने-सामने अण्डाकार आकृति में पंक्ति-बद्ध होकर, इस तरह खड़ी होती हैं कि पंक्तियों के दोनों छोर एक-दूसरे के पास तो होते हैं, परन्तु आपस में मिलते नहीं। इस प्रकार अण्डाकार आकृति में आमने-सामने खड़ी पंक्ति बद्ध महिलाएँ फिर पाँव को गीत की लय में विशेष क्रम से उठा-रख कर, एक साथ आगे व पीछे झुकती हुई बाएँ से दाएँ गोलाकार घूमती है। मुंह दोनों पंक्तियों का आमने-सामने रहता है, छोर मिलते नहीं, और यह अण्डाकार आकृति ही लय-बद्ध विशेष पग-संचालन से बाएँ से दाएँ गोलाकार घूमती है। लय के लिए ढनूस (ढोल) बजता है।

महिलाओं का विशेष पहरावा है —

१. **चलन**—पायजामा चूड़ीदार। पुरुषों की अपेक्षा अधिक तंग।

२. **कमरी**—लम्बा कुरता। सुवर्णों में घुटनों तक लम्बा व हरिजनों में घुटनों से नीचे तक लम्बा

३. **खेस**—सूती चादर, कुरते के ऊपर लपेटने के लिए। यह चादर, प्राय: ११-१२ फुट लम्बी और ३-४ फुट चौड़ी होती है। इस पर फूल भी काढ़े हुए होते हैं। चादर के दोनों पल्लू, दोनों कंधों पर 'डुमणू' (चाँदी अथवा लोहे के पिन विशेष) से टंके रहते हैं। कई महिलाओं के ये 'डुमणू' वक्ष: स्थल पर लटकी एक चाँदी की जंजीर से जुड़े होते हैं। चादर बाएँ कन्धे से बाई ओर नीचे ले जाकर फिर सामने दाएँ से ले जाई गई होती है। नीचे, दाएँ से फिर ऊपर बाएँ कन्धे पर ले जाकर पीठ पीछे यह चादर बाँधी होती हैं।

४. **जोजी**—प्राय: लाल रग के (साटिन) कपड़े का सिर के लिए विशेष पहरावा। यह दो-तीन अथवा चार-चार तहों की होती है। आकार इसका गोल होता है। ऊपरी, सिर को ढाँपने वाली तह पर पशमीने की आकर्षक कढ़ाई की ग: होती है। गोल तहें एक के ऊपरी दूसरी, थोड़ी बाहर निकली हुई होती हैं। 'जोजी' में पिछली ओर एक चोटी-सी भी बनी होती है जो मध्य भाग पे मोड़ी जाकर ऊपर फिर बालों में पिन से टंकी होती है। महिलाएँ एक ही पुंछण (गुत) करती हैं।

ये महिलाएँ अनेक आकर्षक आभूषणों से सुसज्जित होती हैं। आभूषण प्राय: ये होते हैं—

१. **कलाई में बँगें**—चाँदी की डेढ़-दो इंच चौड़ी चूड़ियाँ।

२. **हरऊ**—चाँदी के गजरे, जिनके किनारे जुड़े नहीं होते, एक-दूसरे के साथ लगे होते हैं। किनारे हाथी या सिंह के मुँह जैसे बनाए होते हैं।

२. **अँगुलियों में**—सोने अथवा चाँदी की अँगूठी जिसे 'अंगठ' कहा जाता है।

३. **तकमा**—गले का आभूषण। चाँदी की जंजीर, जिसके नीचे मध्य में चाँदी की चोकोर प्लेट-सी टंकी रहती है, जिस पर देवी आदि की प्रतिमा खुदी रहती है।

४. **बाड़ियाँ**—कान के बाह्य भाग में पिरोए हुए चाँदी के छल्ले।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५. थोपकी —चाँदी का काँटा, कान के निचले भाग में पहनने के लिए ।

६. मुरगी—सोने की मुर्की, नाक में एक ओर पहनने के लिए ।

७. फुल्ली—नाक के मध्य भाग से नीचे को लटकने वाला गहना (बुलाक) ।

८. टोका—नाक में दूसरी ओर पहना जाने वाला 'कोका' ।

पाँगी में 'उनैणी' के अवसर पर पुरुष वर्ग भी एक विशेष नृत्य नाचता है । 'उनैणी' सर्दियों का एक त्योहार है । इस त्योहार पर ३ दिन का मेला लगता है । 'उनैणी' त्योहार फूल यात्रा पर्व के १५ दिन बाद आता है 'फूल यात्रा' किन्नौर के 'फुलायच' से मिलता-जुलता उत्सव है, जो प्राय: उसी समय लगभग उसी ढंग मनाया जाता है ।

'उनैणी' नृत्य पहाड़ पर समतल स्थान पर नाचा जाता है । नृत्य में सौ-सौ व्यक्ति भी सम्मलित हो जाते हैं और नृत्य मण्डली का घेरा साठ-साठ फुट तक भी हो जाता है, जिसके हाथ में 'छैण' (एक गँडासा-सा) होता है । छैण का अग्र भाग किसी भी धातु का मध्य भाग चाँदी का व पृष्ठ भाग (जहाँ से पकड़ा जाता है) काष्ठ का अथवा चाँदी-मढ़े काष्ठ का बना होता है । नृत्य के लिए जो समतल स्थान चुना जाता है, उसे 'लाहल्' कहते हैं । 'लाहल्' के मध्य 'धूण' (देवी-देवता के नाम पर जलाई आग और उसमें ढाला गया धूप) होता है । नृत्य इस 'धूण' से प्रारम्भ होता है ।

नाच के लिए नर्तकों का जो घेरा बनता है, उसमें आगे की पंक्ति में सुवर्ण तथा पीछे की पंक्ति में हरिजन (चनाल) खडे होते हैं । यह घेरा 'धूण' से दाईं ओर को चलेगा, और फिर जैसे ही 'घेरे' का अन्तिम नर्तक धूण के पास पहुंचेगा, 'घेरा' समाप्त हो जायेगा । 'धूण' की यह एक प्रकार की परिक्रमा होती है । इसके बाद नाच आरम्भ होता है । पंक्ति बद्ध नर्तक, फिर हाथ पकड़कर बाएँ से दाएँ नाचते हैं । नृत्य की चाल वाद्य वादन की लय के अनुसार होती है । अगुआ, 'छैण' को कभी नीचे झुकायेगा, कभी खुद भी झुकेगा । तब 'घेरे' के कुल नर्तक भी उसी प्रकार झुकेंगे । इस नृत्य के साथ गीत नहीं गाया जाता । वाद्यों पर विशेष 'राग' (धुन) बजाईजाती है, जिसकी लय कभी धीमी कभी द्रुत होती है । इसी लय पर नर्तक धीमें तथा द्रुत नाचते हैं, वाद्य-वादक 'लाहल्' में 'धूण' के पीछे बैठेंगे । वाद्य प्राय: ये होते हैं—

१. ढनूंस (ढोल)

२. कनछेई (झाँझ)

३. वैंछ (बाँसुरी)

इस नाच के बाद, फिर बारी-बारी एक दिन स्वाँग व दूसरे दिन 'हरण' का आयोजन भी होता है । 'स्वाँग' में नर्तक एक डरावना सा मुखोटा पहन कर, फिर मोर पंखों अथवा 'जैचूर' (याक) की पूंछ के बालों का शृंगार करके स्वतंत्र नाचते हैं । 'हरण' नाच में कुल्लूई' आयोजन की तरह दो व्यक्तियों को झुकाकर उन पर चादर डालकर, मृग की सी चाल में फिर नाचते हैं । 'स्वाँग' व 'हरण' आयोजनों में विशेष नृत्य रूप-सज्जा के साथ दो-तीन चक्कर लगाने के बाद नर्तक अपने सामान्य पहरावे में आकर नाचेंगे । इस नृत्य के साथ गीत तो होता नहीं बस नाचते हुए नर्तक मण्डली बीच-बीच में एक साथ 'हो' करते रहते हैं । पुरुष वर्ग का विशेष पहरावा यह होता है—

१. चलन—ऊनी अथवा सूती, किसी भी रंग का पायजामा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२. कमरी—कुरता, सूती।
३. कोठ—बहुधा श्वेत (अथवा किसी भी रंग का) ऊनी कोट।
४. टोप—सफेद लट्ठे की विशेष टोपी।
५. मझिण—कमर में लपेटने के लिए चौड़ा ऊनी पटका।
६. पूल—गेहूँ अथवा राजसीन के पराल का बना जूता-विशेष।

चम्बा के चुराह क्षेत्र की महिलाएँ ऊपर कुछ खुला और नीचे से चूड़ीदार पायजामा पहन कर, सिर पर 'जोजी' लगा कर, बाहों में ऊपर तक चूड़ियां सजा कर, हाथ में रूमाल लेकर नाचती हैं।

पुरुष वर्ग तंग मोहरी का पायजामा ऊनी अथवा सूती कोट तथा रंगविरंगी पगड़ी पहन कर, हाथ में रूमाल लेकर नाचता है। चुराह में भी 'घुरई' के अतिरिक्त कई तरह के सामूहिक अथवा दो-एक व्यक्तियों द्वारा नाचे जाने वाले नाच होते हैं।

चम्बा में भरभौर वासियों के अपने नृत्य हैं। इस क्षेत्र में 'गद्दी' जन जाति बसती है। नृत्य को लोग नाच कहते हैं इनमें भी महिलाओं व पुरुषों के अलग-अलग नाच हैं।

इस क्षेत्र में महिलाएँ दो प्रकार का नाच नाचती हैं। एक नाच प्राय: विवाहित महिलाएँ ही नाचतीं हैं और दूसरा अविवाहित युवतियाँ नाचती हैं।

बहुधा विवाहित, अधेड़ तथा प्रौढ़ महिलाओं द्वारा नाचा जाने वाला नाच 'डंगी' कहलाता है। यह नृत्य महिलाएँ गोल दायरे में बाएँ से दाएँ नाचती हैं। गोल दायरे में नाचने के लिए पंक्तिबद्ध ये महिलाएँ हाथ नहीं पकड़ती, बल्कि हाथों को सामने थोड़ा ऊँचा उठाकर विशेष ढंग से एक-दूसरे की ओर मुँह करके नचाती हुई घेरे में बढ़ती हैं। इस नृत्य में महिलाओं का मुँह घेरे के अन्दर की ओर नहीं रहता, बल्कि बारी-बारी दाएँ व बाएँ होता रहता है। महिला जब दोनों हाथ ऊपर उठाए बायाँ पाँव दाईं ओर बढ़ाए दाईं ओर घूमती है, तो दाईं ओर वाली महिला उसी मुद्रा में उसी समय दायाँ पांव आगे बड़ा कर बाएँ घूमती हैं। जब महिला दायाँ पाँव बढ़ाकर बाएँ घूमती हैं, तो बाईं ओर वाली महिला उसी मुद्रा में उसी समय दायाँ पाँव आगे बड़ा कर बाएँ घूमती है। जब महिला दायाँ पाँव बढ़ाकर बाएँ घूमती है, तो बाएँ ओर वाली महिला, उसी समय उसी मुद्रा में बायाँ पाँव दाईं ओर बढ़ा कर दाएँ घूमती है। इस प्रकार हर बार दो-दो महिलाएँ एक साथ एक दूसरी की ओर घूमती हैं। महिला युग्मों में यह करतब एक साथ होता है। यही इस नृत्य का सौंदर्य है। लयबद्ध इस करतब में महिलाएँ थोड़ा-थोड़ा घेरे में दाएँ भी बढ़ती जाती है। 'डंगी' नाच के साथ वाद्यों की लय पर गीत भी गाए जाते हैं। ये गीत कोई से भी लोक गीत हो सकते हैं। गीत दो-दलों में बंट कर गाए जाते हैं। नृत्य करती हुई महिलाएँ ही दो दलों में बँट कर साथ-साथ गीत गाती हैं।

अविवाहित युवतियों द्वारा गाया जाने वाला नृत्य, 'गुड्डी' कहलाता है। गुड्डी नाच में युवतियाँ आठ-आठ दस-दस की पंक्तियां बनाकर पर्याप्त अन्तर से आमने-सामने खड़ी हो जाती हैं। फिर एक पंक्ति की युवतियाँ, 'डंगी' की तरह ही, दो-दो में हाथ उठाए एक दूसरी के सामने को घूमती, पंक्ति में ही एक साथ सामने वाली पंक्ति की ओर बढ़ती हैं, और पास पहुँच कर उस क्रम से पाँव उठाते-रखते उसी तरह दाएँ बाएँ घूमते, पीछे लौटती है। फिर दूसरी पंक्ति इसी प्रकार पहली पंक्ति की ओर बढ़ती है और पास जाकर पीछे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लौटती है। इसी तरह यह 'गुड्डी' नाच पर्याप्त समय तक युवतियाँ नाचती हैं।

महिलाएँ यह विशेष पहरावा पहनती हैं—

१. चोला—लम्बे कोट जैसा। कमर से ऊपर का इसका भाग रेशमी होता है और नीचे का भाग छींट का पर्याप्त घेरे वाला होता है।
२. डोरा—चोला पहन कर फिर कमर में बाँधने के लिए ऊनी लम्वा डोरा।
३. चूड़ीदार पायजामा।
४. चादरु—दुपट्टा।

महिलाएँ अनेक आभूषण भी पहने हुए होती हैं, जैसे—

१. बालू—नाक में, सोने का बना हुआ।
२. चक—सिर पर, चाँदी का बना हुआ।
३. चिड़ी—माथे पर, चाँदी का बना हुआ।
४. चन्द्रहार, जैमाला, कंठी आदि—गले में, चाँदी के वने हुए।
५. गजरे टोके—बाहों में चाँदी के वने हुए।
६. गूठी—अँगुली में, चाँदी की अँगूठी।
७. पजेब—पाँव में, चाँदी की बनी हुई।
८. गुथड़े—पाँव की अँगुलियों में, चाँदी के बने हुए।
९. मोचड़ियाँ—जूते।
१०. कानों में चाँदी की वालियाँ।

अविवाहित 'बालू' और 'चक' को छोड़ शेष सब गहने पहनती हैं।

गद्दी जनजाति का पुरुष वर्ग जो नृत्य करता है, उसे 'डंडारस' अथवा 'नाटी' ही कह देते हैं। जिस स्थान पर यह नृत्य किया जाता है, उस स्थान को 'मण्डल' कहते हैं। मण्डल में 'गद्दी' पँक्ति बद्ध हो जाएँगे, और फिर लोक-वाद्यों की लय पर बिना हाथ पकड़े 'डंगी' की तरह का अंग-संचालन करके, बाएँ से दाएँ गोलाकार घूमते हैं।

नाटी में बजाए जाने वाले वाद्य हैं—

१. ढोल।
२. सुन्हावा (शहनाई)।
३. थाली-घड़ा। एक खाली साबुत घड़ा रख कर, उसके मुँह पर, कुटु (भरथी) की थाली उल्टी करके रखी जाती है। इसे काष्ठ की डडी से बजाते हैं।

गद्दियों का विशेष पहरावा हैं—

१. चोलू—श्वेत ऊन का लम्बा कोट सा, कमर से नीचे का जिसका भाग अधिक घेरे वाला होता है। सजावट के लिए कभी-कभी इसमें, आगे पीछे, छोटे कई आइने भी टँके होते हैं।
२. डोरू—चोलू पहनने के बाद, कमर में लपेटने के लिए काला ऊनी डोरा।
३. व्यूंहली—मुरली। डोरे में खोंसी हुई।
४. खीसड़ू—बान्हणू: डोरे की सजावट के लिए लाल (काले अग्र भाग वाली) 'रत्तियों' का बना श्रृंगार विशेष।
५. चूड़ीदार, सूती पायजामा।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६. जुट्टे —मोटे-मोटे जूते, जिनके नीचे लोहे के नाल लगे होते हैं (नृत्य प्रायः नंगे पाँव ही किया जाता है)
७. साफा—सिर पर सूती पगड़ी। जिसके अन्दर ऊन की टोपी भी पहनी होती है।
८. कानों में सोने की बड़ी-बड़ी बालियाँ।
९. गले में चाँदी की जंजीर।

गद्दियों के इस 'डंडारस' में गीत नहीं गाया जाता। केवल वाद्य-वादन की लय पर ही यह नाच नाचा जाता है। बीच-बीच में नर्तक १०-१५ मिनट बाद एक साथ, 'हो-हो करते हैं।

नगारा प्रायः देव स्थानों पर या विवाह अवसर पर ही बजाया जाता है। 'रणसिंगा' व छैणें भी प्रायः देव मन्दिरों में ही वजते हैं।

चम्बा नगर क्षेत्र में विवाह, पुत्र जन्म तथा 'जट्टू' (बाल उतारने) आदि अवसरों पर महिलाएँ 'गिद्धा' भी नाचती हैं।

लाहुल में नृत्य को 'गरफी' कहा जाता है। इस क्षेत्र में भी बाहर खुले में व अन्दर नाचे जाने वाले अलग-अलग नृत्य है। बाहर खुले में सामूहिक नृत्य नाचा जाता है, जिसे 'नाटी' की तरह ही गोल दायरे में, एक दूसरे के हाथ पकड़ कर या कभी बिना हाथ पकड़े एक निश्चित क्रम से पाँव बढ़ाते हुए, बाएँ से दाएँ नाचते हैं। अन्दर के 'गरफी' में दो-एक व्यक्ति ही, मुक्त अंग संचालन कर नाचते हैं। सामान्यतया 'गरफी' में पुरुष वर्ग ही सम्मिलित होता है, लेकिन अब युवनियाँ भी नाच में भाग लेने लगी हैं।

सामूहिक नृत्यों में एक 'दशांई' नामक नाच है, जिसे सर्दियों में (दिसम्बर, जनवरी में) महिला-पुरुष मिल कर नाचते हैं। यह नृत्य, सामान्य नाटी की तरह गोलाकार नाचा जाता है। नर्तक (महिला-पुरुष) अलग-अलग अथवा एक दूसरे के बीच ही हाथ पकड़ कर माला में बंध जाते हैं। दाईं ओर खड़े तीसरे व्यक्ति का बायाँ हाथ दाएँ हाथ से, और बाई ओर खड़े तीसरे व्यक्ति का दायाँ हाथ, बाएँ हाथ से पकड़ा जाता है। इस प्रकार एक लड़ी-सी बना कर गोल दायरे में एक निश्चित क्रम के पग-संचालन से नाचा जाता है। लय के लिए घेरे के अन्दर लोक वाद्यों पर धुन विशेष बजाई जाती है। यह नृत्य महिला-पुरुष विशेष पहरावे में नाचते हैं।

महिलाओं का विशेष पहरावा होता है—

१. कतर्—लम्बा चोड़ू। घुटनों तक लम्बा भूरे रंग की ऊनी पट्टी का चोला, कमर के नीचे जिसका पर्याप्त घेरा होता है।
२. कतर् के ऊपर पहने के लिए एक विशेष जाकेट सी।
३. छिरू्—गाची। कमर में बाँधने का पटका। यह चादर जैसी पतली, भूरे रंग की ऊनी पट्टी का अथवा मोटे रंगीन कपड़े का पटका सा होता है। आठ-दस इँच इसकी चौड़ाई होती है तथा अढ़ाई तीन गज यह लम्बा होता है।
४. सुंतणा—चूंडीदार पायजामा। यह प्रायः स्लेटी रंग की ऊनी पट्टी का बना होता है।
५. जरावाह्रे—ऊन की विशेष जुराबें।
६. पूलाह्—पाँव में घास की बनी 'पूलें' जिन पर कढ़ाई का आकर्षक काम भी किया होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

७. गोल टोपी, जिसका किनारा काले रंग का तथा मध्य भाग लाल रंग का होता है। फूल भी टँके होते हैं।
८. श्वेत ऊन का दुपट्टा, जो सिर को ढाँपता हुआ, गले के दोनों ओर, आगे को लटका रहता है।

इसके अतिरिक्त महिलाएँ परम्परागत आभूषणों से भी सजी रहती हैं।
आभूषण हैं—

१. बाड़ी—सिर से, नीचे की ओर कपोलों पर लटकने वाला चाँदी का विशेष आभूषण।
२. गले में मूंगों-मणियों के हार।
३. साह्‌री—कानों के बड़े-बड़े झुमके। चाँदी के बने हुए।
४. खुँडू—कानों के छोटे गहने, बालियाँ सी। चाँदी के बने हुए।
५. बुमणी—वक्षस्थल को दाईं ओर ढाँपने के लिए चाँदी का आभूषण विशेष।
६. गोऊ—चोटी बंधने वाला विशेष आभूषण जो पीछे पीठ पर लटका रहता है। यह सोने तथा चाँदी का बना होता है।
७. गुहीथब—सोने या चाँदी की अँगूठी जिसमें 'फ्राह' (नग) भी जड़ा रहता है।
८. नङ—चाँदी के बने मोटे-मोटे कँगन।

पुरुष वर्ग का विशेष पहरावा है—

१. पोहदू—टोबड़ू: किन्नौरी टोपी जैसी ऊनी पट्टी की टोपी। पहले इस टोपी के लिए ऊनी पट्टी विशेष तिब्बत से आती थी, और इसकी बनावट कुल्लूई टोपी जैसी, बीच में कुछ ऊँची पतली सी होती थी। अब ऐसी टोपी प्रायः 'गुर' (देवता के पुजारी) ही पहनते हैं।
२. चोड़ू—श्वेत ऊनी पट्टी का लम्बा चोला। इसका प्रचलन अब कम ही है। अब प्रायः ऊनी कोट ही पहना जाता है।
३. चूड़ीदार रंगीन, ऊनी पायजामा, महिलाओं की अपेक्षा, जिसकी मोहरी कुछ ढीली होती है।

कमर में बाँधने के लिए 'गाची' तथा जुराबें, पूलें, महिलाओं की जैसी होती है।

पुरुष वर्ग भी कानों में 'खुँडू' 'बीरवली', 'मुड़की' आदि नामक सोने की बालियाँ-सी पहनते हैं।

नृत्य के लिए, जो लोक वाद्य प्रयुक्त होते हैं, वे हैं—

१. निशां, निशान-नगारा।
२. ढोलकी-ढोल।
३. वैंज-बांसुरी।

इसके अतिरिक्त 'थाली' भी कभी-कभी साथ बजती है। कभी-कभी 'पवन' भी बजाया जाता है। 'पवन' एक डमरू जैसा वाद्य है, जो डमरू से पर्याप्त बड़ा होता है और जिसका पतला मध्य भाग डमरू की अपेक्षा अधिक लम्बा होता है। इसके दाईं ओर के मढ़े भाग के साथ लगती हुई, पर बीचों-बीच सीधी, दोहरी, आंत की डोरी कसी होती है, जिसे विशेष ढंग से छेड़कर, वादक कलाकार, इस वाद्य से ध्वनि विशेष उत्पन्न करता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

इसके अतिरिक्त शहनाई भी इस क्षेत्र का लोक वाद्य है, जिसे स्थानीय भाषा में 'सुरनई' कहा जाता है।

इस क्षेत्र में कुल्लूई जैसी नाटियाँ भी नाची जाती हैं, जिनमें पग-संचालन का निश्चित क्रम आगे-पीछे झुकने का काम सब उसी प्रकार होता है।

पाँगी के से नाच भी इस क्षेत्र में नाचे जाते हैं।

एक 'बालती' नामक नाच भी इस क्षेत्र में नाचा जाता है, जिसमें एक महिला खड़ी होकर ढोलकी को सिर के साथ सटाए एक हाथ से पकड़ रखती हैं और दूसरे हाथ से इसे बजाती है। इस लय पर दो-चार पुरुष व महिलाएँ गीत गाते हैं और साथ-साथ स्वतन्त्र अंग-संचालन के साथ नाचते भी हैं।

नाच में समय का बन्धन नही है।

विवाह आदि अन्य अवसरों पर प्रायः स्वतन्त्र नृत्य होता है 'माला' में बंधकर नहीं। ऐसे नृत्य प्रायः पुरुष ही नाचते हैं। गोल घेरा बनाकर सब व्यक्ति नीचे बैठ जाते हैं। वाद्य वादक घेरे में एक ओर बैठते हैं। इन्हीं के आस-पास महिलाएँ भी बैठकर गीत गाती हैं और पुरुष दो-दो, तीन-तीन घेरे में उठकर गीत की लय पर स्वतन्त्र नाचते हैं। गीत की लय पर तालियाँ भी बजाई जाती हैं।

सीमावर्ती क्षेत्र स्पीति में मुख्यता तीन प्रकार के नाच नाचे जाते हैं।

एक देव-लीला नृत्य है जिसे केवल 'लामा' लोग ही नाचते हैं। इस नृत्य का आयोजन प्रायः गोन्पाओं (विहारों) में, इनके खुले प्रांगणों में होता है। इसे 'छाम' कहा जाता है।

कई बार 'छाम' का प्रस्तुतीकरण गोन्पाओं के प्रांगण से बाहर भी होता है। लाहुल के अधिक ऊँचे, केलंग से ऊपर-ऊपर के क्षेत्रों और स्पीति में, वैसाख पूर्णिमा, अष्टमी, अमावस आदि विशेष दिनों में 'छेचु' नामक एक विशेष धार्मिक व सांस्कृतिक पर्व मनाया जाता है। अलग-अलग स्थानों पर 'छेचु' मनाने की विधि, स्थानीय विशेष सांप्रदायिक मान्यताओं के अनुरूप होती है।

'छेचु' का आयोजन गोन्पाओं (विहारों) में ही होता है। इस आयोजन में पहले 'लामा' लोग तान्त्रिक विधि से पूजा-पाठ करते हैं, भक्ति-गीत गाए जाते हैं, पूजा के वाद्य-विशेष बजाए जाते हैं। पूजा के बाद, देव-लीला नृत्य-नाट्य 'छाम' का आयोजन होता है। लामा-लोग विशेष वेशभूषा में इसे निभाते हैं। इस देव-लीला नृत्य-नाट्य 'छाम' में पाँव को दाएँ-बाएँ घुमाना, पग आगे-पीछे रखना, हाथों में अपेक्षित मुद्रा-निर्माण—ये सब कुछ एक निश्चित विधि से ही होता है: जिसमें तनिक-सी भूल सारे किए पर पानी फेर देती है। इसलिए 'छाम' निभाने के लिए लामाओं को कठिन पूर्वाभ्यास करना पड़ता है, ताकि किसी प्रकार की भूल-चूक न हो। यह नृत्य-नाट्य मुखौटे पहनकर पिशाच-भूत-प्रेत आदि के रूप भी बनकर नाचा जाता है।

'गेमूर गोन्पा का 'छाम'—

पहरावा

ऊपर का पहरावा 'दौर गोङ' तथा नीचे का पहरावा 'पाङ-खेम' कहलाता है। यह सबका प्रायः एक जैसा ही होता है। घुटनों से नीचे तक प्रायः पाँव तक पहुँचा हुआ लम्बा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रंगीन 'चोला, और उसके ऊपर लम्बी-खुली बाहों वाला एक लम्बा-खुला चोगा-सा।

मुखिया 'लामा' जिसे 'छम्पोन' कहा जाता है, उसने सिर पर एक विशेष मुकुट जैसा लम्बा 'टोप' पहना होता है, जिसे 'चीज़ा' या 'ज़ाना' कहते हैं।

भाग लेने वाले शेष लामाओं ने मुखौटे पहने हुए होते हैं। एक ने 'कौवे' के मुंह का सा और एक ने 'उल्लु' के मुँह का-सा मुखौटा पहना होता है।

ये सब लामा 'छामा' के लिए विशेष वेश-भूषा में सजकर 'गोन्पा' से एक निश्चित क्रम में बाहर निकलकर बाहर प्रांगण में आकर अपनी-अपनी भूमिकाएँ निभाते हैं।

पहले 'छम्पोन' (मुखिया) गोन्पा से बाहर निकलकर प्रांगण में आता है फिर मुखौटे पहने हुए चार 'लामा' बाहर आते हैं, जिन्हें 'गोमाज़ी' कहा जाता है। इनकी टाँगे लम्बी होती हैं तथा अन्य वस्त्र-सज्जा अलग-अलग श्वेत, पीला, लाल व हरा इन चार रंगों की होती है। ये चार रंग, चार दिशाओं के सूचक माने जाते हैं और ये चारों लामा, एक प्रकार से दिक्पाल। श्वेत पूर्व दिशा का, लाल पश्चिम दिशा का, हरा उत्तर दिशा का तथा पीला दक्षिण दिशा का सूचक होता है।

श्वेत रंग वाले लामा के हाथ में अंकुश, पीले वाले के हाथ में रस्सा, लाल रंग वाले लामा के हाथ में लोहे की सांकल, तथा हरे रंग वाले लामा के हाथ में घण्टा होता है।

'गोमाज़ी' के बाद दो लामा निकलते हैं, जिन्होंने 'कौवे' व 'उल्लू' के मुखौटे पहने होते हैं। इन दोनों के हाथ में तीर होते हैं।

इनके बाद फिर एक साथ आठ लामा निकलते हैं। इन्हें 'धेगैत्' कहते हैं। इन्होंने पूरा पहरावा पहना होता है और इनका मुंह ढका हुआ होता है।

'छाम' में सम्मिलित होने वाले वाद्य-वादकों का अलग-अलग पहरावा होता है। इनमें पहले नगारे वाला, फिर धूंएँ वाला (एक पात्र विशेष में आग डाली हुई होती है, जिसमें देवदार की पत्तियाँ डालकर धूंआ पैदा किया होता है) फिर तीन मुँह वाली केटली में 'छाङ' (स्थानीय मादक पेय) लिए हुए, फिर 'करनाल' वाला और फिर शहनाई वाला प्रांगण में आकर बैठते हैं।

प्रांगण के बीच में एक झण्डा होता है। पहले अगुआ आएगा, और इसके चारों ओर नाचेगा। फिर शेष सम्मिलित लामा इस झण्डे के चारों ओर नाचते हैं। नृत्य, देव गान की धुन-लय पर किया जाता है, जो, चार-पाँच बैठे हुए लामा धर्म ग्रंथ में से गाते हैं। साथ, वाद्य भी बजते हैं।

वाद्य हैं—

१. दामन—नगारा।
२. ज्ञालिङ—एक बड़ी लम्बी शहनाई।
३. सुरना—सामान्य शहनाई।
४. दुङ—करनाल की तरह के दो लम्बे-लम्बे विशेष वाद्य।
५. दरु-डमरू। लेकिन यह डमरू सामान्य डमरू से बिलकुल भिन्न होता है। यह खंजरी के आकार का कुछ बड़ा, दोनों तरफ से मढ़ा वाद्य विशेष है, जिसमें नीचे एक लम्बा हत्था होता है, जहाँ से पकड़कर इसे दाएँ-बाएँ घुमाते हैं, जिससे दोनों मढ़े भाग, धागे से लटकी दो छोटी गोल गांठों से बजते हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६. लिङ्बू—बांसुरी ।
७. दाक़ा—ढोलक ।
८. दप—डफ ।
९. डव—एक गोलाकार ड्रम की तरह का धातु वाद्य जो घड़याल की तरह लटकाया हुआ होता है । इसे रणसिंगे की तरह के टेढ़े वादन उपकरण से बजाया जाता है ।
१०. रोल्मों अथवा बुग्झल—झांझ ।
११. ड्रमज़न (या) कौपो—रबाब जैसा तार वाद्य ।

दिन के 'छाम' के बाद, सायं 'ज़ोर' (बलि) के लिए फाफरा (अन्न विशेष) का लगभग एक हाथ ऊँचा बनाया गया पिशाच का मुँह शोभा यात्रा के रूप में 'गोन्पा' से बाहर ले जाया जाता है । इस बलि को कांटो की आग पर जलाया जाता है और तब इसके साथ 'छेचु' पर्व संपन्न होता है । फिर रात को 'छाङ' पीकर टोलियों में नृत्य होता है ।

स्पीति का दूसरा प्रसिद्ध सामूहिक नृत्य है—'जैंपड़ो', 'ज़बरो', 'यबरो', जो प्रायः मेलों आदि सार्वजनिक समारोहों तथा विवाह आदि अवसरों पर नाचा जाता है । यह नृत्य अत्यन्त मनोरंजक व विविधता लिए है । आकर्षक वेश-भूषा में सम्मिलित महिला-पुरुष खड़ी समानान्तर पंक्तियों में एक-दूसरे के बीच खड़े हो जाते हैं । फिर इस नृत्य के अनुरूप गीत गाया जाता है । दामन, ज्ञालिङ आदि वाद्य बजते हैं और इनकी लय पर नृत्य किया जाता है—नृत्य मध्य द्रुत लय में नाचा जाता है । इस नृत्य में गीत की लय पर नर्तक युग्मों का समांग विविध व आकर्षक अंग-संचालन, मनोरंजक कृत्य व मुद्राएँ देखते ही बनती हैं ।

तीसरा सामूहिक नृत्य नाटी जैसा ही है, जिसमें महिला-पुरुष, अलग-अलग अथवा एक दूसरे के बीच भी' हाथ पकड़कर, माला में बंधकर, गोल दायरे में पग-संचालन के निश्चित क्रम के साथ, तथा अन्य एक जैसी मुद्राओं के साथ बाएँ से दाएँ नाचते हैं । इस नृत्य को 'शोन्' कहा जाता है । नृत्य के साथ यथोचित गीत गया जाता है तथा लय के लिए लोक वाद्य भी बजाते हैं । नृत्य की लय मध्य-द्रुत रहती है ।

लाहुल-स्पीति में 'नङरा' नामक नाच भी नाचा जाता है । इसे केवल पुरुष ही नाचते हैं। 'नङरा' के साथ गीत-विशेष गाए जाते हैं। ये प्रायः भक्ति रस के गीत होते हैं। यह नृत्य गोल दायरे में नाचा जाता है। नर्तक मुँह अन्दर की ओर किए होते हैं। नृत्य में पग संचालन का एक निश्चित क्रम होता है। गीत समाप्त होने पर नर्तक चारों ओर घूमकर नाचते हैं। मुद्रा सबकी एक जैसी होती हैं। नर्तकों के पहरावे विशेष में इनके गले की चादर होती है ।

बाद में, जब इस नृत्य की लय बढ़ती है, चंचल हो जाती है, तो मुद्राओं में, अंग संचालन में परिवर्तन के साथ, यह एक अन्य नृत्य बन जाता है, जिसे 'बलतीरा' कहते हैं ।

लाहुल के एक नृत्य में, महिलाएँ, स्याह-मखमली एक विशेष वेषभूषा में एक-दूसरे के पीछे पंक्तिबद्ध, अपने से आगे की महिला के कन्धों पर हाथ रखे, एक निश्चित क्रम से पग संचालन कर गाती हुई आगे बढ़ती जाती हैं। इसे 'पँगवाली नाच' कहा जाता है । त्योहारों व अन्य पर्वों पर 'शाबू' नामक नृत्य नाचा जाता है।

मण्डी के कुल्लू से लगते भागों में कुल्लू की ही तरह के नृत्य 'नाटियाँ' तथा महासू के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

साथ लगते भागों में, महासूई नृत्य-नाटियाँ, नाचे जाते हैं इसके अतिरिक्त मण्डी में भरमौर (चम्बा) के 'डंगी' नृत्य से मिलता-जुलता नृत्य नाचा जाता है, जिसका स्थानीय नाम है 'लुड्डी'। 'लुड्डी' नृत्य नाच ने को 'लुड्डी पाणा' कहा जाता है। 'लुड्डी' प्रायः महिलाएँ ही नाचती हैं। कभी-कभी पुरुष भी नाच लेते हैं। परन्तु नाटी की तरह दोनों मिलकर नहीं नाचते। 'लुड्डी' में पक्तिबद्ध महिलाएँ 'डंगी' नृत्य की भाँति घेरे में बाएँ से दाएँ स्वतन्त्र नाचती हैं। हाथ ऊपर उठाकर नाचती हुई दाएँ-बाएँ घूमती हैं और धीरे-धीरे घेरे में आगे बढ़ती जाती हैं। घूमने का क्रम प्रायः 'डंगी' नृत्य की तरह होता है और हर बार दाएँ-बाएँ घूमते हुए दो-दो महिलाओं का मुँह आमने-सामने आता रहता है। इस नृत्य में समरूपता होती है और यही 'लुड्डी' का सौन्दर्य है। यह नृत्य विवाह आदि अवसरों पर नाचा जाता है।

'लुड्डी' में सम्मिलित होने वाली महिलाओं का पहरावा प्रायः विशेष होता है। विशेष-पहरावा है—

१. पुसाजड़ू—लम्बा बड़े घेरे वाला चोला।
२. स्थानीय परम्परा के अनुसार सिर पर कहीं रंगीन धाटू, कहीं दुपट्टा।
३. पांव प्रायः नंगे।
४. और अनेक आकर्षक आभूषण,

जैसे—

१. सिर पर सोने अथवा चाँदी के चक। प्रायः एक कई बार दो-तीन भी।
२. गले में चाँदी का हार।
३. कानों में सोने के 'बालू' और कान के बाहरी किनारे में पिरोई चाँदी की डंडियाँ।
४. नाक में सोने के 'बेसर', 'बुलाक', 'लौंग', 'बालू'।
५. माथे पर चाँदी अथवा सोने की 'टीक'।
६. बहों में चाँदी के कंगन।
७. अंगुलियों में 'मूंदडी' 'छाप' सोने अथवा चाँदी की।
८. पाँव में चाँदी की 'पाजेबें'।
९. पाँव की अंगुलियों में चाँदी के 'फूल'।

नृत्य वाद्य-वादन की लय पर किया जाता है। प्रयुक्त होने वाले वाद्य हैं—

१. ढोल
२. नगारा
३. पींपी (शहनाई)

तथा कहीं-कहीं, रणसिंगा, गुझू आदि वाद्य भी।

इसके अतिरिक्त मण्डी में विवाह, पुत्र जन्म तथा अन्य समारोहों पर 'गिद्धा' भी नाचा जाता है।

निचले महासू क्षेत्र और सोलन के, ऊपरी महासू तथा सिरमौर के साथ लगते भागों में, उन्हीं क्षेत्रों के से नृत्य-नाटियाँ नीचे जाते हैं। दीपावली और उसके बाद कुछ पर्वों पर होने वाले 'बरलाज' के आयोजन का तृतीय भाग 'छोकड़ा' नृत्य के साथ गाया जाता है।

ये नृत्य दो-दो के 'युग्मों' में होता है। 'बरलाज' गाने वाले चार मुख्य कलाकारों के दो युग्मों के अतिरिक्त श्रोताओं में से भी उठकर लोग (पुरुष) दो-दो के युग्मों में मुख्य कलाकारों

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के साथ नाचते हैं। नर्तक युग्म एक हाथ से (प्रायः बाएँ हाथ से) एक-दूसरे का कोट आदि वस्त्र सामने से थामकर आमने-सामने दाएँ-हाथ में 'रुमाल' 'झाड़न'-'परना' गुलबन्द अथवा लाठी लेकर इसे नाचते हुए, ढोल की लय पर मुक्त पग-संचालन के साथ नृत्य करते हुए बीच में जली आग के चारों ओर चक्कर काटते हैं या एक-दूसरे के कन्धों पर हाथ रखकर मुक्त हाथों को नचाते हुए तथा स्वतन्त्र अंग-संचालन कर नाचते हुए, ये नर्तक-युग्म एक-दूसरे के पीछे, पंक्तिबद्ध होकर बीच में जली आग के चारों ओर गोल घेरे में आगे बढ़ते हैं। इसमें मुख्य गायक कलाकारों की तो विशेष वेश-भूषा होती है, परन्तु श्रोताओं में से सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों की अलल-अलग सामान्य वेश-भूषा होती है। मुख्य गायक कलाकारों ने बंद गले का ऊनी कोट, चूड़ीदार पायजामा, तथा पगड़ी पहनी होती है। इनके हाथ में लम्बी बल्लम भी होती है। नृत्य, गीत की लय पर होता है। 'छोकड़ा' गीत भाग, मध्य लय में गाना प्रारम्भ किया जाता है। इसी लय में नर्तक-युग्म नाचते भी हैं। फिर धीरे-धीरे लय बढ़ती जाती है और पर्याप्त द्रुत हो जाती है। नृत्य की लय भी साथ-साथ बढ़ती जाती है और द्रुत हो जाती है। 'गीत' भाग सम्पन्न होने पर नृत्य भी थम जाता है।

लय के लिए ढोल, नगारा बजता है, तथा बीच-बीच में रणसिंगा, करनाल आदि लोक वाद्य भी बजाए जाते हैं।

इन क्षेत्रों में इसके अतिरिक्त विवाह आदि अवसरों तथा अन्य मेलों-उत्सवों पर 'गिद्धा' भी नाचा जाता है।

ऊँचे क्षेत्रों को छोड़कर (जहाँ के लोक नृत्य साथ लगते अन्य क्षेत्रों जैसे ही हैं) कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, नालागढ़ तथा अन्य क्षेत्रों के निचले भागों का 'गिद्धा' ही लोकप्रिय नृत्य है, जिसे हर्षोल्लास के अवसर पर नाचा जाता है। नाम-भेद तथा कतिपय प्रस्तुतीकरण-भेद का छोड़कर इसका रूप हर स्थान पर प्रायः एक सा ही दृष्टिगोचर होताहै।

'गिद्धा' वस्तुतः महिलाओं का नृत्य है। विवाह आदि उत्सवों पर प्रायः महिलाएँ ही यह नाच नाचती हैं, परन्तु मेलों, जातरों आदि सार्वजनिक समारोहों पर विशेष वर्गीय महिलाएँ तथा पुरुष भी नाचते हैं। विवाह, पुत्र जन्म आदि अवसरों पर बहुधा पुरुषों को विनोद के लिए भी गिद्धे में नचा दिया जाता है।

इस नृत्य में प्रायः एक या दो व्यक्ति नाचते हैं। नृत्यकार महिला अथवा पुरुष सामान्य पहरावे अथवा उत्सव के अनुरूप वेष-भूषा में होते हैं। नृत्य करने के लिए, महिला, अपना दुपट्टा, गाची की तरह कमर में बाँधकर (सामान्य ढंग से अथवा कंधे पर से लाकर) हाथ में रुमाल ले लेती हैं। पुरुष नर्तक भी अपना 'परना' अथवा 'गुलबंद' गाची बना कर कमर में बाँध लेते हैं और हाथ में रुमाल लेकर नाचते हैं। कुछ मनचले पुरुष-नर्तक गले में रुमाल बांधकर तथा दोनों हाथों में रुमाल लेकर नाचते हैं। प्रायः नर्तक नंगे पाँव नाचते हैं।

नृत्य के लिए बहुधा गोल घेरा बना लिया जाता है, जिसमें गिद्धा' गाने वाले व दर्शक बैठ जाते हैं। सार्वजनिक समारोहों पर दर्शक गोल घेरे में खड़े भी हो जाते हैं। कभी-कभी गोल घेरे में बैठे हुए गायकों व दर्शकों के पीछे भी अन्य दर्शक गोल दायरे में खड़े हो जाते हैं। घेरे के बीच नर्तक स्वतन्त्र अंग-संचालन कर नाचता है।

'गिद्धा' गीत के साथ नाचा जाता है। इस नृत्य के साथ गाया जाने वाला गीत प्रकार

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशेष होता है, जिसकी स्वर तथा लय-संरचना नृत्य अनुरूप होती है। नृत्य, मध्य-द्रुत लय में नाचा जाता है।

नृत्य शुरू करने से पहले प्रायः नर्तक खड़ा होकर गीत अंतरे की एक पंक्ति मुक्त-लय में गाता है। यह कृत्य 'वोली-पाणा' कहा जाता है। फिर नर्तक, गीत स्थाई की पंक्ति गाकर उपयुक्त सम स्थान से नाचना शुरू कर देता है। इसी के साथ वाद्य-वादन तथा तालियाँ भी आरम्भ हो जाती है। गीत चरण की ये दूसरी पंक्ति बैठे हुए गायक-दर्शक अनेक बार दोहराते हैं और नर्तक, वाद्य तथा तालियों की लय पर नाचता है। फिर नर्तक गीत के दूसरे चरण की पहली पंक्ति पूर्ववत मुक्त लय में गाता है और दूसरी पक्ति को पहले की तरह ही गाकर सम स्थान से नाचना आरम्भ कर देता है। इस प्रकार का यह नृत्य आयोजन लम्बी अवधि तक चलता है। नृत्य के लिए एक से अधिक 'गिद्धे' भी गाए जाते हैं। नृत्य की अवधि निश्चित नहीं होती।

घर के अंदर नाचे जाने वाले गिद्धे में प्रायः बैठी हुई गायक-दर्शक दक्ष महिलाएँ ही गीत आरम्भ करती हैं और फिर बैठी हुई मण्डली गीत गाती है। नाचने वाली महिलाएँ, गीत लय पर केवल नाचती हैं। घर के अंदर नाचे जाने वाले गिद्धे में लय के लिए बहुधा तालियाँ ही बजाई जाती हैं। कई बार ढोलकी अथवा थाली अथवा घड़ा भी बजाया जाता है। मेलों आदि सार्वजनिक समारोहों पर कई बार पुरुष व महिला मण्डलियों में स्पर्धात्मक 'गिद्धे' भी नाचे जाते हैं। इन अवसरों पर भी लय के लिए बहुधा तालियाँ ही गीत लय पर बजती हैं। कई बार ढोलकी भी होती है। लय-संरचना प्रायः चार मात्रिक लय खण्डीय (कहरवा जैसी) होती है।

विवाह आदि अवसरों पर घर से बाहर के नृत्य में लय के लिए प्रायः वाद्य भी होते हैं। वाद्य प्रायः ढोलकी होती है, जिसे वादक गोल घेरे में एक ओर खड़ा होकर अथवा बैठ कर बजाता है। कई बार शहनाई भी बजती है, जो गीत की धुन ही बजाती है। ऐसे अवसरों पर विनोद के लिए नचाए गए परिवार के पुरुष वर्ग के सिर पर से कुछ पैसे भी घुमा कर वर्ग विशेष के नर्तक अथवा वादक को दिए जाते हैं, जिसे स्थानीय भाषा में 'वारंडा' आदि कहा जाता है।

नृत्य में महिलाओं का सामान्य पहरावा होता है :—

१. सलवार अथवा चूड़ीदार पाजामा (सुत्थण)
२. घुटनों तक लम्बा कुरता (कमीज़)
३. दुपट्टा (चादरू)

यह पहरावा प्रायः सूती होता है।

इन्होंने सामान्य आभूषण पहने हुए होते हैं। जैसे—

१. नाक में 'तीली' 'कोका'।
२. कोनों में 'काँटे', 'फुलियाँ'।
३. गले में 'हार' 'जंजीर'।
४. अंगुलियों में अंगूठी (गुठ्ठी, छाप)।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

५. हाथों में चूड़ियाँ (बंगां)।

ये आभूषण, सोने अथवा चाँदी के होते हैं। चूड़ियाँ बहुधा काँच की होती हैं। इनके अतिरिक्त पाँव में चाँदी की 'जंजीर' तथा पाँव की अंगुलियों में चाँदी की 'सूती' (आभूषण विशेष) भी पहनी होती हैं।

वैसे महिलाओं की वेषभूषा में 'रीढ़ा' (गोटा-किनारी लगा विशेष बहुमूल्य दुपट्टा), 'पुसाज', बास्केट (जाकेट), आदि वस्त्र, तथा आभूषणों में 'पाजेबें', 'झांझरे', 'गजरे', 'कंगन', परम्परागत हार, 'कंठी', 'लौकट', 'नत्थ', 'बुलाक', 'लौंग', 'मुर्की', 'बालियाँ', 'डंडियाँ, 'टीक', 'चक' आदि हर स्थान पर पहने जाने वाले गहने भी पहने जाते हैं, कुछ सामान्यतया, कुछ अवसर विशेष पर।

पुरुषों का सामान्य पहरावा होता है :—

१. कुरता (कमीज़, झग्गू) घुटनों से ऊपर जाँघ के प्राय: मध्य भाग तक लम्बा।
२. पाजामा, चूड़ीदार अथवा तंग मुहरी का आसन वाला (सूथणू)।
३. टोपी (गोल अथवा किश्तीदार) अथवा पगड़ी (साफा)
४. पाँव में स्थानीय जूता अथवा बूट।
५. कंधे पर सूती, ऊनी अथवा पशमीनी चादर या सूती परना।

पुरुष वर्ग कानों में सोने की बालियाँ अथवा फुल्लियाँ तथा हाथों में सोने अथवा चाँदी की 'छाप' पहनता है।

वैसे पुरुषों के पहरावे में 'धोती', 'पड़तणी', 'बास्केट', 'कोट', आदि वस्त्र तथा आभूषणों में 'नाम' (काले धागों की डोर में पिरोया सोने का छोटा सा आभूषण विशेष जिसे गले में पहना जाता है) भी पहने जाते हैं।

इन क्षेत्रों के लोक वाद्य भी प्राय: वही हैं :—

१. शहनाई (पींपी, नपीरी)।
२. ढोल (ढोलकी)।
३. नगारा (नगाड़ा)। मेलों के अवसर पर बड़े आकार का, जिसे 'टम्मक' कहते हैं।
४. रणसिंगा (नरसिंगा)।
५. करनाल।
६. झांझ।
७. मंजीरा-इकतारा।
८. बाँसुरी (बंसरी)।
९. डमरू (डौरू)।
१०. छैणे ताशा, चिमटा, खरताल, खंजरी, आदि।
११. डफ (डफली)।

नृत्य हेतु पंक्तिबद्ध होने, माला में बंधने के कई ढंग हैं जैसे :—

१. बाएँ व्यक्ति के दाएँ हाथ को बाएँ हाथ से और दाएँ व्यक्ति के बाएँ हाथ को दाएँ हाथ से थामना।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

२. बाएँ व्यक्ति के बाएँ हाथ को दाएँ हाथ से और दाएँ व्यक्ति के दाएँ हाथ को बाएं हाथ से थामना ।

३. बाएँ, तीसरे व्यक्ति के दाएँ हाथ को (जो दूसरे व्यक्ति के बाएँ बाजू के नीचे से आया है) दूसरे व्यक्ति के दाएँ बाजू के ऊपर से ले जाते हुए, बाएँ हाथ से थामना और दाएँ, तीसरे व्यक्ति के बाएँ हाथ को (जो दूसरे व्यक्ति के दाएँ बाजू के ऊपर से आया है) दूसरे व्यक्ति के बाएँ बाजू के नीचे से ले जाते हुए, दाएँ हाथ थामना ।

४. बाएँ, तीसरे व्यक्ति के दाएँ हाथ को (जो दूसरे व्यक्ति के बाएँ बाजू के नीचे से आया है) दूसरे व्यक्ति के दाएँ बाजू के नीचे से ले जाते हुए, बाएँ हाथ से थामना और दाएँ, तीसरे व्यक्ति के बाएँ हाथ को (जो दूसरे व्यक्ति के दाएँ बाजू के ऊपर से आया है) दूसरे व्यक्ति के बाएँ बाजू के ऊपर से ले जाते हुए, दाएँ हाथ से थामना, आदि ।

नृत्य में पग-संचालन, अन्य अंग-प्रत्यंग मुद्राओं के भी अनेक आकर्षक प्रकार है, जो देखते ही बनते हैं ।

लोक-वाद्य व ताल

हिमाचल प्रदेश के लोक-वाद्यों में तत्, सुषिर, अबनद्ध तथा घन सभी प्रकार के वाद्य हैं । कुछ विशेष वाद्यों को छोड़कर शेष लोक-वाद्य प्रदेश भर में एक जैसे ही हैं ।

विशेष वाद्यों में :—

१. 'गुझू' (डमरू की तरह का वाद्य) ऊपरी महासू तथा साथ लगते मण्डी क्षेत्र में ।
२. 'काह्वली' (करनाल का सा तंग मुँह वाला वाद्य) ।
३. 'डकोली' (डमरू जैसा) 'गुझू' से छोटा ।
४. 'कंसाल'—ऊपरी महासू क्षेत्र में ।
५. 'बान'—किन्नौर में (थाली के से वाद्य) ।
६. 'हुलंक'—(डमरू जैसा, परन्तु डमरू से बड़ा) सिरमौर में ।
७. 'पवन'—(डमरू जैसा पर आकार में बड़ा, बीच का पतला भाग लम्बा) लाहुल में ।
८. 'दामाना'—(नगारे का छोटा रूप) कुल्लू, महासू, सिरमौर में ।
६. काली-बुखरी—(करनाल जैसे वाद्य) किन्नौर में । 'काह्वली' के से आकार के । 'काली' छोटा व 'बुखरी' बड़ा वाद्य ।
१०. 'ज्ञालिङ'—(लम्बी शहनाई जैसा वाद्य) ।
११. 'दुङ'—(करनाल के से दो लम्बे वाद्य) ।
१२. 'चिचि'—धनुष आकार के गज से बजने वाला 'गोवो' सा तार वाद्य) ।
१३. 'ङा'—(लटकाया हुआ, गोलाकार धातु-वाद्य) ।
१४. 'दरू'—(डमरू विशेष) ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

. CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१५. 'ड्रमञन'-'गोबो'—('रबाब' का सा तार वाद्य जिसे तारें छेड़कर बजाया जाता है।) लाहुल के प्राय: केलंग के ऊपर-ऊपर, स्पीति में तथा साथ लगते किन्नौर के क्षेत्र में।

१६. 'रबान'—रबाब की तरह का, परन्तु कुछ छोटा तार वाद्य, जिसे 'मुसादा' भी कह देते हैं, चम्बा में।

'टम्मक'—प्रदेश के निचले इलाक़ो में।

शेष लोक-वाद्य नाम-भेद प्रयोग-भेद, (स्थान, अवसर व परिमाण) से समस्त प्रदेश में बजाए जाते हैं। ये वाद्य हैं :—

१. ढोल
२. नगारा
३. ताशा
४. झाँझ
५. मजीरा
६. छैणा
७. रणसिंगा
८. डफली
९. करनाल
१०. खंज़री
११. बाँसुरी
१२. शंख-घंटी, घड़याल।
१३. शहनाई,
१४. इकतारा
१५. करताल
१६. चिमटा
१७. थाली
१८. घड़ा

वर्ग-विशेष सारंगी भी बजाता है।

लोक वाद्यों के स्थानीय नाम लोक नृत्य प्रकरण में दिए गए हैं। गीत-नृत्य के साथ की लय-संरचना व उसकी बोल-बाँट-रूपरेखा गीत प्रकरण में गीत स्वर संरचना के अंतर्गत दी गई है। इसके अतिरिक्त विवाह, पुत्र जन्म, मेलों, जातरा आदि अवसरों तथा देवस्थलों पर वर्ग-विशेष द्वारा बजाई जाने वाली धुनें बहुधा शास्त्र सम्मत रागों में होती है और इनकी स्वर व लय-संरचना अवसर के अनुकूल होती है। लय-संरचना, नाम तथा बोल-बाँट भेद के साथ शास्त्र सम्मत तालों से मिलती जुलती है। वर्ग-विशेषीय कुछ ताल तथा उनकी बोल बाँट यहाँ दी जा रही हैं।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

१. वधाई ताल (२८ मात्रा)

(नगारे की वधाई)

झां ऽ घीना तां ऽत णना तां | तांऽऽकड़ तिगनता द्रिगधिना
× | ०

ऽगिनाऽ धाऽणधा गिनधाऽ णधागिन | तिगनता द्रिगधिना
| ३

ऽगिनाऽ धाऽणधा ऽणधाऽ णधांऽऽ गिनाऽण | झांऽऽकड़
| ४

तनाऽतां ऽगझांऽ गेनांऽकड़ तनाऽतां ऽगझांऽ गेनाऽकड़ |

झां······

(ढोल की वधाई)

झां ऽधा गिना तां ऽत णना ता | ता धिंऽनधा त्रिकिटधिंऽ
× | २

नधात्रिकिट झां,कड़ धिंधा नझां | तागिनता त्रिकिटधिंऽ
| ३

नधात्रिकिट झां,कड़ धिंधा नधा गिना | झां ताऽणना
| ४

त्रिकिटधाऽ गेनांऽ,कड़ ताऽणना त्रिकिटधाऽ गेनांऽ,कड़ | झां......

कहीं-कहीं लय को बहुत विल्म्बित कर, एक मात्रा को दो मात्रा काल में निभाते हुए बधाई '५६' मात्रा की भी मानी जाती है।

सारा ठेका (१६ मात्रा) [वधांई के बाद वजाया जाने वाला]

ऽ तणाऽ ऽ,कड़ तणाऽ | ऽऽ तड़ाघेनां ऽगतड़ा घेनांऽग |
० | ३

झां धागें ऽ,गड़धा गें,गड़ | झां धागें ऽगड़धा गेनांऽग |
× | २

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

झां तणना ऽ त्रिकिट तणा ऽ | ऽ ऽकड़ तड़ा घें ऽकड़ धाण
० | ३

गेनां ऽकड़ | झां धा गेंन ऽ गड़ धा गेंन ऽगड़ | झां धागें
| × | २

ऽगड़धा तणां ऽग | झां ना तां ऽन णा ता तणा ऽ |
| ०

ना धागें ऽगड़धा तणां ऽग | झां……
३ | ×

[वधाई ताल देवस्थलों पर व मंगल कार्यों के आरम्भ में बजाया जाता है। इसके साथ शहनाई पर एक धुन विशेष बजती है।]

३. अद्धा ठेका : (८ मात्रा)

धण | धण नाटी | तण नाटी | धण | नझां तिरकिट
× | २ | ० | ३ | ४

४. दादरा : (६ मात्रा)

झां तिरकिट झांना झांना | तां तिरकिट झांना झांना
× | ०

५. देवते को धूप देने के वक्त का ताल : (८ मात्रा)

झण | झांझां गिना | तागे ना तिरकिट | धण | धा धण
× | २ | ० | ३ | ४

धांधां | गिना गिना | तिरकिट धां धां | तिरकिट | धांधां गिनः

धण | धाधा गिना | तागे ना तिरकिट | धण | धा गिन

झांझां | गिना गिना | तिरकिट झांझां | तिरकिट | झांझां नझां
× | २ | ० | ३ | ४

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

६. आरती (८ मात्रा)

नाऽतणा ऽधिंऽगड़ झांऽनाऽ तणाऽगड़
०
झांऽऽना ऽऽधिंऽ ऽननाऽ ताऽऽ कड़
×
तांऽतांऽ धिंऽनझा ऽऽधाऽ गेनांऽग
०

७. मुकलावा (१६ मात्रा) [विवाह अवसर पर विदाई के समय]

तणा ऽत णाता | तेघे नां ऽग धिन धिन |
० ३
झां ऽऽ ऽत्रिकिट | झां नण झां ना |
× २

८. लांवां (७ मात्र) [विवाह अवसर पर सप्तपदी के समय]

तण नाति नाति | घिन नधा | घिन धाधा |
तण ताण ऽता तण | झांन णधा | घिन ना
तण नाटी नाटी | घिन नधा | घिन धाधा |
तण नाटी ना,कड़ | झांन णधा | घिन नाटी |
× २ ३

[चैत्र मास में महीने के गीत के साथ भी यही ताल बजता है।]

९. बारात (४ मात्रा) [विवाह अवसर पर बारात चढ़ने के समय]

(*नगारे की बारात*)

तणा नाना नाना नाना नाना नाना घिनां ऽगड़ |

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

धि धि धि धि धि ऽ तड़ा घे |

ऽ ऽ तना ऽकड़ तना धाण नधा णना |

झां त्रिकिट तना ऽकड़ तना धाण नधा णना |

झां त्रिकिट तना ऽकड़ तना धाण नाधा णना | झां…
× ० ×

(ढोल की बारात)

टांयं टांयं टांयं टांयं | झांग धागे ना झांग
० ×

टांय टांयं टांयं त्रिकिट | झां धागे ना झां
० ×

१०. ढोल

० ×
तण नाटि तण नाटि तागे नागे झण झण | तागे नागे झण नाटि

०
ताग नाके झण नाटि | तण नाटि तण नाटि तागे नाके झण झण |

× •
तागे नाके झण झण तागे नाके झण झण | तण नाटि तण नाटि

तागे नाके झण झण |

नगारा

ऽ तणा ऽकड़ तणा ऽ तड़ा घें गड़ धागे नांऽ गड़ |
०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

झां धागें ऽगड़ धा गेंऽ गड़ झां तागें ऽगड़धा गेंऽ गड़

×

झां तण नाटि तण नाटि धागें ऽगड़ धा गे नां ऽग |

०

झां धागें ऽगड़धा गें ऽगड़ झां तागें ऽगड़ धा गें ऽगड़

×

झां तण नाटि तण नाटि धागें ऽगड़धा गेनां ऽग |

०

झां धागें ऽगड़धा गें ऽगड़ झां तागें ऽगड़ धा तनां ऽगड़

×

झां तण नाटि तण नाटि धागें ऽगड़ धा गेनां ऽगड़ | झां·····

० ×

११. जब देवता कोठी से निकलता है, तब का ताल (८ मात्रा)

तां,क तिना गिना धिना | धां,क नाना धिना तिरकिट

० ×

१२. करयाला : (७ मात्र)

धां तेगे नाना धां ऽ,कड़ धि धिना

तां गेना ऽन धां तिरकिट धिन गिन

धां ता गिन ता धिन ता ता

ता गिन ना ना गिन गिन ता

ता गिन ता धिन नता धिन तागे |

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तक तता तिरकिट धागेन ऽगेन धिन तागे

तक तता त्रिकिट धागें ऽन ऽगेन धिन तागे

तक तता त्रिकिट धागेन ऽगेन धिन तागे
× २ ३

१३. लुड्डी : (२ मात्रा) [करयाले में स्वांग (साह्ब आदि का) के साथ]

धा, धा गेना धा, धा गेना | धा, धा गेना धा, धा तिरकिट

तां, ता गेना तां, ता गेना | तां, ता गेना तां, ता नरकट
× ×

१४. निरतकारी (करयाले में बजने वाला) : [८ मात्रा]

तां, ता गेना धिना तां ण | ताण तागे ताता गिना

तां, ता गेना धिना तां त्रिकिट | ताण तागे ताता गिना
× ०

१५. गुडाई : (२ मात्रा) [खेतों में निराई-गोडाई के साथ का]

तां, ता गेना | तां, ता गेना | तां, ता गेना | तां, ता गेना

तां, ता गेना | तां, ता गेना | तां, ता गेना | तां, ता गेत्रिकिट
× × × ×

१६. जंग : (२ मात्रा)

[शादी खत्म होने पर, बारात डेरे में पहुंचने पर, बारात के वापिस घर आने पर, बारात जब बीच रास्ते में हो तब, तथा देवते के खेलने के समय बजने वाला]

धि नाटि | धि नाटि | धि नाटि | धि नाटि
× × × ×

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यह वर्ग विशेष नगारे के बोलों में 'धा' के लिए 'झां', तथा ढोलक में 'धा' के लिए 'तां', व 'ना' के लिए 'णा' और 'ते, ति' के लिए 'टि' की संज्ञा देता है।

भविष्य

हिमाचल का लोक कलाकार सामयिक व तत्संबन्धित सांगीतिक अभिव्यक्ति में जिस प्रकार सजग रहा है और सजग है, उसी प्रकार भविष्य में भी वह पूर्णतया सजग रहेगा, इसमें कतिपय संदेह नहीं। लोक संगीत रचना-क्रम, जिस प्रकार निरन्तर अविराम रहा है और है, उसी प्रकार भविष्य में भी बना रहेगा, यह निश्चित-प्राय है, लेकिन लोक रचयिता की यह सांगीतिक अभिव्यक्ति स्वाभाविक, सरल व उन्मुक्त ही रहे, वर्तमान तथाकथित सभ्यता व विकास के प्रसार के संदर्भ में यह अवश्य ही विचारणीय विषय है।

यातायात के बढ़ते व सुधरते साधनों की कृपा से, भौतिक विकास की अनेक उपलब्धियाँ, दूर-पार के, अब तक अछूते, अप्रभावित ग्राम्य जीवन में प्रवेश पा रही हैं, लोक मानस पर जिनकी दमक का प्रभाव अनिवार्य है। भौतिक विकास की इन उपब्धियों में, लोक संगीत रचयिता को सीधे प्रभावित करता है—रेडियो व सिनेमा।

जगह-जगह हाट-हाट पर रेडियो की उच्चध्वनि, बल्कि अधिकाधिक व्यापकता के लिए ऊँचे-ऊँचे लटके भोंपू, दूर-पास अपने काम में व्यस्त लोक कलाकार की उन्मुक्त, सरल, स्वाभाविक सांगीतिक अभिव्यक्ति में बिघ्न पैदा किए बिना नहीं रहते। सिनेमा व सिनेसंगीत का लावण्य, चकाचौंध भी लोकमानस पर अपनी अमिट छाप छोड़ती है।

आस-पास की इस सांगीतिक चकाचौंध के कारण लोक संगीत रचयिता में संभावित हीनता के दो अवांछित रूप सामने आते हैं। एक रूप में, लोकमानस की सांगीतिक अभिव्यक्ति कुंद हो जाती है, बल्कि बहुधा बुझ जाती है। दूसरे रूप में लोकमानस की सांगीतिक अभिव्यक्ति भ्रष्ठ हो जाती है, स्वाभाविक, सरल व उन्मुक्त नहीं रहती। लोक कलाकारों में जो अधिक संकोची व सवेदनशील होते हैं, उनकी प्रतिभा तो धीरे-धीरे बुझ सकती है। लेकिन जो संकोची व अधिक सवेदनशील नहीं होते, जो समय के साथ, चल निकलते है, उनकी सांगीतिक अभिव्यक्ति में रेडियो व सिने-सगीत की घुसपैठ रहती है। इस प्रकार लोक मानस की सरल, स्वाभाविक, और उन्मुक्त सांगीतिक अभिव्यक्ति लुप्त हो सकती है।

लोकमानस की सांगीतिक, सरल, स्वाभाविक व उन्मुक्त अभिव्यक्ति में एक अन्य बाधा हो सकती है, मंच प्रदर्शन। निजी व सरकारी स्तर पर होने वाले लोक संगीत आयोजनों में, आधुनिकता, कर्णप्रियता तथा जनता जनार्दन की पसंद के नाम पर, आयोजक व तथाकथित विषय-विज्ञ, कुछ ऐसे अवांछित प्रयोग कर सकते हैं, जिनसे लोक कलाकार के उन्मुक्त, सरल, स्वाभाविक रचयिता को घुटन का अनुभव हो, और वह कुंद हो जाए या दिशा भ्रष्ट हो जाए। आधुनिकता के संदर्भ में, लोक-संगीत में कुछ नए वाद्यों का प्रचलन, तथा प्रस्तुतिकरण के कुछ नए प्रयोग, किसी सीमा तक ही रुचिकर हो सकते हैं अथवा इनसे विकृति ही आएगी।

इसी ओर एक अन्य बाधा उपस्थित हो सकती है, उस तथाकथित शिक्षित वर्ग द्वारा, जिसमें योग्यता के स्थान पर दम्भ का बोलबाला है। यह तथाकथित शिक्षित वर्ग अपनी आधुनिक वेशभूषा, साजसज्जा, व वाचालता से सरल, सौम्य, धर्मभीरू, संकोची तथा चमक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दमक व दम्भ से अछूते लोकमानस को इस प्रकार अवांछनीय ढंग से प्रभावित कर सकता है कि या तो लोक कलाकार हतोत्साहित हो जाए, या इस वर्ग के संकेतों पर चल कर दिशा-भ्रष्ट हो जाए। पूर्णतया विषय अनभिज्ञ होने पर भी यह तथाकथित शिक्षित वर्ग अपनी वाक-पटुता, दम्भ तथा आरोपित बड़प्पन से निश्छल लोक कलाकार के सरल-स्वाभाविक, संगीत रचयिता को भ्रष्ट करने या उसे हतोत्साहित करने में सक्षम है, इसमें कोई संदेह नहीं। निजी व सरकारी संबंधित संस्थाओं में विषय ज्ञान शून्य अधिकारियों, संस्थापकों, संचालकों व अध्यक्षों से इसी अवांछित प्रवृत्ति तथा इसी तथाकथित शिक्षित वर्ग को प्रोत्साहन मिल सकता है, जिसमें, लोक संगीत का, हर प्रकार से अहित ही निहित है।

लोक संगीत का प्रवाह निर्बाध सरल, स्वाभाविक व उन्मुक्त रहे, इसके लिए यह अत्यावश्यक है कि रेडियो व सिने-संगीत के लावण्य व चकाचौंध को निश्छल, सरल लोक संगीत रचयिता में विघ्न पैदा करने या उसे हतोत्साहित करने के अवसर न दिए जाएँ। ये तथा अन्य आधुनिक साधन व संबंधित संस्थाएँ, लोक संगीत के वास्तविक मूल रूप को महत्व दें, इसे प्रदर्शित करें और इसके संरक्षण के हर संभव प्रयास करें। संबंधित संस्थाओं में सच्चे विद्वान, विषय ज्ञान सम्पन्न, मननशील, अधिकारी व्यक्ति उच्च पदासीन हों तभी संभव है कि तथाकथित शिक्षित दम्भी वर्ग का दुराग्रह समाप्त हो जाय और लोक कलाकार के संगीत रचयिता व गायक को वास्तविक प्रोत्साहन मिले, जो उसकी सरलता, स्वाभाविकता व उन्मुक्तता को संभाले रखे, उसे सबल-सार्थक बनाए रखे।

पृष्ठ ३६ पर होती गीत में 'दोमण' शब्द के स्थान पर जोबण शब्द पढ़ा जाए।
पृष्ठ १०१ पर 'ब्राह्मणा राबोरू' के स्थान पर ब्राह्मणा रा छोहरू पढ़ा जाए।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi